MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MINISO
Please visit store nearest to you at these locations :
IRRUMMANZIL (L&T MALL)
MOOSARAMBAGH (L&T MALL)
KOMPALLY (TNR PLAZA)

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । सोमवार, 02 मार्च, 2026 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-8 । अंक-60

# ईरान अनाथ

## खामेनेई खत्म, जंग जारी



**तेल अवीव/तेहरान, 01 मार्च (एजेंसियां)।**

इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर लगातार दूसरे दिन हमला किया । इस हमले में ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स) के हेडक्वार्टर को निशाना बनाया गया। हमले के पहले दिन शनिवार को ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। ईरान ने इसकी पुष्टि आज की। इजराइली वायुसेना ने रविवार को बताया कि उसने अमेरिका के साथ मिलकर पिछले 24 घंटे में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। खामेनेई के ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर 30 मिसाइलों से हमला हुआ था। हमले में उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं। खबरों के मुताबिक, अहमदीनेजाद की सुरक्षा में तैनात अंगरक्षक ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के सदस्य थे। तेहरान में जिस इमारत में अहमदीनेजाद और उनकी टीम मौजूद थी, उस पर इजरायली वायु सेना ने हमला किया, जिसमें वे मारे गए। यह बताना जरूरी है कि अहमदीनेजाद का आवास तेहरान के उत्तर-पूर्वी नर्मक जिले में स्थित है। इस्लामी हमलों के बाद अहमदीनेजाद के आवास पर हुई तबाही के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। खबरों में दावा किया गया है कि हवाई हमलों में दो छात्र भी मारे गए। ▶10 पर

## यूएई में ईरानी धमाके



ईरान ने हमले के दूसरे दिन संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह और दुबई शहरों को बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया। हमलों के बाद शारजाह में कई स्थानों पर धुएं के गुबार उठते देखे गए, जबकि दुबई में भी दिनभर विस्फोटों की आवाजें सुनाई देती रहीं।

रिपोर्टों के अनुसार शारजाह में एक शॉपिंग मॉल पर ईरानी शाहेद ड्रोन का मलबा गिरा, जिससे भवन को भारी नुकसान पहुंचा। एक बड़े गोदाम (स्टोरहाउस) को भी ड्रोन हमले में क्षति हुई है। दुबई में स्थित जेबेल अली पोर्ट में आग लगने की सूचना है। इसके अतिरिक्त पाम जुमेराह क्षेत्र में स्थित फेयरमोंट दी पाम तथा प्रतिष्ठित बुर्ज अल अरब को भी हमलों से नुकसान पहुंचा और आग लगने की खबरें सामने आईं। दुबई में रहने और घूमने आए पर्यटक हमलों से स्तब्ध रह गए। कुछ पर्यटकों ने बताया कि शुरुआत में उन्हें लगा कि पटाखों की आवाज है। ▶10 पर

## पाक आगबबूला

### फायरिंग में 10 मरे - मुनीर टेंशन में



**इस्लामाबाद/कराची, 01 मार्च (एजेंसियां)।**

ईरान में अमेरिकी और इजरायली हमलों तथा ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत की खबर के बाद पाकिस्तान के कई शहरों में अमेरिका और इजरायल विरोधी प्रदर्शन हिंसक रूप ले चुके हैं। राजधानी इस्लामाबाद, कराची, लाहौर और मुल्तान में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए।

कराची में प्रदर्शनकारियों की भीड़ अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर एकत्रित हुई। स्थिति तब बिगड़ गई जब कुछ लोग परिसर में घुसने की कोशिश करने लगे। हालात काबू में करने के लिए पुलिस को गोली चलानी पड़ी। रिपोर्टों के अनुसार इस फायरिंग में कम से कम 10 लोगों की मौत हुई और कई अन्य घायल हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका मुर्दाबाद और इजरायल मुर्दाबाद के नारे लगाए। ▶10 पर

## नागपुर में भीषण धमाके में 18 मरे




**नागपुर, 01 मार्च (एजेंसियां)।**

महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार को विस्फोटक पदार्थ बनाने वाली फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना पर दुख जताते हुए बताया कि घायलों को तत्काल नागपुर शिफ्ट कर दिया गया है। महाराष्ट्र सरकार ने पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने घोषणा की कि विस्फोटक फैक्ट्री में जान गंवाने वालों के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। साथ ही संबंधित कंपनी भी मृतकों के परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री फडणवीस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, घटनास्थल पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौजूद हैं। ▶10 पर

# औवेसी की गुहार

## मोदी जी युद्ध रुकवाइए प्लीज

**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अमेरिका-इजरायली मिसाइल हमले में मारे जाने को अमानवीय, अवैध और अनैतिक बताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन करार दिया है।

ओवैसी ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि ईरान और अमेरिका- इजरायल के बीच चल रहे युद्ध को तुरंत समाप्त किया जाना चाहिए। उन्होंने भारत सरकार से तनाव कम करने और शांति बहाली के प्रयासों में रचनात्मक भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार हिंसा के ऐसे अवैध कृत्यों की स्पष्ट और दो-टूक शब्दों में निंदा करेगी। ओवैसी ने इस हमले को कायरतापूर्ण और क्रूर बताते और कहा कि स्कूली बच्चों सहित निर्दोष नागरिकों की हत्या चौंकाने वाली है और यह मानवाधिकारों के पक्ष में खड़े होने का दावा करने वालों के पाखंड को उजागर करती है। उन्होंने चेतावनी दी कि युद्ध जारी रहने से केवल निर्दोष लोगों की जान जाएगी और क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ेगी।


एआईएमआईएम प्रमुख ने दोहराया कि संवाद और कूटनीति ही आगे बढ़ने का एकमात्र व्यवहार्य रास्ता है। इसके साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से शांति बहाल करने के लिये जिम्मेदारी से कार्य करने का आह्वान किया।

### हैदराबाद में विरोध-प्रदर्शन, महिलाएं-बच्चे हुए शामिल



शिया समुदाय के लोगों ने रविवार को अमेरिका और इजरायल के मिले-जुले हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की निंदा करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। ईरान पर शनिवार को हुए हमले में खामेनेई के मारे जाने की पुष्टि होने के बाद पुराने शहर के शिया-बहुल इलाकों में उदासी छा गई। पूरानी हवेली, नूर खान बाजार, दारुलशिफा और दूसरे इलाकों में काले कपड़े पहने पुरुष और महिलाएं खामेनेई की हत्या की निंदा करने के लिए सड़कों पर उतर आए, जिन्हें दुनिया भर में शिया समुदाय का नेता माना जाता था। हाथों में खामेनेई की तस्वीरें लिए पुरुष, महिलाएं और बच्चे सड़कों पर उतरे और हत्या की निंदा करते हुए नारे लगाए। ▶10 पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : 23°
न्यूनतम : 22°

## यूट्यूबर सलीम का हमलावर ढेर




**गाजियाबाद, 01 मार्च (एजेंसियां)।**

लोनी क्षेत्र में यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने मुख्य आर-ोपी जीशान को मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ के दौरान जीशान को दो गोलियां लगीं। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। जीशान अमरोहा का निवासी बताया जा रहा है।

यह मुठभेड़ लोनी इलाके में हुई, जिसके बाद क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। मामले की जांच जारी है। घटना से एक दिन पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमलावरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

शुक्रवार सुबह बाइक सवार दो हमलावर सलीम के कार्यालय में घुसे और उन पर चाकू से गर्दन एवं पेट पर कई वार किए। गंभीर रूप से घायल सलीम को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, बाद में उन्हें दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार उनकी गर्दन की सर्जरी की जा चुकी है और एक अन्य ऑपरेशन प्रस्तावित है। उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। सलीम वास्तिक स्वयं को 'एक्स-मुस्लिम' बताते हैं और सोशल मीडिया मंच पर वीडियो साझा करते हैं। ▶10 पर

## भारत-इंग्लैंड फाइनल

**कोलकाता, 01 मार्च (एजेंसियां) ।**

संजू सैमसन (नाबाद 97) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने रविवार को टी-20 विश्वकप में सुपर आठ के आखिरी मुकाबले में वेस्टइंडीज को चार गेंदें शेष रहत पांच विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। संजू सैमसन को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला इंग्लैंड से होगा।

196 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत के लिए संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 29 रन जोड़े। तीसरे ओवर में अकील हुसैन ने अभिषेक शर्मा (10) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद जेसन होल्डर ने इशान किशन (10) को भी आउटकर पवेलियन भेज दिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव (18), तिलक वर्मा 15 गेंदों में (27) और हार्दिक पंड्या 17 रन बनाकरआउट हुये।

इस दौरान संजू सैमसन एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। भारत ने 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 199 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। संजू सैमसन ने 50 गेंदों में 12 चौके और चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 97 रनों की पारी खेली। शिवम दुबे ने चार गेंदों में नाबाद आठ रन बनाये। ▶10 पर





# एंथ्रोपिक ने किया झुकने से इनकार, ट्रंप ने लगा दिया एआई कंपनी पर बैन

## अमेरिका की दूसरी एआई कंपनी ओपनएआई की हो गई बल्ले-बल्ले

**वाशिंगटन, 01 मार्च (एजेंसियां)।**

अमेरिका में एआई कंपनी एंथ्रोपिक ने अमेरिकी युद्ध विभाग के सामने झुकने से इनकर कर दिया, जिसका खामियाजा अब भुगतना पड़ेगा। डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एंथ्रोपिक का इस्तेमाल सभी संघीय विभागों के लिए बैन कर दिया है। यह फैसला पेंटागन और एंथ्रोपिक के बीच एआई से जुड़े सुरक्षा मानकों को लेकर चल रहे विवाद के कारण लिया गया। ट्रंप ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बताया। वहीं एंथ्रोपिक पर हमला बोलते हुए कहा कि अमेरिका किसी रैडिकल लेफ्ट और वोक कंपनी को अपनी सेना के फैसले नहीं करने देगा। वहीं इस मौके पर अमेरिका की दूसरी एआई कंपनी ओपनएआई की बल्ले-बल्ले हो गई है। एंथ्रोपिक पर बैन होने के कुछ ही घंटे बाद ओपनएआई ने अमेरिकी युद्ध विभाग के साथ समझौता किया। उसने अपने एआई माडल्स को सैन्य नेटवर्क में तैनात करने पर सहमति जताई।


यह पूरा विवाद एंथ्रोपिक कंपनी की तकनीक को लेकर है। पेंटागन चाहता था कि कंपनी अपनी एआई पर लगे कुछ सुरक्षा नियम ढीले कर दे, ताकि अमेरिका की सेना इस तकनीक का ज्यादा खुलकर इस्तेमाल कर सके। इसमें बड़े स्तर पर निगरानी करना और ऐसे हथियार बनाना भी शामिल है जो बिना इंसान के खुद फैसले लेकर हमला कर सकें, लेकिन एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई ने साफ मना कर दिया। उन्होंने कहा कि अभी एआई इतनी भरोसेमंद नहीं है कि उसे बिना इंसान की निगरानी के किसी पर हमला करने या टारगेट तय करने के काम में लगाया जाए। उनका कहना है कि अगर ऐसा किया गया तो गलत फैसले हो सकते हैं और इससे सैनिकों की जान भी खतरे में पड़ सकती है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी का कहना है कि उसकी तकनीक का इस्तेमाल लोगों पर बड़े पैमाने पर नजर रखने या पूरी तरह खुद से चलने वाले हथियार बनाने के लिए नहीं होना चाहिए। उनके मुताबिक यह सही नहीं है और इससे खतरनाक हालात पैदा हो सकते हैं। उन्हें सीधे तौर पर रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने धमकी भरे लहजे में चेतावनी भी दी थी, लेकिन एंथ्रोपिक ने झुकने से साफ इनकार कर दिया। ट्रंप के एंथ्रोपिक पर बैन के बाद हेगसेथ ने ट्रंप को धन्यवाद कहा। साथ ही एक ट्वीट में दावा किया कि एंथ्रोपिक का कदम अमेरिकी मिलिट्री आपरेशन में उसे वीटो पावर देने जैसा था। सरकार का आरोप है कि एंथ्रोपिक सेना के साथ सहयोग नहीं कर रही, जिस कारण अमेरिका की सुरक्षा कमजोर हो सकती है।

रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कंपनी को सप्लाई चेन रिस्क घोषित करने की बात कही। इसका मतलब यह है कि सेना से जुड़े किसी भी ठेके में एंथ्रोपिक की तकनीक का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। अगर ऐसा होता है तो यह पहली बार होगा जब किसी अमेरिकी टेक कंपनी को इस तरह का टैग दिया जाएगा। एंथ्रोपिक ने इस फैसले का विरोध किया है। कंपनी ने कहा कि अगर उसे सप्लाई चेन रिस्क घोषित किया गया तो वह कोर्ट में चुनौती देगी। कंपनी का कहना है कि सरकार का दबाव गलत है और इससे अमेरिका की टेक इंडस्ट्री के लिए खतरनाक मिसाल बनेगी।


## न्यूज ब्रीफ

### मिडिल ईस्ट में गंभीर सैन्य संघर्ष के बीच पाकिस्तान ने रद्द की 156 उड़ानें



**इस्लामाबाद।** मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट) में गंभीर सैन्य संघर्ष और तनाव की स्थिति के बीच पाकिस्तान ने 156 उड़ानें रद्द कर दी हैं। अमेरिका और इजराइल के संयुक्त सैन्य हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत से तनाव और बढ़ गया है। ईरान जवाब में इजराइल और खाड़ी देशों (यूएई, कतर, बहरीन, कुवैत) में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए हैं। दुबई के बुर्ज अल अरब होटल और पाम जुमेराह जैसे इलाकों में भी धमाकों खबरें मिली हैं। दुनिया न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान से मिडिल ईस्ट जाने वाली अलग-अलग एयरलाइंस की कम से कम 156 फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, अल्लामा इकबाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कुल 22 और इस्लामाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 18 इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। इससे बड़ी संख्या में यात्री फंस गए हैं। अधिकारियों ने पुष्टि की कि मुल्तान, सियालकोट, पेशावर और क्वेटा के एयरपोर्ट से मिडिल ईस्ट के देशों के लिए जाने वाली कई फ्लाइट्स भी कैंसिल कर दी गईं। इसके अलावा, जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मिडिल ईस्ट के अलग-अलग शहरों के लिए जाने वाली कई फ्लाइट्स को दिन भर के लिए रोक दिया गया। सुरक्षा कारणों से मिडिल ईस्ट के कई देशों के एयरस्पेस (हवाई क्षेत्र) को बंद कर दिया गया है। एयर इंडिया, इतिहाद और इंडिगो सहित कई वैश्विक एयरलाइंस ने अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने इस स्थिति को अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए गंभीर खतरा बताया है। खाड़ी देशों में तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में भी उछाल आया है। मिडिल ईस्ट में 17 देश हैं, जिनमें मुख्य रूप से सऊदी अरब, ईरान, इजरायल, इराक, तुर्किये, मिस्र और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) प्रमुख हैं।


### यूएई में दूतावास ने नेपाली नागरिकों को सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर आगाह किया



**काठमांडू।** संयुक्त अरब अमीरात में नेपाली दूतावास ने यूएई में विकसित हो रही परिस्थितियों के संदर्भ में वहां निवास कर रहे समस्त नेपाली समुदाय से सोशल मीडिया के माध्यम से अपुष्ट और भ्रामक सामग्री साझा न करने का आग्रह किया है। दूतावास ने एडवाइजरी-2 जारी करते हुए अज्ञात स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं, अफवाहों या आधिकारिक रूप से पुष्टि न की गई सामग्रियों को प्रकाशित या प्रसारित न करने की अपील की है। परामर्श में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म या अन्य तकनीकी माध्यमों से अपुष्ट सामग्री साझा करने से सुरक्षा स्थिति को लेकर भ्रम और अनिश्चितता उत्पन्न हो सकती है, इसलिए सभी को ऐसे कार्यों से बचने के लिए सचेत किया गया है। यह भी कहा गया है कि यूएई के संबंधित निकाय पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि इस प्रकार की गतिविधियां कानून के अनुसार दंडनीय हैं। अतः वहां रह रहे नेपाली नागरिकों से स्थानीय कानूनों का पूर्ण पालन करने और अफवाह फैलाने से दूर रहने का अनुरोध किया गया है।

### मेटा ने कोर्ट को बताया सोशल मीडिया पर टीएनजर्स अश्लील इमेज देखते हैं, कंपनी पर आरोप है वह नाबालिगों की मनोदशा से खेल रही है

**कैलिफोर्निया।** आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर टीनएजर्स से लेकर बुजुर्ग तक मौजूद हैं। अब




फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाटसएप की पैरेंट कंपनी मेटा ने बड़ा खुलासा किया है और बताया है कि टीनएजर्स सोशल मीडिया पर क्या करते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक मेटा ने कैलिफोर्निया कोर्ट में कहा है कि पांच में से करीब 1 टीनएजर्स इंस्टाग्राम पर अश्लील इमेज देख रहे हैं, जिन्हें वे देखना नहीं चाहते हैं। इन टीनएजर की उम्र 13 से 15 साल के बीच है। रिपोर्ट में आगे बताया है कि मेटा रिसर्चर कंपनी को सलाह देती है कि वे अपना फोकस टीनएजर्स पर लगाएं क्योंकि वे अपने घर के फैसलों पर प्रभावित करते हैं, साथ ही वे लोग ही तय करते हैं कि उनके पेरेंट्स के स्मार्टफोन में कौन-कौन से ऐप होने चाहिए। रिसर्चर ने बताया है कि कंपनी न्यू यूजर्स बनाना चाहती है तो कंपनी को टीनएजर्स का पता लगाना होगा, जो अपने घर के फैसलों को प्रभावित कर सकता है। ये प्रोडक्ट टीनएजर्स की मेंटर हेल्थ को भी प्रभावित कर रहे हैं।

# 'ईरान पर हमला मंजूर नहीं', आ गया चीन का पहला रिएक्शन, किम जोंग ने भी की निंदा



**चीन, 01 मार्च (एजेंसियां)।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की हत्या की चीन ने निंदा की है। चीन ने कहा कि ईरान पर हमला मंजूर नहीं है। उसे उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन का भी साथ मिला है। किम जोंग ने भी ईरान पर इजरायल-अमेरिका की कार्रवाई की आलोचना की है। जानें चीन और उत्तर कोरिया ने ईरान पर हो रहे हमलों पर क्या रिएक्शन दिया है।

### ईरान पर हमले की चीन ने की घोर निंदा

चीन ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट किया गया, 'ईरान के सुप्रीम लीडर पर हमला और उनकी हत्या ईरान की संप्रभुता और सुरक्षा का घोर उल्लंघन है।

यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मकसद और सिद्धांतों एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बुनियादी मानदंडों का उल्लंघन है। चीन इसकी कड़ी खिलाफत करता है और इसकी घोर निंदा करता है।'

### तुरंत रोका जाए ईरान के खिलाफ मिलिट्री ऑपरेशन

अपने पोस्ट में चीन ने आगे कहा, 'हम मिलिट्री ऑपरेशन को तत्काल रोकने, तनावपूर्ण स्थिति को और बढ़ने से रोकने, साथ ही मध्य-पूर्व और दुनिया में शांति-स्थिरता बनाए रखने के लिए संयुक्त प्रयास करने की अपील करते हैं।'

### नॉर्थ कोरिया ने अमेरिका को कहा 'वर्चस्ववादी'

वहीं, उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि ईरान पर इजरायल के अटैक और अमेरिकी मिलिट्री ऑपरेशन 'अवैध आक्रमण' और राष्ट्रीय संप्रभुता का उल्लंघन थे। ईरान के खिलाफ अमेरिकी मिलिट्री ऑपरेशन 'अपेक्षाओं के अनुरूप' था।

उन्होंने इसे अमेरिका के 'वर्चस्ववादी और गुंडागर्दी जैसे' स्वभाव का परिणाम बताया।

जान लें कि शनिवार दोपहर को अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर भीषण हवाई हमला बोला था।

इस अटैक में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई की मौत हो गई। उनके अलावा, ईरानी रेड क्रिसेंड सोसाइटी के मुताबिक, ईरान में अलग-अलग जगहों पर 201 लोगों की मौत हो गई है और 747 लोग जख्मी हुए हैं।

# संघीय जज ने रेगिस्तानी कछुआ के बचाव में लिया अहम फैसला आफ-रोड मार्गों पर आवाजाही बंद




**वाशिंगटन, 01 मार्च (एजेंसियां)।**

अमेरिका के मोजावे रेगिस्तान में करीब 3,500 किलोमीटर लंबे आफ-रोड मार्गों पर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। यह आदेश संघीय जज ने दिया, मुख्य उद्देश्य रेगिस्तानी कछुआ यानी डेजर्ट टारटाइज़ की घटती आबादी को बचाना है। यह कछुआ मोजावे के पारिस्थितिकी तंत्र में कीस्टोन स्पीशीज के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ये कछुए जमीन में गहरे बिल बनाते हैं, जिनका उपयोग कई अन्य छोटे जीव आश्रय के रूप में करते हैं। 1970 के दशक से अब तक कुछ क्षेत्रों में इनकी संख्या 96 प्रतिशत तक घट चुकी है। विशेषज्ञों के अनुसार, आफ-रोड वाहन इस प्रजाति के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुके हैं। भारी गाड़ियों के कारण कछुओं के बिल दब जाते हैं, जिससे वे मर जाते हैं या दम घुटने से प्रभावित होते हैं। इसके अलावा, इन वाहनों से उड़ने वाली धूल पौधों को नुकसान पहुंचाती है, जो कछुओं का मुख्य भोजन हैं। अदालत ने पाया कि ब्यूरो आफ लैंड मैनेजमेंट कछुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है और 2029 तक नया सुरक्षित आफ-रोड नेटवर्क तैयार करने का निर्देश दिया। तब तक संवेदनशील इलाकों में पूरी तरह वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। यह प्रतिबंध करीब 50 लाख एकड़ क्षेत्र में लागू होगा, जिसे सीमित रेंजरों द्वारा निगरानी करना चुनौतीपूर्ण है। इस फैसले से पर्यावरण संरक्षण और आफ-रोडिंग पर्यटन के बीच विवाद भी बढ़ गया है। पर्यावरण संगठन जैसे जैविक विविधता पर सम्मेलन जैव विविधता की रक्षा में बड़ी सफलता मान रहे हैं, जबकि ब्लू रिबन कोएलिशन जैसे समूह का कहना है कि कछुओं की गिरती संख्या में जलवायु परिवर्तन, सूखा और कौवों की बढ़ती संख्या भी जिम्मेदार हैं और प्रतिबंध से स्थानीय अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि सिर्फ रास्ते बंद करना पर्याप्त नहीं है। बीमारियां, सौर ऊर्जा परियोजनाओं का विस्तार और प्राकृतिक आवास का क्षरण भी बड़ी चुनौतियां हैं। यदि डेजर्ट टारटाइज़ जैसी कीस्टोन प्रजाति विलुप्त हो गई, तो पूरा रेगिस्तानी पारिस्थितिकी तंत्र असंतुलित हो सकता है। इस फैसले का मकसद केवल एक प्रजाति को बचाना नहीं है, बल्कि पूरे रेगिस्तान के प्राकृतिक संतुलन और जैव विविधता को बनाए रखना भी है।

## युगांडा में लड़कियों के किस ने मचाया हडकंप, पुलिस ने घर से किया गिरफ्तार




**युगांडा।** यहां एक छोटी घटना ने तानाशाह सरकार को हिला दिया है। एक किस से पूरे देश की सत्ता के साथ-साथ समाज तक कांप उठा है। सरकार खौफ में है उसके लिए उम्रकैद की सजा मुकर्रर कर दी। युगांडा में सरेआम किस करने के भयानक अपराध में दो युवतियों को गिरफ्तार किया गया और अब उन्हें अपनी बाकी की जिंदगी जेल में गुजारनी पड़ सकती है। दोनों युवतियों की पहचान म्यूजिशियन वेंडी फेथ (22) जिन्हें टोरेरो बे के नाम से भी जाना जाता है और 21 साल की एलेसी डायना डेनिस के रूप में हुई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने दोनों युवतियों को उनके किराए के कमरे पर रेड मारकर गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ये संदिग्ध अजीबोगरीब और समलैंगिक हरकतों में शामिल हैं। इन्हें दिनदहाड़े एक-दूसरे को चूमते हुए देखा गया था। पुलिस का यह भी आरोप है कि उनके घर पर अक्सर कई अन्य युवतियां आती थीं। बस इसी खूफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने इन दोनों को समलैंगिकता के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल ये दोनों पुलिस हिरासत में हैं। अभी तक इन पर औपचारिक रूप से आरोप तय नहीं किए गए हैं।

# इस साल युद्ध, प्राकृतिक आपदाएं, राजनीतिक उथल-पुथल और वैश्विक बदलाव होंगे

## ब्रिटिश के नए नास्त्रेदमस क्रैग ने की चौंकाने वाली भविष्यवाणियां

**लंड्ल, 01 मार्च (एजेंसियां)।**

सोशल मीडिया पर इन दिनों ब्रिटिश साइकिक मीडियम क्रैग हैमिलटन-पार्कर की खूब चर्चा है, जिन्हें नया नास्त्रेदमस कहा जा रहा है। क्रैग ने पहले कोविड-19, ब्रेक्जिट, ट्रंप की 2016 जीत और क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय की मौत जैसी घटनाओं की सटीक भविष्यवाणी की थी, जिससे लोग उन पर भरोसा करने लगे। अब उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल और अन्य वीडियोज में 2026 और उसके आगे की चौंकाने वाली भविष्यवाणियां की हैं। ये भविष्यवाणियां नादी रीडिंग्स पर आधारित हैं और इनमें युद्ध, प्राकृतिक आपदाएं, राजनीतिक उथल-पुथल और वैश्विक बदलाव शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक क्रैग की सबसे बड़ी भविष्यवाणी अमेरिका से जुड़ी है, जिसमें उन्होंने कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप तीसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बन सकते हैं। उन्होंने कहा



कि 2026 में अमेरिकी चुनाव के समय दुनिया में बड़े संकट आएंगे, जैसे युद्ध या बड़ी आपदा। इससे इमरजेंसी पावर्स लागू हो सकती हैं और ट्रंप को संवैधानिक सीमा से आगे टर्म एक्सटेंड करना पड़ सकता है। इसका कारण-चीन और रूस का गठजोड़ होगा जो कई संघर्ष शुरू कर सकता है। क्रैग के मुताबिक दुनिया तेजी से बदल रही है, 2026 में कई संघर्ष उभरेंगे। ताइवान पर बड़ा संकट आएगा, जो ट्रंप को तीसरी टर्म में रखेगा। ईरान को लेकर भी क्रैग ने बड़ा खुलासा किया। 2026 में ईरान में क्रांति होगी। क्रैग ने बताया कि अमेरिका मार्च में ईरानी नेतृत्व और न्यूक्लियर सुविधाओं पर टारगेटेड अटैक करेगा, जो क्रांति को बढ़ावा देगा। वेनेजुएला के मादुरो को हटा दिया जाएगा, संभवतः सीनियर अधिकारी या मिलिट्री द्वारा।

रिपोर्ट के मुताबिक प्राकृतिक आपदाओं की बात करें तो क्रैग ने जापान पर अगस्त 2026 में गैस क्लाउड का अनुमान लगाया है, जो 2015 की उनकी किताब में पहले लिखा था। इसके अलावा मेटियोर डिजास्टर की आशंका, जहां कोई बड़ा उल्कापिंड पृथ्वी को प्रभावित कर सकता है। क्रैग ने कहा कि महाद्वीपीय प्लेट्स तेजी से हिलेंगी, फूलों का परागण कम होगा, जिससे फूड प्रोडक्शन घटेगा और वोल्केनो ज्यादा सक्रिय होंगे। उनकी अन्य भविष्यवाणियों में नाटो का अंत भी शामिल है। 2030 तक नया वर्ल्ड पुलिसिंग बाडी बनेगा। इराक, चीन में अटेम्प्ट, गोल्ड प्राइस में उतार-चढ़ाव भी होगा। रायल फैमिली पर अलग वीडियो में उन्होंने किंग चार्ल्स की मौत की भी बात की, लेकिन 2026 फोकस ग्लोबल है। क्रैग ने कहा कि एआई बबल स्प्रिंग में फूटेगा, ब्रिटेन में फाइनेंशियल क्रैश से राजनीतिक ब्रेकडाउन, कीर स्टार्मर सरकार गिरेगी और नाइजेल फराज की पार्टी सरकार बना सकती है।

# दिन में भिखारी और रात में लग्जरी कारों का मालिक, 3 आलीशान गाड़ियों वाला ठग गिरफ्तार

**दुबई, 01 मार्च (एजेंसियां)।**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सबसे आधुनिक शहर दुबई से एक ऐसा चौंकाने वाला मामला सामने आया है जिसने मानवीय संवेदनाओं और दान की परंपरा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दुबई पुलिस ने एक ऐसे शातिर ठग को गिरफ्तार किया है जो दिन के उजाले में फटे कपड़े पहनकर और थका हुआ चेहरा लेकर सड़कों पर लोगों से मदद की गुहार लगाता था, लेकिन रात होते ही वह आलीशान जिंदगी जीता था। जांच में खुलासा हुआ कि यह व्यक्ति कोई मजबूर भिखारी नहीं, बल्कि करोड़ों की संपत्ति का मालिक है। पुलिस की एंटी-बेगिंग मुहिम के दौरान पकड़े गए इस आरोपी के पास से एक-दो नहीं, बल्कि तीन लग्जरी कारें बरामद हुई हैं, जिन्हें उसने भीख मांगकर जुटाए गए पैसों से खरीदा था।



अधिकारियों के मुताबिक, इस आरोपी ने भीख मांगने को एक फुल-टाइम बिजनेस बना लिया था। रमजान के पवित्र महीने के दौरान जब लोगों में दान और सहानुभूति की भावना बढ़ जाती है, तब यह आरोपी सक्रिय हो जाता था। वह सड़कों पर खड़ा होकर लोगों को अपनी बीमारी, भारी कर्ज या पारिवारिक संकट की झूठी और भावुक कहानियां सुनाता था। दुबई पुलिस के क्रिमिनल फिनोमेना विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर अली अल शम्सी ने बताया कि आरोपी की गतिविधियां पूरी तरह से योजनाबद्ध थीं। वह रोजाना तय स्थानों पर जाकर लोगों की भावनाओं से खेलता था और दिन खत्म होने के बाद अपनी महंगी कारों में सवार होकर वहां से निकल जाता था। उसकी बैंकिंग गतिविधियों और रहन-सहन के स्तर ने जांच अधिकारियों को भी हैरान कर दिया है।

दुबई पुलिस की हालिया रिपोर्ट दर्शाती है कि इस तरह के संगठित नेटवर्क में शामिल लगभग 90 प्रतिशत भिखारी विदेशी नागरिक हैं, जो विशेष रूप से रमजान के दौरान विजिट वीजा पर यूएई आते हैं। इस अभियान के दौरान गिरफ्तार किए गए कई अन्य लोगों के पास से भी हजारों दिरहम नकद बरामद हुए हैं। एक मामले में तो एक भिखारी के पास 25,000 दिरहम होने के बावजूद वह सड़कों पर हाथ फैलाए खड़ा मिला। यूएई के संघीय कानून संख्या 9 (2018) के तहत भीख मांगना एक दंडनीय अपराध है, जिसके लिए तीन महीने की जेल और 5,000 दिरहम तक का जुर्माना हो सकता है। वहीं, संगठित गिरोह चलाने वालों के लिए सजा और भी सख्त है। पुलिस ने भिक्षावृत्ति मुक्त जागरूक समाज अभियान के तहत अब तक 26 अलग-अलग देशों के भिखारियों को हिरासत में लिया है। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य शहर की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उन लोगों को रोकना है जो जरूरतमंद होने का नाटक कर धोखाधड़ी करते हैं। प्रशासन ने आम जनता से पुरजोर अपील की है कि वे सड़कों पर किसी भी अनजान व्यक्ति को सीधे नकद पैसे देने से बचें। इसके बजाय, केवल सरकार द्वारा लाइसेंस प्राप्त चैरिटी संस्थाओं के माध्यम से ही दान करें, ताकि मदद वास्तव में सही और पात्र लोगों तक पहुंच सके। पुलिस ने किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आनलाइन डोनेशन की अपीलों की जानकारी तुरंत आधिकारिक हेल्पलाइन पर साझा करने के निर्देश दिए हैं।

# श्रीनगर समेत कई शहरों में खामेनेई की मौत के विरोध में प्रदर्शन, ट्रैफिक डायवट



**श्रीनगर, 01 मार्च (एजेंसियां)।** अमेरिका और इजरायल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर सामने आते ही हड़कंप मच गया। इसका असर भारत में भी देखने को मिल रहा है। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में लोग सड़कों पर उतर आए और अमेरिका व इजरायल के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर ने लोगों में गुस्से और रोष की लहर पैदा कर दी। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और बडगाम समेत कई शहरों में लोग नारे लगाते हुए मार्च कर रहे हैं, जिस वजह से शहरों की कई मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक बाधित हो गया। स्थिति को काबू में करने के लिए अधिकारियों ने कुछ जगहों पर वाहनों का रास्ता बदल दिया।

श्रीनगर में भी रविवार को विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। स्थानीय लोग खामेनेई की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और अमेरिका व इजरायल विरोधी नारे लगा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों की संख्या बढ़ने के कारण शहर के कई हिस्सों में पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। हालांकि, प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है लेकिन किसी भी तरह की अनहोनी को रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार सुबह दावा किया कि ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत हो गई है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका की कार्रवाई पूरे हफ्ते या जरूरत पड़ने तक जारी रहेगी। ट्रंप ने खामेनेई को इतिहास के सबसे बुरे लोगों में से एक बताते हुए कहा कि उनकी मौत ईरान की जनता के लिए न्याय है। यह उन सभी अमेरिकी नागरिकों और दुनिया के कई अन्य देशों के लोगों के लिए भी न्याय है जो खामेनेई और उनके साथियों के कारण मारे गए या घायल हुए।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद ईरान की सरकारी मीडिया ने भी खामेनेई की मौत की पुष्टि की है। हालांकि इस खबर ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विरोध और चिंता दोनों पैदा कर दी है।

# एयर इंडिया ने अमेरिका, यूरोप की 22 और उड़ाने रद्द की




**नयी दिल्ली, 01 मार्च (एजेंसियां)।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच अपनी अमेरिका और यूरोप जाने वाली 22 और उड़ानों को रविवार को रद्द करने की घोषणा की।

एयरलाइंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों एक पर बताया कि उसकी दिल्ली से बर्मिंघम, एम्सटर्डम, जुरिक, मिलान, वियना और कोपनहेगन जाने वाली एक-एक उड़ानें रद्द रहेंगी।

इसके अलावा दिल्ली से लंदन हिथ्रो जाने वाली दो उड़ानें और फ्रैंकफर्ट जाने वाली एक उड़ान रद्द रहेगी। मुंबई से लंदन हिथ्रो जाने वाली एक उड़ान भी रद्द रहेगी। इन सभी मार्गों पर वापसी की उड़ानें भी रद्द करने की उसने घोषणा की है।

इससे पहले, एयरलाइंस ने शनिवार को बताया था कि दिल्ली से लंदन के हिथ्रो हवाई अड्डे जाने वाली उसकी दो उड़ानें 01 मार्च को रद्द रहेंगी।

इसके अलावा मुंबई से लंदन हिथ्रो जाने वाली एक, अमृतसर से लंदन गैट्विक जाने वाली एक, दिल्ली से न्यूयॉर्क के जेएफके एयरपोर्ट पर जाने वाली एक, मुंबई से न्यूयॉर्क के जेएफके एयरपोर्ट पर जाने वाली एक, मुंबई से अमेरिका के नेवार्क जाने वाली एक और दिल्ली से वियना के रास्ते शिकागो जाने वाली एक उड़ान रद्द रहेगी।

वियना के रास्ते दिल्ली से टोरंटो जाने वाली दो उड़ानें और दिल्ली तथा मुंबई से फ्रैंकफर्ट जाने वाली एक-एक उड़ानें भी रद्द करने की उसने घोषणा की थी। दिल्ली से फ्रांस की राजधानी पेरिस जाने वाली दो उड़ानें भी रद्द कर दी गयी थी।

अमेरिका और इजरायल द्वारा एक संयुक्त सैन्य अभियान में 28 फरवरी की सुबह किये गये हमले के बाद पश्चिम एशिया में बनी नयी भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच एयर इंडिया ने इन उड़ानों को रद्द करने की घोषणा की है। ये सभी उड़ानें पश्चिम एशिया के ऊपर से होकर गुजरने वाली हैं।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 11 पश्चिम एशियाई देशों की सूची जारी करते हुए विमान सेवा कंपनियों को 02 मार्च तक इनके हवाई क्षेत्र से उड़ान न भरने की सलाह दी है।

## खामेनेई की मौत के बाद यूपी में हाई अलर्ट

**लखनऊ 01 मार्च (एजेंसियां)।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अलग-अलग जिलों में हो रहे प्रदर्शन को देखते उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। इस्राइल के हमले और खाड़ी क्षेत्र में बने तनावपूर्ण हालात को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह उच्चस्तरीय बैठक में कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अतिरिक्त एहतियात बरतने के निर्देश दिए। इसके बाद गृह विभाग की ओर से सभी जिलों को अलर्ट जारी किया गया। लखनऊ समेत कई जिलों में हो रहे प्रदर्शनों पर पुलिस की पैनी नजर रखी जा रही है।

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि शिया बाहुल्य इलाकों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है और खुफिया तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों और मौजूदा अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम के बीच किसी भी तरह माहौल खराब करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हिंसक प्रदर्शन या अराजक गतिविधियों में शामिल पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## इज़रायल-अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद तमिलनाडु सरकार ने तमिलों की मदद के लिये कंट्रोल रूम बनाया

**चेन्नई, 01 मार्च (एजेंसियां)।** तमिलनाडु सरकार ने ईरान के ख़िलाफ़ इज़रायल और अमेरिकी हमलों के बाद खाड़ी इलाके में रहने वाले तमिलों की मदद के लिए पूर्णकालिक कंट्रोल रूम बनाए हैं और उनसे अपील की है कि वे गैर-ज़रूरी यात्रा न करें और भारतीय उच्चायोग की तरफ़ से जारी परामर्श का पालन करें।

मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि राज्य सरकार खाड़ी इलाके में रहने वाले तमिलों को हर मुमकिन मदद देने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

ईरान पर अमेरिका और इज़रायल के हवाई हमलों के बाद तमिलों की सुरक्षा पर चिंता ज़ाहिर करते हुए, उन्होंने अनिवासी तमिलों के पुनर्वास और कल्याण आयुक्तालय को प्रभावित देशों में रहने वाले तमिलों को हर तरह की मदद देने का निर्देश दिया है।श्री स्टालिन ने नयी दिल्ली में तमिलनाडु हाउस में एक कंट्रोल रूम बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि तमिल लोगों और उनके परिवार के सदस्य किसी भी आपात स्थिति और किसी भी मदद के लिए इस कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते हैं, इसके साथ ही उन्होंने खाड़ी देशों में रहने वाले तमिलों से भारतीय दूतावास द्वारा जारी की गई सलाह का पालन करने की अपील की।उन्होंने कहा कि ईरान पर अमेरिका इज़रायल के हवाई हमलों के बाद, खाड़ी क्षेत्र के संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, बहरीन, ओमान, सऊदी अरब और कतर जैसे देशों में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है ।श्री स्टालिन ने वहां रहने वाले तमिलों को सभी सुरक्षा उपाय करने, घरों में ही रहने और गैर-ज़रूरी यात्रा से बचने के साथ-साथ भारतीय उच्चायोग की सलाह का पालन करने को कहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु सरकार खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले तमिलों के साथ लगातार संपर्क में रहकर स्थिति पर नज़र रख रही है।

## युद्ध नहीं शांति की जरूरत, निर्दोषों की हत्या निंदनीय : प्रियंका गांधी



**नयी दिल्ली, 01 मार्च (एजेंसियां)।** कांग्रेस महासचिव और लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने अमेरिका-इज़रायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव तथा खाड़ी देशों के घटनाक्रम पर सोशल मीडिया के माध्यम से कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे निंदनीय और घोर आपत्तिजनक बताया है।

उन्होंने रविवार को कहा कि खुद को लोकतांत्रिक दुनिया का नेता बताने वाले देशों द्वारा संप्रभु राष्ट्र के नेतृत्व की लक्षित हत्या और उनकी कार्रवाई में निर्दोष लोगों की मौत हो रही है।

उन्होंने कहा कि खुद को लोकतांत्रिक दुनिया का नेता बताने वाले देशों की इस तरह की कार्रवाई किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराई जा सकती है।इस संघर्ष में कई देशों का घसीटा जाना बेहद दुखद है और इससे वैश्विक अस्थिरता बढ़ेगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि दुनिया को और अधिक अनावश्यक युद्धों की नहीं, बल्कि शांति और संवाद की आवश्यकता है।

## मोदी सरकार की विदेश नीति बहुत कमजोर पुनर्विचार की जरूरत : कांग्रेस

**नयी दिल्ली, 01 मार्च (एजेंसियां)।** कांग्रेस ने मोदी सरकार की विदेश नीति को विफल और देशहित के विपरीत बताते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की स्थिति कमजोर हुई है इसलिए इसमें पुनर्विचार की जरूरत है।



कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार की विदेश नीति के कारण भारत के प्रति दुनिया के रुख में बदलाव दिख रहा है और अमेरिका का रुख भारत की तुलना में पाकिस्तान की तरफ नरम है जिसे विफल विदेश नीति का परिणाम कहा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रुख पाकिस्तान के प्रति नरम है और यही कारण है कि श्री ट्रम्प पहलगाम आतंकवादी हमलों की पृष्ठभूमि से जुड़े व्यक्ति की सार्वजनिक सराहना कर रहे हैं। उनका कहना था कि अमेरिका ने अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान की कार्रवाई का समर्थन किया है। राष्ट्रपति ट्रंप कई बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने 10 मई 2025 को आयात शुल्क बढ़ाने की धमकी देकर 'ऑपरेशन सिंदूर' रुकवाया, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उनके अनुसार, अभियान रोकने की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी।


भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गत 2 फरवरी को राष्ट्रपति ट्रंप ने इसकी घोषणा की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मामला उठाया लेकिन मुद्दों से ध्यान हटाने की सरकार ने कोशिश की। बाद में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने श्री ट्रंप की आयात शुल्क नीति को अवैध करार दिया।

कांग्रेस ने अमेरिका के साथ समझौते को एकतरफा बताया और कहा कि भारत ने आयात को उदार बनाने की प्रतिबद्धता जताई लेकिन अमेरिका ने इसका कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया। रूस से तेल खरीद के मुद्दे पर भी सरकार ने स्थिति स्पष्ट नहीं की।

पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की इज़रायल यात्रा और 19 जून 2020 को चीन पर दिए गए बयान ने भारत की स्थिति कमजोर की है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की विदेश नीति की दिशा और शैली पर पुनर्विचार की जरूरत है।

## साणंद आज विकास और नवाचार का जीवंत केंद्र : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली, 01 मार्च (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के साणंद दौरे के बाद यहां के लोगों की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि साणंद विकास और नवाचार का जीवंत केंद्र बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर रोड शो का एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने शनिवार को गुजरात दौरे के बीच साणंद में रोड शो किया था। पीएम मोदी ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, साणंद ने पिछले कई सालों में अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। पहले इसे कुछ लोग एक साधारण जगह मानते थे, लेकिन आज यह विकास और नवाचार का एक जीवंत केंद्र बन चुका है। शनिवार का रोड शो, जो एक गर्म दोपहर में हुआ, यह दिखाता है कि साणंद के लोग विकास की दिशा में किए गए प्रयासों को कितनी सराहना करते हैं।




इससे पहले, शनिवार को पीएम मोदी ने साणंद में माइक्रोन एटीएमपी (असेंबली, टेस्ट, मार्किंग और पैकेजिंग) केंद्र का उद्घाटन किया। वाणिज्यिक उत्पादन की शुरुआत का प्रतीक यह ऐतिहासिक आयोजन, वैश्विक प्रौद्योगिकी नेतृत्व की ओर भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।इस परियोजना का शिलान्यास सितंबर 2023 में हुआ था और यह इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत स्वीकृत होने वाला पहला प्रस्ताव था। इसे 22,500 करोड़ रुपए से अधिक के कुल परिव्यय के साथ, निर्माण कार्य स्वीकृति के तुरंत बाद शुरू किया गया। इससे देश में रणनीतिक सेमीकंडक्टर निवेश को गति देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का पता चलता है।साणंद संयंत्र पूरी तरह से चालू हो जाने पर लगभग 5 लाख वर्ग फुट का क्लीनरूम क्षेत्र उपलब्ध होगा और यहां दुनिया के सबसे बड़े रेज़्ड-फ्लोर क्लीनरूम में से एक बन जाएगा। यह संयंत्र दुनिया भर के ग्राहकों की सेवा करने और एआई और उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग में तेजी से हो रही प्रगति के कारण मेमोरी और स्टोरेज समाधानों की बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि साणंद में हम एक नए भविष्य की शुरुआत देख रहे हैं। माइक्रोन के एटीएमपी केंद्र में वाणिज्यिक उत्पादन की शुरुआत वैश्विक प्रौद्योगिकी मूल्य श्रृंखला में भारत की भूमिका को मजबूत करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने 'नए भारत' की मानसिकता उल्लेख किया, जहां नीति से उत्पादन की ओर परिवर्तन अभूतपूर्व गति से हो रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत ने जटिल नियामक प्रक्रियाओं को काफी हद तक सरल बना दिया है और कुछ ही महीनों में अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौतों (एपीए) को सफलतापूर्वक मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि विकसित देशों में भी इस प्रक्रिया को पूरा होने में आमतौर पर तीन से पांच वर्ष लग जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, जब इरादा स्पष्ट होता है और राष्ट्र के तीव्र विकास के प्रति समर्पण होता है, तो नीतियां पारदर्शी हो जाती हैं और निर्णय गति पकड़ते हैं।

# भू-राजनैतिक स्थिति से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**मुंबई, 01 मार्च (एजेंसियां)।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेश धारणा पर सबसे ज्यादा असर पश्चिम एशिया में सप्ताहांत में बनी भू-राजनैतिक स्थितियों का रहेगा।




अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी की सुबह संयुक्त सैन्य कार्रवाई में ईरान पर हमला कर दिया। इसके उत्तर में ईरान ने भी इजराइल और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकाने वाले कई देशों पर हमले किये।

निवेशकों की नजर अब इस बात पर रहेगी कि क्षेत्र में परिस्थितियां किस प्रकार बदलती हैं और इन हमलों का क्या असर होता है। पूरी दुनिया के साथ भारतीय शेयर बाजारों पर भी आने वाले सप्ताह में इसका असर दिखेगा।

साथ ही 27 फरवरी को जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों का असर भी बाजार पर दिखेगा। इसके अलावा आने वाले सप्ताह में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के फरवरी के पीएमआई आंकड़े, जनवरी के औद्योगिक उत्पादन के सरकारी आंकड़ें और वाहनों की बिक्री के आंकड़े जारी होने हैं।

इन सभी कारकों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

बीएसई का सेंसेक्स गत सप्ताह कुल 1,527.52 अंक (1.84 प्रतिशत) टूटकर शुक्रवार को 81,287.19 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 392.60 अंक यानी 1.54 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ 25,178.65 अंक पर आ गया।

मझौली और छोटी कंपनियों में अपेक्षाकृत कम गिरावट रही। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.87 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.43 प्रतिशत टूट गया।

सप्ताह के दौरान इटरनल का शेयर सबसे अधिक 8.37 प्रतिशत टूटा। टेक महिंद्रा में 6.86 प्रतिशत, भारती एयरटेल में 4.95, ट्रेंट में 4.61 और इंफोसिस में 3.90 प्रतिशत की गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 3.90 फीसदी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 3.26, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस दोनों के 3.17, एचडीएफसी बैंक का 2.69, एलएंडटी का 2.28 और एशियन पेंट्स का 2.15 प्रतिशत नीचे बंद हुआ।

टीसीएस का शेयर 1.87 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.81, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.44, भारतीय स्टेट बैंक का 1.16 और आईसीआईसीआई बैंक का 1.04 प्रतिशत फिसल गया। मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडिगो और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी साप्ताहिक गिरावट में रहे।

एनटीपीसी में 2.36 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। टाइटन का शेयर 2.19 फीसदी, टाटा स्टील का 1.97, एक्सिस बैंक का 1.14 और हिंदुस्तान यूनीलिवर का एक प्रतिशत चढ़ा। सनफार्मा, बीईएल और अडानी पोर्ट्स से शेयर भी हरे निशान में रहे।

# फिल्म 'डकैत: एक प्रेम कथा' का लेटेस्ट सॉन्ग 'रूबरू' रिलीज

अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की आगामी एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'डकैत: एक प्रेम कथा' का नया गाना 'रूबरू' शुक्रवार को 'सोनी म्यूजिक साउथ' नामक यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया। गाने की शुरुआत जेल की घंटी से होती है, जहां जेल के अंदर मौजूद अपराधी और जेलर का एक छोटा सा सीन दिखाया जाता है। इसके बाद स्क्रीन पर मूवी में लीड रोल निभा रहे अभिनेता अदिवि शेष और अभिनेत्री मृणाल ठाकुर का सीन दिखाया जाता है। गाने में अदिवि और मृणाल की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। सॉन्ग में आप देख सकते हैं कि मृणाल को एक बड़े घर की ऐशो-आराम में रहने वाली लड़की और अदिवि को सामान्य गरीब परिवार के लड़के के तौर पर दर्शाया गया है, जहां अभिनेत्री छुप-छुपकर एक्टर से मिलने आती है। वहीं, वीडियो में अदिवि अभिनेत्री का इंतजार करते और मिलने का मौका ढूंढते नजर आते हैं।






यूट्यूब पर सॉन्ग 'रूबरू' रिलीज होते ही कुछ ही घंटे में लाखों व्यूज और कमेंट्स आ चुके हैं। अदिवि और मृणाल के फैन स्क्रीन पर कपल की केमिस्ट्री को काफी पसंद कर रहे हैं। लोगों को मूवी में अभिनेत्री का लुक भी काफी पसंद आ रहा है।

गाने के लिरिक्स भास्कर भाटला रविकुमार ने लिखे हैं। सॉन्ग को आवाजें भीम्स सेसिरोलियो और चिन्मयी श्रीपदा ने दी हैं। वहीं, म्यूजिक के निर्देशक भीम्स सेसिरोलियो हैं।

'डकैत: एक प्रेम कथा' मूवी 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शेनिल देव द्वारा निर्देशित इस फिल्म की कहानी एक प्रेमी युगल के इर्दगिर्द घूमती है, जहां युवक प्रेमिका से मिले धोखे के बाद बदले की राह चुनता है। वहीं, मूवी में अनुराग कश्यप भी एक अहम भूमिका निभा रहे हैं। फैंस ट्रेलर और गानों के बाद अब मूवी रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# रोम की गलियों में राशि खन्ना परिवार के साथ बिता रही हैं यादगार पल

साउथ सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री राशि खन्ना अपनी बहुमुखी प्रतिभा को लेकर दर्शकों के दिलों में खास जगह रखती हैं। इन दिनों अभिनेत्री इटली की सैर पर हैं। खास बात ये है कि वे अपने परिवार के साथ गई हैं। गुरुवार को अभिनेत्री ने इसकी कुछ शानदार झलक इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। पहली तस्वीर में एक कपल एक दूसरे को गुलाब का फूल देते नजर आ रहे हैं। वहीं बाकी तस्वीरों में वे इटली के रोम में घूमती नजर आ रही हैं। कुछ में वे अपने परिवार और दोस्तों के साथ दिख रही हैं। उन्होंने लिखा, रोम की सबसे खूबसूरत बात मेरे सामने मेज के उस पार बैठी थी। अभिनेत्री की पोस्ट उनके फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। वे कमेंट सेक्शन पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई यूजर्स तो हार्ट और फायर के इमोजी शेयर कर रहे हैं।

राशी की बात करें तो वे साउथ सिनेमा की उम्दा अदाकाराओं में से एक हैं। वे इंडस्ट्री में शानदार एक्टिंग के साथ-साथ गायिकी के लिए भी जानी जाती हैं। तेलुगु और तमिल सिनेमा में कई हिट फिल्में दे चुकीं राशि सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी जिंदगी के मजेदार पल और प्रोफेशनल अपडेट्स फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं।

साउथ सिनेमा के बाद अब वे फिल्म '120 बहादुर' में नजर आई थीं। फिल्म में वे इरफान खान के अपोजिट थीं। 120 बहादुर' की कहानी भी चीन के साथ हुए भारत के एक युद्ध पर आधारित थी। रिलीज के बाद फिल्म को दर्शकों की तरफ से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

फिल्म '120 बहादुर' का निर्माण रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने अमित चंद्रा के ट्रिगर हैप्पी स्टूडियो के साथ मिलकर किया है। फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।इसी के साथ ही, राशि जल्द ही सुपरस्टार पवन कल्याण के साथ फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' में स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। माइथ्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बन रही 'उस्ताद भगत सिंह' में राशि और पवन कल्याण के अलावा, इसमें श्रीलीला, प्रथिबन, केएस रविकुमार, रामकी, नवाब शाह, अविनाश (केजीएफ फेम), गौतमी, और नागा महेश जैसे कलाकार हैं।

जेल से बाहर आने के बाद राजपाल यादव ने शुरू की नई पारी

# अब यूट्यूब पर भी मिलेगा कॉमेडी का डबल-डोज

9 करोड़ के कर्ज में डूबे अभिनेता राजपाल यादव 13 दिन की जेल काटने के बाद बाहर आ चुके हैं और दोबारा काम पर वापसी भी कर चुके हैं। उन्होंने हाल ही में वैनिटी वैन से काम पर वापसी की वीडियो शेयर की और सपोर्ट करने वाले सभी लोगों को दिल से धन्यवाद दिया था। अब अभिनेता ने फिल्मों के साथ-साथ नए काम की शुरुआत भी कर दी है। अभिनेता ने फैंस से गुजारिश की है कि उनका प्यार और सपोर्ट बहुत जरूरी है। अभिनेता राजपाल यादव ने अपना नया यूट्यूब चैनल शुरू किया है, जिस पर वे नए तरीके से मनोरंजन परोसने वाले हैं। अभिनेता ने वीडियो जारी कर बताया कि उनके करियर में नई चीज जुड़ रही है और वो है यूट्यूब चैनल। उन्होंने कहा, एक नई पारी की शुरुआत करने के लिए कई दिनों से तैयारी कर रहा था और आज, वह दिन आ गया है। आज से हमारा यूट्यूब चैनल शुरू हो रहा है, जिसका आधिकारिक नाम राजपाल नौरंग यादव है। अभिनेता के चैनल का मिशन बुढ़े हो या नौजवान, हमको मनोरंजन मिले एक समान है। मतलब अब सिर्फ फिल्मों के जरिए ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया के जरिए भी गुदगुदाने वाले हैं।



अभिनेता राजपाल फिलहाल जेल से बाहर आने के बाद कमबैक के लिए पूरी तरह तैयार है। सिनेमाघरों में अभिनेता की फिल्म 'भूत-बंगला' 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। अभी सिर्फ फिल्म से जुड़े पोस्टर और पहला गाना रिलीज हुआ है। फिल्म कॉमेडी से भरपूर होने वाली है और फैंस बेसब्री से फिल्म के रिलीज का इंतजार कर रहे हैं।

बता दें कि अभिनेता को 9 करोड़ के कर्जवापसी मामले में दिल्ली के तिहाड़ जेल में 13 दिन बिताने पड़े थे। अभिनेता ने कर्ज अपनी फिल्म को प्रोड्यूस करने के लिए लिया था, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरीके से पिट गई और यही वजह रही कि अभिनेता कर्जे में डूब गए। अभिनेता को कर्ज से उबारने और जेल से बाहर निकालने की मुहीम अभिनेता सोनू सूद ने शुरू की, और फिर धीरे-धीरे बॉलीवुड के बड़े चेहरे ने अभिनेता को बाहर निकालने के लिए मदद के लिए बड़ी राशि दान की।



# बजट से कोसो दूर फिल्म फिल्म अस्सी : तापसी पन्नू

कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जो समाज की कुरीतियों पर तीखा प्रहार करती हैं लेकिन बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में चारों खाने चित्त हो जाती हैं। तापसी पन्नू की फिल्म 'अस्सी' का भी यही हाल है, जिसका अपना बजट निकाल पाना भी मुश्किल हो रहा है, हालांकि इसी बीच फिल्म समाज के जिस संवेदनशील मुद्दे को दिखाती है, वो दर्शकों के मन पर छाप छोड़ रहा है। अभिनेत्री तापसी पन्नू ने सिनेमा को 'थप्पड़' और 'पिंक' जैसी फिल्में दी हैं। ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छी रही हैं। फिल्मों ने न सिर्फ अच्छा कलेक्शन किया, बल्कि समाज को संदेश देने में भी कामयाब रही। अब 'अस्सी' द्वारा अच्छा कलेक्शन न करने और अपने करियर की बेहतरीन फिल्मों पर अभिनेत्री ने खुलकर बात की है। उनका कहना है कि कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनकी कहानियां एक मैसेज लेकर आती हैं। कुछ के किरदारों की तारीफ की जाती है और कुछ के लिए थैंक्यू नोट आते हैं कि इस फिल्म को करने के लिए धन्यवाद।

तापसी का कहना है कि 6 साल पहले भी 'थप्पड़' नाम की फिल्म की थी और अब उसी निर्देशक के साथ दूसरी फिल्म 'अस्सी' की है। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर मिल रहे रिस्पांस पर खुशी जाहिर की है। उनका कहना है कि लोगों ने फिल्म को व्यक्तिगत तौर पर लिया और आर्टिकल से लेकर वीडियो में सिर्फ और सिर्फ समाज को बदलने वाली बातें की गई। उन्होंने वीडियो पोस्ट कर कहा, आप भी फिल्म जरूर देखें, हो सकता है कि यह फिल्म आपसे भी कुछ बातें करें। हम उम्मीद करते हैं कि अगला हफ्ता फिल्म के लिए बेहतरीन हो।

अभिनेत्री ने फैंस से फिल्म को देखने की गुजारिश की है और साथ में रिव्यू भी मांगा है। उनका कहना है कि फिल्म चाहे जैसी भी हो लेकिन इसके बारे में लिखें जरूर। बता दें कि लगभग 40 करोड़ के बजट में बनी फिल्म ने पहले हफ्ते लगभग 7 करोड़ के आस-पास की कमाई की है। अभी फिल्म अपने बजट का एक चौथाई हिस्सा भी कमा नहीं पाई है। शायद यही वजह है कि वे फैंस से फिल्म देखने की अपील कर रही हैं।

# मार्च में खुलेगा किस्सा कोर्ट कचहरी का तो टॉक्सिक और धुरंधर 2 की भी बॉक्स ऑफिस पर छिड़ेगी जंग

सिनेमा के लिए वैसे तो हर महीना खास होता है, लेकिन कुछ महीने सिनेमा प्रेमियों के लिए बेहद खास होते हैं, जब वे अपने फेवरेट स्टार्स या बॉक्स ऑफिस पर बड़ी फिल्मों के रिलीज का इंतजार करते हैं। मार्च का महीना भी सिनेमा प्रेमियों के लिए खास होने वाला है, क्योंकि इस महीने हिंदी और दक्षिण भारतीय सिनेमा में शानदार फिल्में खिड़की पर दस्तक देने वाली हैं, तो अभी से कुर्सी की पेटी बांधकर तैयारी शुरू कर दीजिए। 'हॉपर्स' एक अमेरिकी एनिमेटेड साइंस फिक्शन एडवेंचर कॉमेडी फिल्म है, जो 6 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म कॉमेडी से भरी है और इसे बच्चों के साथ देखने में ज्यादा मजा आएगा। फिल्म मानवीय चेतना को जानवरों में स्थानांतरित करने के विषय पर बनी है। मशहूर निर्देशक सुदीप्तो सेन की फिल्म 'चरक' भी सिनेमाघरों में 6 मार्च को रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म काले जादू और अंधविश्वास में बच्चों की बलि देने के तंत्र-मंत्र पर आधारित है।

आगामी कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'किस्सा कोर्ट कचहरी का' 13 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। न्याय व्यवस्था की खामियों को उजागर करने वाली फिल्म में मुख्य भूमिका में राजेश शर्मा, बृजेंद्र काला, नीलू कोहली और अंजू जाधव दिखने वाले हैं। फिल्म भले ही गंभीर विषय पर बनी है, लेकिन फिल्म में कॉमेडी का डोज भी देखने को मिलेगा।

19 मार्च की तारीख साल की सबसे ऐतिहासिक तारीखों में से एक है, क्योंकि 19 मार्च को सिनेमाघरों में 'टॉक्सिक' और 'धुरंधर-2' दोनों रिलीज होंगी। टॉक्सिक (सुपरस्टार यश) साउथ की बड़ी फिल्मों में से एक है, जिसमें हिंदी सिनेमा के स्टार्स भी मौजूद हैं। फिल्म को कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।वहीं, 'धुरंधर-2' भारत-पाकिस्तान के रिश्तों को दिखाती एक काल्पनिक फिल्म है, जिसे सत्य घटनाओं से जोड़कर रियल दिखाने की कोशिश की गई है। फिल्म के पहले पार्ट को शानदार रेस्पॉन्स मिला था, लेकिन अब देखना है कि दर्शक 'टॉक्सिक' को पसंद करते हैं या फिर 'धुरंधर-2' को।19 मार्च को ही मलयालम भाषा की कॉमेडी फिल्म 'आडू 3' भी रिलीज होगी।



फिल्म का निर्देशन मैनुअल थॉमस ने किया है और मुख्य भूमिका में जयसूर्या हैं। इससे पहले फिल्म के दो सीक्वल रिलीज हो चुके हैं और बॉक्स ऑफिस पर फिल्म को रेस्पॉन्स अच्छा मिला है।अमेरिकी साइंस और फिक्शन फिल्म 'प्रोजेक्ट हेल मैरी' सिनेमाघरों में 20 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म एक ऐसे शख्स की कहानी को दिखाती है, जो अपनी याददाश्त खो चुका है, लेकिन फिर भी मानवता को बचाने के लिए अंतरिक्ष में एक खतरनाक मिशन पर जाता है।

पवन कल्याण की आगामी तेलुगू फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' 26 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस कॉमेडी फिल्म में एक दस्यु की कहानी है, जो हिंसा करता है लेकिन आम लोगों की मदद भी करता है। कहा जा रहा है कि फिल्म के ओटीटी राइट्स भी बिक चुके हैं।

# ऋषभ रिखीराम शर्मा पंडित रविशंकर के आखिरी शिष्य नहीं, संगीत संस्थान ने जारी किया बयान

युवा सितार वादक ऋषभ रिखीराम शर्मा और अनुष्का शंकर के बीच, सितार वादक और संगीतज्ञ रहे पंडित रविशंकर के आखिरी शिष्य होने के दावे के बीच बहस जारी है। ऋषभ का कहना है कि गुरु ने उन्हें अपना आखिरी शिष्य माना था। उन्होंने यह दावा हाल ही में हुए आयोजन में किया था, जिसका विरोध खुद दिवंगत पंडित रविशंकर की बेटी अनुष्का शंकर ने किया। उन्होंने ऋषभ की बातों को झूठा बताया। अब खुद पंडित रविशंकर के आधिकारिक संगीत संस्थान ने ऋषभ को आखिरी शिष्य मानने से इनकार किया है और इस संबंध में कुछ तथ्य भी पेश किए हैं। पंडित रविशंकर के आधिकारिक संगीत संस्थान ने विवादों पर विराम लगाते हुए कहा है कि भले ही ऋषभ रिखीराम शर्मा को पंडित रविशंकर संगीत की कुछ कक्षाएं दीं, लेकिन कभी औपचारिक रूप से उन्हें अपना आखिरी शिष्य नहीं माना। जवाब में कहा गया' समारोह न तो औपचारिक रूप से आयोजित किया गया था और न ही पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार किसी पुजारी की उपस्थिति में ऐसी कोई घोषणा हुई है। गुरुजी ने ऋषभ को कोई औपचारिक दीक्षा प्रवचन नहीं दिया और न ही उस दिन कई घंटों का शिक्षण कार्य किया।



संगीत संस्थान की तरह से कहा गया, 10 फरवरी 2012 को, गुरुजी व्हीलचेयर पर ऋषभ के संगीत कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने ऋषभ का दर्शकों से परिचय कराने की सहमति दी और ऐसा करते हुए कहा, अभी-अभी यह नया, अद्भुत युवा लड़का मेरा शिष्य बना है और मैंने अभी उसे कुछ पाठ पढ़ाए हैं। न तो उस संगीत कार्यक्रम में और न ही उसके बाद कभी गुरुजी ने ऋषभ को अपना शिष्य कहा। ऋषभ को शिक्षा और संगीत प्रशिक्षण परिमल सदाफल के मार्गदर्शन में मिला था।

संगीत संस्थान के बयान के बाद यह साफ है कि पंडित रविशंकर के सबसे छोटे शिष्य शुभेंद्र राव और अनुष्का शंकर हैं, जिन्होंने चार और सात साल की उम्र से उनसे दीक्षा ली थी। उनके अंतिम शिष्य निषाद गाडगिल और डॉ. स्कॉट आइजमैन थे। स्पष्टीकरण के बाद युवा सितार वादक ऋषभ रिखीराम शर्मा के दावे गलत साबित हो गए हैं। युवा सितार वादक ऋषभ रिखीराम को क्लासिकल गानों को मॉर्डन अंदाज में गाने के लिए जाना जाता है और उनका 'शिव कैलाशों के वासी' काफी पॉपुलर हुआ था।

# होलिका दहन आज



हो ली का त्योहार देशभर में प्रसिद्ध है। होली से पूर्व रात को होलिका दहन किया जाता है। होलिका दहन का दिन भक्तों को प्रह्लाद और होलिका की याद दिलाता है। होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन किया जाता है। होलिका दहन के समय भद्रा का साया नहीं होनी चाहिए। भद्रा के समय होलिका दहन करने से अनहोनी की आशंका रहती है। होलिका दहन 2 मार्च को होगा और होली 3 मार्च को मनाई जाएगी। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि रंगों का त्योहार होली इस बार 3 मार्च को मनेगा। इससे एक दिन पहले 2 मार्च को तारीख को होली जलाई जाएगी। इस बार भद्रा दोष रहेगा इसलिए शाम में होलिका दहन हो सकेगा। हिंदू पंचांग के अनुसार इस बार होलिका दहन के लिए 12 मिनट का ही समय रहेगा। 2 मार्च को शाम 5:56 बजे भद्रा काल प्रारंभ होगा, जो 3 मार्च सुबह 5:28 बजे तक रहेगा। इस वर्ष भद्रा भूलोक में और सिंह राशि में मानी जा रही है, इसलिए प्रदोष काल में होलिका पूजन और दहन शास्त्रसम्मत और श्रेष्ठ रहेगा।

इस बार होली चंद्र ग्रहण के साये में मनाई जाएगी। 3 मार्च को दोपहर 3:20 बजे चंद्र ग्रहण शुरू होगा और शाम 6:48 बजे समाप्त होगा। जयपुर में चंद्र उदय शाम 6:29 बजे और ग्रहण का समापन 6:48 बजे होगा, जिससे ग्रहण काल मात्र 18 मिनट का रहेगा। ग्रहण का सूतक मंगलवार सुबह 6:20 बजे से लागू होगा। ग्रहण पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र और सिंह राशि में बनेगा और भारत में दिखाई देगा। चंद्र ग्रहण होने से होलिका दहन 2 मार्च को एक दिन पहले ही करना शुभ रहेगा। इस प्रकार, रंगों का त्योहार 3 मार्च को मनाया जाएगा।

**होलिका दहन पर भद्रा का साया**

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि फाल्गुनशुक्ल की प्रदोषव्यापिनी पूर्णिमा को भद्रा रहित में करना शास्त्रसम्मत बताया गया है। फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 2 मार्च 2026 को शाम 5:56 बजे शुरू होकर 3 मार्च 2026 को शाम 5:07 बजे तक समाप्त होगी। प्रदोषकाल में पूर्णिमा होने से दिनांक 02 मार्च 2026 (सोमवार) को ही होलिका दहन होगा। इस दिन भद्रा सायं 05:56 से अन्तरात्रि 05:28 तक भूमिलोक (नैऋत्यकोण अशुभ) की रहेगी, जो कि सर्वथा त्याज्य है।

**यथा :- भद्रायां द्वे न कर्तव्ये श्रावणी (रक्षाबंधन) फाल्गुनी ऐलिकादहन) तथा। श्रावणी नृपतिं हन्ति ग्रामं दहति फाल्गुनी ।। - मुहूर्तचिन्तामणि**

**श्रेष्ठ मुहूर्त (प्रदोषकाल)**

धर्मसिन्धु के प्रमाणानुसार दिनांक 02 मार्च 2026 सोमवार को सायं 06:24 से सायं 06:36 के मध्य प्रदोषकाल में होलिका दहन श्रेष्ठ होगा।

अन्य मुहूर्त :- भद्रा पुच्छ मध्यरात्रि 01:23 से 02:34 तक रहेगी, जिसमें परम्परा के अनुसार होलिका दहन किया जा सकता है, परन्तु भद्रा समाप्ति के बाद कदापि नहीं करें।

निष्कर्ष :- यदि भद्रा निशीथकाल से आगे तक रहे तो (भद्रा मुख को छोड़कर) होलिका दहन भद्रकाल (भद्रा पुच्छ या प्रदोष) में किया जाना चाहिए। 2 मार्च 2026 को, भद्रा और भद्रा पुच्छ ही निशीथकाल से आगे तक व्याप्त हैं। प्रदोष काल ही होलिका दहन हेतु श्रेष्ठ हैं।

**होलिका दहन के लिए मिलेगा सिर्फ 12 मिनट का समय**

2 मार्च को शाम 5:56 बजे पूर्णिमा तिथि शुरू हो जाएगी, जो की अगले दिन यानी 3 मार्च को शाम 5:07 बजे तक रहेगी, जबकि इस दौरान सूर्यास्त नहीं होगा। इसलिए प्रदोष काल भी लागू नहीं होगा। इस वजह से होलिका दहन सोमवार 2 मार्च को शाम 6:24 बजे से 6:36 बजे के बीच किया जाना श्रेष्ठ रहेगा, जबकि धुलंडी मंगलवार 3 मार्च को मनाई जाएगी। खास बात यह भी है कि चंद्र ग्रहण 3 मार्च को दोपहर बाद 3:20 बजे शुरू हो जाएगा और ग्रहण का समापन शाम 6:48 बजे होगा।

**शिव पूजा से खत्म होंगे दोष**

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि होलिका दहन के दिन हरि-हर पूजा करनी चाहिए। हरि यानी भगवान विष्णु और हर मतलब शिव। फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर प्रह्लाद का जीवन विष्णु भक्ति की वजह से ही बचा था। तभी से हर वर्ष फाल्गुन पूर्णिमा पर होलिका दहन के साथ ही विष्णु पूजन की परंपरा भी चली आ रही है। लेकिन साथ ही इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से बीमारियां दूर होने लगती हैं और हर तरह के दोष भी खत्म होते हैं। इसलिए विद्वानों ने इस पर्व पर हरि-हर पूजा का विधान बताया है।

**चंद्रमा को अर्घ्य देने का विशेष महत्व**

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि पूर्णिमा पर बन रहे सितारों के शुभ संयोग में चंद्रमा को अर्घ्य देने का विशेष महत्व रहेगा। फाल्गुन महीने की पूर्णिमा पर चंद्रमा की पूजा करने से रोग नाश होता है। इस त्योहार पर पानी में दूध मिलाकर चंद्रमा को अर्घ्य देना चाहिए। इसके बाद अबीर, गुलाल, चंदन, अक्षत, मौली, अष्टगंध, फूल और नैवेद्य चढ़ाकर चंद्रमा को धूप-दीप दर्शन करवाकर आरती करनी चाहिए। इस तरह से चंद्र पूजा करने से बीमारियां दूर होने लगती हैं।

**हवा की दिशा से तय होता है कैसा होगा सेहत, रोजगार और अर्थव्यवस्था**

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि होलिका दहन के दौरान हवा की दिशा से तय होता है कि अगली होली तक का समय सेहत, रोजगार, शिक्षा, बिजनेस, कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए कैसा होगा। होलिका जलने पर जिस दिशा में धुंआ उठता है, उससे आने वाले समय का भविष्य जाना जाता है। होलिका दहन की आग सीधी ऊपर उठे तो उसे बहुत शुभ माना गया है। वहीं, दक्षिण दिशा की ओर झुकी होलिका की आग को देश में बीमारियां और दुर्घटनाओं का संकेत देने वाला माना जाता है।

**आग का ऊपर उठना शुभ**

होलिका दहन के समय आग की लौ अगर सीधे हो, आसमान की तरफ उठे तो अगली होली तक सब कुछ अच्छा होता है। खासतौर से सत्ता और प्रशासनिक क्षेत्रों में बड़े सकारात्मक बदलाव होते हैं। बड़ी जन हानि या प्राकृतिक आपदा की आशंका भी कम रहती है। पूजा-पाठ और दान से परेशानियां खत्म होंगी।

**पूर्व दिशा–** होलिका दहन की लौ पूर्व दिशा की ओर झूके तो इसे बहुत शुभ माना गया है। इससे शिक्षा-अध्यात्म और धर्म को बढ़ावा मिलता है। रोजगार की संभावना बढ़ती है। लोगों की सेहत में सुधार होता है। मान-सम्मान में भी बढ़ता है।

**पश्चिम दिशा–** आग पश्चिम की ओर उठे तो पशुधन को लाभ होता है। आर्थिक प्रगति होती है, लेकिन धीरे-धीरे। थोड़ी प्राकृतिक आपदाओं की आशंका भी रहती है, लेकिन कोई बड़ी हानि नहीं होती है। इस दौरान चुनौतियां बढ़ती हैं लेकिन सफलता भी मिलती है।

**उत्तर दिशा–** होलिका दहन के वक्त आग उत्तर दिशा की ओर होती है तो देश और समाज में सुख-शांति बढ़ती है। इस दिशा में कुबेर समेत अन्य देवताओं का वास होने से आर्थिक प्रगति होती है। चिकित्सा, शिक्षा, कृषि और व्यापार में उन्नति होती है।

**दक्षिण दिशा–** इस दिशा में होलिका दहन की आग का झुकना अशुभ माना गया है। दक्षिण दिशा में होलिका की लौ होने से झगड़े और विवाद बढ़ने की आशंका रहती है। युद्ध-अशांति की स्थिति भी बनती है। इस दिशा में यम का प्रभाव होने से रोग और दुर्घटना बढ़ने का अंदेशा भी रहता है।



डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

## होलिका दहन के अग्नि में यह सामग्री डालन से घर में आती है सुख-समृद्धि

हो लिका दहन फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि पर मनाया जाता है। जो इस साल 2 मार्च, सोमवार के दिन पड़ रही है। इस दिन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। इसी दिन भक्त प्रह्लाद की जीत हुई थी और उनकी बुआ अग्नि में जलकर भस्म हो गईं। तभी से यह त्योहार मनाया जाता है। होलिका दहन की अग्नि में कुछ चीजों को अर्पित करना बेहद शुभ होता है। ऐसा करने से वास्तु दोष और नवग्रह बाधाओं को दूर किया जा सकता है। साथ ही, घर में सुख-समृद्धि आती है।



**होलिका दहन में डालें कपूर और हरी इलांयची**

शास्त्रों के अनुसार, होलिका दहन की अग्नि में कपूर और हरी इलायची जरूर अर्पित करनी चाहिए। ऐसा करने से मानसिक शांति प्राप्त होती है और कपूर से आसपास का वातावरण भी शुद्ध होता है। साथ ही, मान्यता है की इस उपाय को करने से माता लक्ष्मी प्रसन्न हो सकती हैं और उनकी कृपा परिवार के सदस्यों पर बनी रहती है।

**होलिका दहन में पीली सरसों करें अर्पित**

माना जाता है की होलिका दहन के दिन अग्नि में पीली सरसों जरूर अर्पित करनी चाहिए। ऐसा करने से बुरी नजर दूर होती है और परिवार के सदस्यों का भी बुरी नजर से बचाव होता है। साथ ही, होलिका दहन के दिन यह उपाय करने से घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर रहती है और इसकी जगह सकारात्मकता बढ़ती है।

**गाय के गोबर के उपले डालें**

होलिका दहन की अग्नि में गाय के गोबर के उपले अवश्य डालने चाहिए। इसे होलिका दहन में डालना अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। क्योंकि, उपले पवित्रता का प्रतीक हैं और इन्हें अग्नि में डालने से आसपास का वातावरण भी शुद्ध होता है और जीवन में सकारात्मकता आ सकती है।

**नारियल और पान के पत्ते करें अर्पित**

मान्यता है की होलिका दहन की अग्नि में नारियल और पान के पत्ते भी अर्पित कर सकते हैं। इन दो सामग्री को परिवार के सदस्यों की दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य के लिए अग्नि में डाला जाता है। श्रद्धापूर्वक उस उपाय करने से शुभ फल की प्राप्ति हो सकती है।

**अग्नि में डालें अनाज**

होलिका दहन में अनाज जैसे गेहूं, जौ आदि भी अर्पित करें। साथ ही, अच्छी फसल और आर्थिक स्थिरता की कामना भी करें। होलिका दहन के दिन यह उपाय भरपूर फसल के लिए किया जाता है। साथ ही, यह कामना की जाती है की पूरे साल आर्थिक स्थिरता बनी रही है। इन उपायों को करने से घर में सुख-समृद्धि आ सकती है।

## होलिका दहन पर गर्भवती महिलाओं को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

दो दिनों तक चलने वाला रंगोत्सव यानी होली का त्योहार होलिका दहन से शुरू होता है। यह दिन बुराई पर अच्छाई की जीत और भक्ति का प्रतीक है। होलिका दहन को छोटी होली के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन अग्नि में कुछ विशेष चीजें अर्पित करने का भी खास महत्व होता है। लेकिन शास्त्रों और ज्योतिष के अनुसार, इस दिन गर्भवती महिलाओं को कुछ नियमों का विशेष ध्यान जरूर रखना चाहिए।

**क्या गर्भवती महिलाओं को होलिका दहन देखना चाहिए?**

कुछ स्थानीय परंपराओं के अनुसार, होलिका दहन के दिन गर्भवती महिलाओं को अग्नि की परिक्रमा करने से बचना चाहिए। क्योंकि, अग्नि की तेज गर्मी और धुआं नुकसानदायक साबित हो सकता है। यही कारण है कि गर्भवती महिलाओं को होलिका दहन की अग्नि के पास जाना वर्जित माना जाता है। इसकी बजाए, आप मानसिक पूजा और भगवान का ध्यान कर सकती हैं।

**गर्भवती महिलाएं कैसे करें होलिका दहन की पूजा ?**

ज्योतिष एक्सपर्ट डॉ. मधु प्रिया प्रसाद के अनुसार, होलिका दहन की पूजा करने के लिए गर्भवती महिलाएं अग्नि से कुछ दूरी पर खड़े होकर मानसिक पूजा और प्रार्थना कर सकती हैं। साथ ही, मंत्रों का जाप भी किया जा सकता है। इससे जीवन में सकारात्मकता बनी रहती है। होलिका दहन पर आप अग्नि में उपले, अनाज, सरसों आदि अर्पित करने के लिए उन्हें अपने हाथों से स्पर्श करके परिवार के किसी सदस्य से अर्पित करा सकती हैं।

**होलिका दहन का महत्व**

यह दिन होलिका और भक्त प्रह्लाद की कथा से संबंधित है। हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को बुलाकर उसे प्रह्लाद के साथ अग्नि में बैठने को कहा था क्योंकि, होलिका को कभी न जलने का वरदान प्राप्त था। लेकिन जब होलिका प्रह्लाद के गोद में लेकर अग्नि में बैठी, तो अपने वरदान का दुरुपयोग करने के कारण वह भस्म हो गई और विष्णुजी के भक्त प्रह्लाद सुरक्षित बाहर आ गए। ऐसे में इस दिन को भय और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना गया है। वहीं, होलिका दहन की अग्नि को बेहद पवित्र माना जाता है।

होलिका दहन के बाद अगले दिन रंगोत्सव यानी होली का त्योहार पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। वहीं, मथुरा-वृंदावन में होली 9 दिनों तक मनाई जाती है जिसकी शुरुआत लड्डू मार होली से होती है और रंगों वाली होली से अगले दिन इसका समापन होता है। इस बार रंगोत्सव 4 मार्च, बुधवार के दिन मनाया जाएगा। इससे एक दिन पहले यानी होलिका दहन के दिन स्नानादि करने के पश्चात साफ वस्त्र धारण करने चाहिए और फिर, विधि-विधान से पूजा करें। ऐसा करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है और वास्तु दोष से भी राहत मिल सकती है।

## होलिका दहन पर मंगल का कुंभ गोचर, इन राशियों के लिए लाभ और चुनौतियां

हो लिका दहन 2026 के अवसर पर ग्रहों की स्थिति विशेष मानी जा रही है। इस दिन मंगल कुंभ राशि में विराजमान रहेंगे। मंगल को ऊर्जा, साहस और सक्रियता का प्रतीक माना जाता है, ऐसे में उनका कुंभ राशि में गोचर कई राशियों के जीवन में बदलाव के संकेत देता है। होलिका दहन से पहले और बाद का यह समय कुछ राशियों के लिए उन्नति के अवसर लाएगा, वहीं कुछ के लिए सावधानी की मांग करेगा। यहां छह राशियों पर इस गोचर के संभावित प्रभावों का विवरण दिया जा रहा है।

**तुला राशि –** तुला राशि वालों के लिए यह समय आर्थिक दृष्टि से प्रगति का संकेत देता है। बौद्धिक क्षमता का सही उपयोग करने से आय के नए रास्ते खुल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में नई गतिविधियों की शुरुआत संभव है और कला या तकनीक से जुड़े क्षेत्रों में आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं। हालांकि स्वास्थ्य से जुड़ी कुछ परेशानियां मानसिक चिंता बढ़ा सकती हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियों और निजी संबंधों में संतुलन बनाए रखना जरूरी रहेगा।

**वृश्चिक राशि–** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह गोचर संपत्ति और भौतिक सुखों में वृद्धि के योग बना रहा है। घर, वाहन या जमीन से जुड़े मामलों में लाभ के संकेत हैं। करियर में भाग्य का साथ मिल सकता है और प्रतिस्पर्धा में सफलता मिलने की संभावना है। हालांकि भावनात्मक आवेग और गुस्से पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा, क्योंकि इससे संबंधों में तनाव पैदा हो सकता है।

**धनु राशि–** धनु राशि वालों के लिए मंगल का यह प्रभाव सामाजिक दायरा बढ़ाने वाला रहेगा। साहस और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, जिससे नए संपर्क बन सकते हैं। हालांकि निजी जीवन में कुछ असंतुलन महसूस हो सकता है, खासकर परिवार और संबंधों को लेकर। शिक्षा और तकनीकी ज्ञान से जुड़े प्रयासों में मेहनत के बाद सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

**मकर राशि–** मकर राशि के जातकों के लिए यह समय नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने वाला साबित हो सकता है। पारिवारिक मामलों में प्रगति के संकेत हैं और करियर में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। हालांकि खर्चों में अचानक वृद्धि होने से बजट प्रभावित हो सकता है। संबंधों में स्पष्ट संवाद बनाए रखना आवश्यक रहेगा, ताकि गलतफहमियों से बचा जा सके।

**कुंभ राशि–** कुंभ राशि में मंगल की मौजूदगी इस राशि वालों के लिए मिश्रित परिणाम लेकर आ सकती है। आर्थिक मामलों में सुधार के संकेत हैं और पैतृक संपत्ति से लाभ मिल सकता है। साथ ही मानसिक गतिविधियां बढ़ेंगी और नई योजनाओं पर विचार होगा। हालांकि निजी रिश्तों और स्वास्थ्य से जुड़े कुछ मुद्दे चिंता का कारण बन सकते हैं, इसलिए संतुलन बनाए रखना जरूरी रहेगा।

**मीन राशि–** मीन राशि के जातकों के लिए यह गोचर खर्चों में बढ़ोतरी का संकेत देता है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और प्रतिस्पर्धा में सफलता मिलने की संभावना है। पारिवारिक जिम्मेदारियों को लेकर चिंता बनी रह सकती है, लेकिन संतान या शिक्षा से जुड़े मामलों में संतोषजनक परिणाम मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में धैर्य और निरंतर प्रयास जरूरी रहेंगे।

## राशि अनुसार करें होलिका दहन पूजा

हिं दू धर्म में होली का त्योहार दो दिवसीय होता है। इसकी शुरुआत होलिका दहन से होती है। होलिका दहन फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। पुराणों में होलिका दहन और पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। माना जाता है कि होलिका दहन के दिन होली की पूजा करने से महालक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। मान्यता है कि मां लक्ष्मी के साथ सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन किया जाता है। श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर की निदेशिका ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि रंगों का त्योहार होली इस बार 3 मार्च को मनेगा। इससे एक दिन पहले 2 मार्च को होली जलाई जाएगी। इस बार भद्रा दोष रहेगा। हालांकि इस बार होलिका दहन का समय 2 मार्च की शाम और अर्द्ध रात्रि में किया जाएगा, जिसमें भी 2 मार्च की शाम को सिर्फ 12 मिनट का ही समय मिलेगा, जबकि अर्द्ध रात्रि में 1 घंटे 10 मिनट का समय होलिका दहन के लिए मिल रहा है। खास बात यह भी है कि इस बार होली के दिन चंद्र ग्रहण भी रहेगा।

होली के बाद से दीपावली तक तेजी का माहौल बना रहेगा। लेकिन बिजनेस करने वालों के लिए अच्छी स्थितियां बनेंगे और फायदे वाला समय रहेगा। विदेशी निवेश में भी वृद्धि होने के योग हैं। मंदी खत्म होगी। देश में बीमारियों का संक्रमण कम होने लगेगा उद्योग बढ़ेंगे। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को अच्छा समय शुरू होगा। महंगाई पर नियंत्रण बना रहेगा।

**कैसे करें होलिका दहन**

होलिका दहन के बाद जल से अर्घ्य दें। शुभ मुहूर्त में होलिका में स्वयं या परिवार के किसी वरिष्ठ सदस्य से अग्नि प्रज्जवलित कराएं। आग में किसी भी फसल को सेंक लें और अगले दिन इसे सपरिवार ग्रहण करें। मान्यता है कि ऐसा करने से परिवार के सदस्यों को रोगों से मुक्ति मिलती है।

**होलिका दहन के दिन क्या नहीं करना चाहिए**

होलिका दहन के दिन सफेद खाद्य पदार्थ ग्रहण नहीं करना चाहिए। होलिका दहन के समय सिर ढंककर ही पूजा करनी चाहिए। नवविवाहित महिलाओं को होलिका दहन नहीं देखना चाहिए। सास-बहू को एक साथ मिलकर होलिका दहन नहीं देखना चाहिए। इस दिन को भी शुभ या मांगलिक कार्य नहीं करना चाहिए।

**होलिका दहन की रात भी महारात्रि की श्रेणी में शामिल**

होलिका दहन की रात को भी दीपावली और शिवरात्रि की भांति ही महारात्रि की श्रेणी में शामिल किया गया है। होलिका की राख को मस्तक पर लगाने का भी विधान है। ऐसा करने से शारीरिक कष्ट दूर होते हैं। इस रात मंत्र जाप करने से वे मंत्र सिद्धि प्राप्त होती है। जीवन सुखमय बनता है, जीवन में आने वाली सभी परेशानियों का अपने आप निराकरण हो जाता है।

**राशि अनुसार करें होलिका की पूजा।**

**मेष राशि –** मेष राशि के लोग गुड़ की आहुति दें।

**वृषभ राशि –** वृषभ राशि वाले चीनी की आहुति दें।

**मिथुन राशि–** मिथुन राशि के लोग कपूर की आहुति दें।

**कर्क राशि –** कर्क राशि के लोग लोहबान की आहुति दें।

**सिंह राशि–** सिंह राशि के लोग गुड़ की आहुति दें।

**कन्या राशि–** कन्या राशि के लोग कपूर की आहुति दें।

**तुला राशि–** तुला राशि वाले कपूर की आहुति दें।

**वृश्चिक राशि–** वृश्चिक राशि के लोग गुड़ की आहुति दें।

**धनु राशि–** धनु राशि के लोग जौ और चना की आहुति दें।

**मकर राशि–** मकर राशि वाले तिल को होलिका दहन में डालें।

**कुंभ राशि–** कुंभ राशि वाले तिल को होलिका दहन में डालें।

**मीन राशि–** मीन राशि के लोग जौ और चना की आहुति दें।

शनि-राहु-केतु और नजर दोष से मुक्ति के उपाय

होलिका दहन करने या फिर उसके दर्शन मात्र से भी व्यक्ति को शनि-राहु-केतु के साथ नजर दोष से मुक्ति मिलती है। माना जाता है कि होली की भस्म का टीका लगाने से नजर दोष तथा प्रेतबाधा से मुक्ति मिलती है। किसी मनोकामना को पूरा करना चाहते हैं तो जलती होली में 3 गोमती चक्र हाथ में लेकर अपनी इच्छा को 21 बार मन में बोलकर तीनों गोमती चक्र को अग्नि में डालकर अग्नि को प्रणाम करके वापस आ जाएं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यदि कोई व्यक्ति घर में भस्म चांदी की डिब्बी में रखता है तो उसकी कई बाधाएं अपने आप ही दूर हो जाती हैं। अपने कार्यों में आने वाली बाधा को दूर करने के लिए आटे का चौमुखा दीपक सरसों के तेल से भरकर उसमें कुछ दाने काले तिल,एक बताशा, सिन्दूर और एक तांबे का सिक्का डालकर उसे होली की अग्नि से जलाएं। अब इस दीपक को घर के पीड़ित व्यक्ति के सिर से उतारकर किसी सुनसान चौराहे पर रखकर बगैर पीछे मुड़े वापस आकर अपने हाथ-पैर धोकर घर में प्रवेश कर लें।

**होलिका दहन कथा**

एक पौराणिक कथा के अनुसार, हिरण्यकश्यप के पुत्र प्रह्लाद भगवान के अनन्य भक्त थे। उनकी इस भक्ति से पिता हिरण्यकश्यप नाखुश थे। इसी बात को लेकर उन्होंने अपने पुत्र को भगवान की भक्ति से हटाने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन भक्त प्रह्लाद प्रभु की भक्ति को नहीं छोड़ पाए। अंत में हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र को मारने के लिए योजना बनाई। अपनी बहन होलिका की गोद में प्रह्लाद को बैठाकर अग्नि के हवाले कर दिया। लेकिन भगवान की ऐसी कृपा हुई कि होलिका जलकर भस्म हो गई और भक्त प्रह्लाद आग से सुरक्षित बाहर निकल आए, तभी से होली पर्व को मनाने की प्रथा शुरू हुई।

एक अन्य कथा के अनुसार, हिमालय पुत्री पार्वती चाहती थीं कि उनका विवाह भगवान शिव से हो जाये पर शिवजी अपनी तपस्या में लीन थे। कामदेव पार्वती की सहायता को आये। उन्होंने प्रेम बाण चलाया और भगवान शिव की तपस्या भंग हो गयी। शिवजी को बड़ा क्रोध आया और उन्होंने अपनी तीसरी आंख खोल दी। उनके क्रोध की ज्वाला में कामदेव का शरीर भस्म हो गया। फिर शिवजी ने पार्वती को देखा। पार्वती की आराधना सफल हुई और शिवजी ने उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार कर लिया। होली की आग में वासनात्मक आकर्षण को प्रतीकत्मक रूप से जला कर सच्चे प्रेम की विजय का उत्सव मनाया जाता है।



नीतिका शर्मा
ज्योतिषाचार्या एवं फेमस टैरो कार्ड रीडर
श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर, अजमेर

## आज का राशिफल

### मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

अपनी शारीरिक चुस्ती–फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं। दिन के दूसरे हिस्से में आर्थिक तौर पर फ़ायदा होगा। आपको कोई अच्छी ख़बर मिल सकती है, जो न केवल आपको बल्कि आपके परिवार को भी रोमांचित कर देगी। आपको अपने रोमांच को नियंत्रित रखने की ज़रूरत है। नौकरी–पेशे के लिहाज़ से की गयी यात्रा सकारात्मक फल देगी। आपको इंटरव्यू के दौरान दिमाग़ ठण्डा रखने और ख़ुद को अभिव्यक्त करने की ज़रूरत है। आज अपने जीवनसाथी का व्यहवार उतना अच्छा नहीं होगा ।

### वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

आप जो शारीरिक बदलाव आज करेंगे, वे निश्चित तौर पर आपके रूप–रंग को आकर्षक बनाएगा। पैसा अचानक आपके पास अएगा, जो अपके ख़र्चों और बिल आदि को सम्हाल लेगा। बढ़िया दिन है जब आप सबके ध्यान को अपनी तरफ़ खींचेंगे– आपके सामने चुनने के लिए कई चीज़ें होंगी और आपके सामने समस्या यह होगी कि किसे पहले चुना जाए। सहकर्मियों और वरिष्ठों से मिला सहयोग आपके उत्साह में इज़ाफ़ा करेगा। जल्दबाज़ी में फ़ैसले न करें, ताकि ज़िन्दगी में आगे आपको पछताना न पड़े।

### मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह

आज आप ऊर्जा से लबरेज़ होंगे– आप जो भी करेंगे उसे आप उससे आधे वक़्त में ही कर देंगे, जितना वक़्त आप अक्सर लेते हैं। जेवर और एंटीक में निवेश फ़ायद–मंद रहेगा और समृद्धि लेकर आएगा। यह वक़्त इस बात को समझने का है कि ग़ुस्सा छो–टा–पागलपन है और यह आपको बारी नुक़सान की तरफ़ धकेल सकता है। काम की अधिकता के बावजूद भी आज कार्यक्षेत्र में आपमें ऊर्जा देखी जा सकती है। आज आप दिये गये काम को तय वक्त से पहले ही पूरा कर सकते हैं। रात के समय आज आप घर के लोगों से दूर होकर अपने घर की छत या किसी पार्क में टहलना पसंद करेंगे।

### कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

आज आप खेल–कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। आपकी माता पक्ष से आज आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है। हो सकता है कि आपके मामा या नाना आपकी आर्थिक मदद करें। अपने जीवन–साथी के साथ अपनी गोपनीय जानकारी बांटने से पहले सोच लें। अगर मुमकिन हो तो इससे बचें, क्योंकि इन बातों के बाहर फैलने का ख़तरा है । लोग आपको अपने बढ़िया काम के लिए कार्यक्षेत्र में पहचानेंगे। हितकारी ग्रह कई ऐसे कारण पैदा करेंगे, जिनकी वजह से आज आप ख़ुशी महसूस करेंगे। वैवाहिक जीवन में चीज़ें हाथ से निकलती हुई मालूम होंगी।

### सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

आपको काफ़ी समय से चल रही बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। आप दूसरों पर कुछ ज़्यादा ख़र्चा कर सकते हैं। बच्चों के साथ समय बिताना ख़ास होगा। आप किसी बड़े व्यावसायिक लेन–देन को अंजाम दे सकते हैं और मनोरंजन से जुड़ी किसी परियोजना में कई लोगों का संयोजन कर सकते हैं। वक्त की नाजाकत को समझते हुए आज आप सब लोगों से दूरी बनाकर एकांत में वक्त बिताना पसंद करेंगे। ऐसा करना आपके लिए हितकर भी होगा। आपका जीवनस–ाथी आपको ख़ुश करने के लिए आज काफ़ी कोशिशें करता नज़र आएगा।

### कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

घरेलू परेशानियाँ आपको तनाव दे सकती हैं। आज आपको अपने उन रिश्तेदारों को पैसा उधार नहीं देना चाहिए जिन्होंने आपका पिछला उधार अब तक वापस नहीं किया है। आपको ऐसी परियोजनाएँ शुरू करनी चाहिए, जो पूरे परिवार के लिए समृद्धिलाएँ। आईटी से जुड़े लोगों को अपना जौहर दिखाने का मौक़ा मिल सकता है। आपको क़ामयाबी पाने के लिए केवल काम पर एकाग्र होकर जी–तोड़ मेहनत करने की ज़रूरत है। सामाजिक और धार्मिक समारोह के लिए बेहतरीन दिन है। कोई रिश्तेदार अचानक आपके घर आ सकता है, जिसके चलते आपकी योजनाएँ गड़बड़ा सकती हैं।

### तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

झगड़ालू स्वभाव को क़ाबू में रखें, नहीं तो रिश्तों में कभी न मिटने वाली खटास पैदा हो सकती है। दीर्घावधि मुनाफ़े के नज़रिए से स्टॉक और म्यूचुअल फ़ंड में निवेश करना फ़ायदेमंद रहेगा। शाम का वक़्त दोस्तों के साथ बिताना दिलचस्प तो रहेगा ही, साथ ही छुट्टी साथ बिताने की योजनाओं पर भी चर्चा हो सकेगी। प्यार के नज़रिए से यह दिन बेहद ख़ास रहेगा। अपने काम और प्राथमिकताओं पर ध्यान एकाग्र करें। अपने जरुरी कामों को निपटाकर आज आप अपने लिए समय तो अवश्य निकालेंगे लेकिन इस समय का उपयोग आप अपने हिसाब से नहीं कर पाएंगे।

### वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

आज के दिन आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है लेकिन इसके साथ ही आपको दान–पुण्य भी करना चाहिए क्योंकि इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आपके घर वाले आपकी कोशिशों और समर्पण को सराहेंगे। आपका महबूब आज आपको बड़ी ख़ूबसूरती से कुछ ख़ास करके चौंका सकता है। लगता है कि आपके विरष्ठ आज देवदूतों जैसा व्यवहार करने वाले हैं। कोई रोचक मैगजीन या उपन्यास पढ़ के आजके दिन को आप अच्छी तरह से व्यतीत कर सकते हैं। मतभेदों की एक लम्बी श्रृंखला के पनपने के कारण आप–को सामंजस्य बिठाने के मुश्किल आएगी।

### धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

आपमें आज चुस्ती–फुर्ती देखी जा सकती है। आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। आर्थिक पक्ष के मजबूत होने की पूरी संभावना है। अगर आपने किसी शख्स को पैसा उधार दिया था तो आज आपको वो पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। कुछ भी चालाकी भरे काम को करने से बचें। मानसिक शांति के लिए इस तरह के कामों में से दूर रहे। दूसरों की राय को ग़ौर से सुनें– अगर आप आज वाक़ई फ़ायदा चाहते हैं तो। आपकी व्यस्त दि–नचर्या के चलते आपका जीवनसाथी आपके ऊपर शक़ कर सकता है।

### मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

आज के दिन किए गए दान–पुण्य के काम आपको मानसिक शान्ति और सुकून देंगे। आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है। किसी ऐतिहासिक इमारत के आस–पास सैर–सपाटे की योजना बनाएँ। इससे बच्चों और परिवार के सदस्यों को ज़रूरी ताज़गी मिलेगी। आपका साहस आपको प्यार दिलाने में सफल रहेगा। साझीदारी की परियोजनाएँ सकारात्मक परिणाम से ज़्यादा परेशानियाँ देंगी। कोई आपका बेजा फ़ायदा उठा सकता है और उसे ऐसा करने देने के लिए आप ख़ुद से ही नाराज़ हो सकते हैं।

### कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

कुदरत ने आपको आत्मविश्वास और तेज़ दिमाग़ से नवाज़ा है– इसलिए इनका भरपूर इस्तेमाल कीजिए। नौकरी पेशा से जुड़े लोगों को आज धन की बहुत आ–वश्यकता पड़ेगी लेकिन बीते दिनों में किये गये फिजुलखर्च के कारण उनके पास पर्याप्त धन नहीं होगा। अपने परिवार को पर्याप्त समय दें। उन्हें महसूस होने दें कि आप उनका ख़याल रखते हैं। काम के दबाव के चलते मानसिक उथल–पुथल और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। खुदरा और थोक व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है। उन लोगों से मेलजोल बढ़ाने से बचें जिनके साथ आपका वक्त ख़राब होता है।

### मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

यात्रा के लिहाज़ से आप अभी कुछ कमज़ोर हैं, इसलिए लंबी यात्राओं से बचने की कोशिश कीजिए। पैसा अचानक आपके पास अएगा, जो अपके ख़र्चों और बिल आदि को सम्हाल लेगा। ऐसे कामों में सहभागिता करने के लिए अच्छा समय है, जिसमें युवा लोग जुड़े हों। अचानक मिला कोई सुखद संदेश नींद में आपको मीठे सपने देगा। आपके लिए आज बहुत सक्रिय और लोगों से मेल–जोल भरा दिन रहेगा। लोग आपसे आपकी राय मांगेंगे और जो भी आप कहेंगे, उसे बिना सोचे मान लेंगे। आज के दिन आपके कुछ दोस्त आपके घर में आ सकते हैं और उनके साथ आप समय बिता सकते हैं।

## आज का पंचांग

दिनांक : 02 मार्च 2026 , सोमवार
विक्रम संवत : 2082
मास : फाल्गुन , शुक्ल पक्ष
तिथि : चतुर्दशी सायं 05:58 तक
नक्षत्र : आश्लेषा प्रात: 07:52 तक
योग : अतिगंड दोपहर 12:18 तक
करण : वणिज सायं 05:58 तक
चन्द्रराशि : कर्क प्रात: 07:52 तक
सूर्योदय : 06:33, सूर्यास्त 06:22 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:35, सूर्यास्त 06:28 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:28, सूर्यास्त 06:20 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:24, सूर्यास्त 06:14 ( विजयवाडा )

### शुभ चौघड़िया

अमृत : 06:00 से 07:30
शुभ : 09:00 से 10:30
चल : 01:30 से 03:00
लाभ : 03:00 से 04:30
अमृत : 04:30 से 06:00
राहुकाल : प्रात: 07:30 से 09:00
दिशाशूल : पूर्व दिशा
उपाय : दही धनिया खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : पूर्णिमा व्रत, होलिका दहन भद्रोत्तर ,
भद्रा सायं 05:58 से रात्रि 05:29 तक


✲ पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें ✲

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


# राज्य सरकार प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध : भजनलाल



**जयपुर, 01 मार्च (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए आध्यात्मिक चेतना महत्वपूर्ण है। इस दिशा में जैन समुदाय की 'ध्यान, तपस्या एवं आत्मचिंतन की परंपरा' ने पूरे विश्व का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और इसमें जैन सहित सभी समाजों की साझेदारी आवश्यक है। शर्मा रविवार को जयपुर में जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीटो) टाउन रिप्रजेन्टेटिव नेशनल कॉन्क्लेव एवं विश्व नवकार महामंत्र दिवस 2.0 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'मूल्य आधारित नेतृत्व, सामाजिक एकता एवं आध्यात्मिक चेतना' भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। हमें अपने निर्णयों में ईमानदारी, पारदर्शिता, जनसेवा एवं नैतिकता को प्राथमिकता देनी चाहिए। साथ ही, एक–दूसरे के प्रति संवेदनशील होकर कर्तव्यबोध को सर्वोपरि रखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन समाज ने सदियों से भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति को आगे बढ़ाया है। अहिंसा, करुणा एवं सत्य के मूल्यों के आधार पर भारतीय सभ्यता के निर्माण में अतुलनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर स्वामी की अहिंसा की शिक्षा और प्राचीन काल से चली आ रही ज्ञान परंपरा के माध्यम से जैन दर्शन ने 'जियो और जीने दो' का अमर संदेश दिया है।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। वर्ष 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान पर थी, जो आज चौथे स्थान पर पहुंच गई है और शीघ्र ही तीसरे स्थान हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि जैन समाज का देश–प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। साथ ही, सामाजिक क्षेत्र में भी समाज ने अनुकरणीय कार्य किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवकार महामंत्र दिवस 2.0 का आज शुभ कार्यक्रम है। नवकार महामंत्र केवल जैन धर्म का मंत्र नहीं है, बल्कि यह समस्त मानवता को अहिंसा, करुणा, ज्ञान एवं आत्मशुद्धि का मार्ग दिखाने वाला सार्वभौमिक संदेश है। उन्होंने नवकार महामंत्र की दिव्य ऊर्जा से विश्व में शांति, सद्भाव एवं कल्याण का मार्ग प्रशस्त होने की मंगलकामना की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने विश्व नवकार महामंत्र दिवस 2.0 के प्रचार–प्रसार के लिए रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में जीटो अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित विभिन्न चैप्टर्स के पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में महिला एवं युवा उद्यमी उपस्थित रहे।

# 2 हजार करोड़ से बनेगा विद्यालय आधारभूत संरचना कोष : जोगाराम पटेल



**जोधपुर, 01 मार्च (एजेंसियां)।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने जोधपुर में रश्मि वेलफेयर सोसाइटी द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सर में नवनिर्मित डिजिटल कंप्यूटर लैब का विधिवत लोकार्पण किया। कार्यक्रम में शिकारपुरा धाम के महंत दयाराम महाराज का पावन सानिध्य रहा। कार्यक्रम में 86.50 लाख रूपये के 12 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया गया। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा बजट घोषणा के अनुरूप विद्यालयों के जर्जर भवनों की मरम्मत, पुनर्निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए 2 हजार करोड़ रुपये की राशि से विद्यालय आधारभूत संरचना कोष का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा 200 करोड़ रुपये की लागत से विद्यालयों में 1500 से अधिक क्लास रूम्स, लैब्स और कंप्यूटर लैब का निर्माण करवाया जाएगा।

पटेल ने कहा प्रदेश में विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में लगभग 323 करोड़ रूपये का व्यय कर बच्चों के समग्र विकास तथा खेल आधारित शिक्षा के लिए खेल सामग्री एवं जादुई पिटारा उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा प्रदेश के एक हजार विद्यालयों में एआई आधारित पर्सनलाइज्ड लर्निंग लैब्स की स्थापना की जायेगी। उन्होंने कहा सैनिक परिवारों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण की सुविधा के लिए जोधपुर में मेजर शैतान सिंह कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की जाएगी। पटेल ने बिटिया रश्मि की स्मृति में नवनिर्मित डिजिटल कंप्यूटर लैब का लोकार्पण करते हुए इसे क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर बताया।

# दुबई में फंसे जोधपुर के 120 श्रद्धाल, सुरक्षा और वापसी की मांग तेज



**जोधपुर, 01 मार्च (एजेंसियां)।** मिडिल ईस्ट में जारी मिसाइल हमलों के बीच जोधपुर के 120 श्रद्धालु दुबई में फंसे होने की खबर से परिजनों में चिंता बढ़ गई है। यह जत्था सूरसागर बड़ा रामद्वारा से 23 फरवरी को सत्संग और भ्रमण के लिए दुबई रवाना हुआ था। श्रद्धालु रामप्रसाद महाराज के सानिध्य में यात्रा पर गए थे। जानकारी के अनुसार, मंडोर और सूरसागर क्षेत्र के माली समाज के करीब 100 लोग इस जत्थे में शामिल हैं। श्रद्धालु आबूधाबी से वापसी के दौरान थे, तभी क्षेत्र में हमलों और आपातकाल की सूचना मिली। राम मंदिर दर्शन के समय हमले की खबर के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। निर्धारित उड़ान रद्द कर दी गई और श्रद्धालुओं को वापस दुबई भेज दिया गया। वर्तमान में सभी श्रद्धालु मीना बाजार स्थित एक होटल में अस्थायी रूप से ठहरे हुए हैं। लगातार मिसाइल हमलों की खबरों से उनमें दहशत का माहौल है। यात्रियों के पास मौजूद धनराशि भी लगभग समाप्त हो चुकी है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है।

जोधपुर में परिजन अत्यधिक चिंतित हैं और केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। पूर्व जेडीए अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोलंकी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से राज्य और केंद्र सरकार के स्तर पर त्वरित सहायता सुनिश्चित करने की अपील की है। परिजनों ने मांग की है कि भारत सरकार और दूतावास तत्काल हस्तक्षेप कर श्रद्धालुओं की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करे।

# बांसवाड़ा–उदयपुर हाईवे पर चलती बस बनी आग का गोला

## धू–धू कर जली स्लीपर कोच, यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

**सलूंबर/उदयपुर , 01 मार्च (एजेंसियां)।** सलूंबर जिले के झल्लारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बांसवाड़ा–उदयपुर मार्ग पर रविवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। यहाँ एक चलती स्लीपर कोच बस अचानक आग की लपटों में घिर गई। देखते ही देखते पूरी बस 'कोयला' बन गई, लेकिन राहत की बात यह रही कि बस में सवार सभी 5 यात्री, ड्राइवर और क्लीनर सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। इंजन से निकला धुआँ और देखते ही देखते मची चीख–पुकार यह घटना सुबह करीब 6:00 बजे गरडा गांव के पास हुई। 'आशापुरा ट्रैवल्स' की 'मुल्तानी सोना' बस बांसवाड़ा से उदयपुर की ओर जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस अपनी रफ्तार में थी तभी अचानक इंजन वाले हिस्से से गहरा काला धुआँ निकलने लगा। खतरे को भांपते हुए ड्राइवर ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोका और शोर मचाकर यात्रियों को नीचे उतरने के लिए कहा।

जैसे ही यात्री नीचे उतरे, आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी विकराल थी कि कुछ ही मिनटों में बस का सिर्फ लोहे का ढांचा शेष बचा।

शुरुआती जांच में हादसे का कारण बस के इंजन में हुआ शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि स्थानीय संसाधनों से उसे बुझाना नामुमकिन था।

जाम की स्थिति: हादसे के चलते हाईवे पर करीब 2 घंटे तक आवागमन पूरी तरह ठप रहा। झल्लारा थाना अधिकारी जय किशन फुलवारिया टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सुरक्षा के लिहाज से ट्रैफिक रुकवाया। सलूंबर से बुलाई गई फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जलती हुई बस और उससे उठते धुएं के गुबार के कारण पुलिस ने दोनों तरफ के वाहनों को दूर ही रोक दिया था। इसके चलते हाईवे के दोनों छोरों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बाद में क्रेन की मदद से बस के मलबे को सड़क से हटाकर रास्ता बहाल किया गया।

# ट्रेड डील पर सरकार स्पष्ट करे स्थिति, विरोधाभासी बयान देना बंद करे: कुमारी सैलजा



**सिरसा, 01 मार्च (एजेंसियां)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, सिरसा की सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कुमारी सैलजा ने दिल्ली में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा चलाए गए देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के साथ मिलकर किया। यह अभियान देशहित से जुड़े गंभीर आर्थिक और कृषि प्रश्नों पर जनमत संगठित करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। इस अवसर पर कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका के साथ कथित ट्रेड डील को लेकर देशभर में भ्रम और आशंकाएं बनी हुई हैं। एक ओर सरकार के प्रतिनिधि अंतरराष्ट्रीय समझौते की चर्चा करते हैं, वहीं दूसरी ओर यह कहा जा रहा है कि अभी तक कोई डील नहीं हुई। इस प्रकार के विर–ोधाभासी बयान जनता को गुमराह करने वाले हैं। सरकार को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि सच्चाई क्या है और यदि कोई वार्ता या समझौता हुआ है तो उसकी शर्तें सार्वजनिक की जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते में किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और लघु उद्योगों के हितों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जा सकती। देश की कृषि और स्थानीय बाजारों को प्रभावित करने वाले निर्णय बिना व्यापक चर्चा, पारदर्शिता और जवाबदेही के नहीं लिए जाने चाहिए।

# 22 मार्च को बादशाहपुर विधानसभा में जनसभा को संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री सैनी : राव नरबीर सिंह

**चंडीगढ़, 01 मार्च (एजेंसियां)।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह की ओर से रविवार को एसपीआर रोड स्थित अनमोल कन्वेंशन सेंटर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों व क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। समारोह में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने उपस्थित लोगों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और नई ऊर्जा का संचार करे। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का प्रतीक है। यह पर्व हमें भेदभाव, कटुता और मनमुटाव को भुलाकर एक–दूसरे को गले लगाने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार विभिन्न रंग मिलकर होली को सुंदर बनाते हैं, उसी प्रकार समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से ही क्षेत्र और प्रदेश का संतुलित विकास संभव है। होली का संदेश आपसी एकता, सौहार्द और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करना है, और हमें इसी भावना के साथ समाज व प्रदेश के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

# पंजाब गुरुओं की धरती, तप–त्याग और बलिदान की भूमि है: नायब सिंह

**चंडीगढ़, 01 मार्च (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को पंजाब के गुरदासपुर जिले के दीनानगर में सैनी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब गुरुओं की धरती है, यह तप, त्याग और बलिदान की भूमि है। उन्होंने कहा कि विभाजन की वेदना झेलने के बावजूद यहां के लोगों ने कभी निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और आत्मविश्वास को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब विधानसभा का आगामी चुनाव केवल सरकार बदलने का चुनाव नहीं है, यह चुनाव पंजाब की राजनीतिक दिशा को बदलने, समाज को सम्मान दिलाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि इस पावन भूमि पर आकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उपस्थित जनसमूह को नमन करते हुए उन्होंने आह्वान किया कि सभी को मिलकर पंजाब को फिर से विकास के पथ पर अग्रणी राज्य बनाना है। उन्होंने कहा, हम सबने मिलकर पंजाब को फिर से रंगला पंजाब बनाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनी समाज को सम्मान देने का काम किया है। मुझ जैसे एक छोटे कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाकर समाज को ताकत दी है। उन्होंने बताया कि सोमवार को हरियाणा विधानसभा में वे अपना दूसरा बजट पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि 217 संकल्पों में से 60 पूरे किए जा चुके हैं और 120 पर तेजी से काम चल रहा है।

प्रदेश सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में किडनी मरीजों को सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में मुफ्त डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है। बुजुर्गों को प्रत्येक माह की 10 तारीख तक पेंशन घर बैठे उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपए दिए जा रहे हैं। किसानों की फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी जा रही हैं और 48 घंटे में भुगतान सुनिश्चित किया गया है। भावांतर भरपाई योजना से भी किसानों को लाभ मिल रहा है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों को मकान बनाकर दिए जा रहे हैं और जिन परिवारों के पास जमीन नहीं है, उन्हें प्लॉट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। लंबे समय से पंचायती भूमि पर निवास कर रहे परिवारों को मालिकाना हक भी प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब की सत्ता कुछ हाथों में सिमटने से विकास प्रभावित हुआ है। अब राजनीति की दिशा बदलने का समय है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में ओबीसी वर्ग एकजुट होकर निर्णायक भूमिका निभाएगा और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में योगदान देगा ताकि पंजाब को फिर से रंगला और खुशहाल प्रदेश बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि पंजाब में 31 प्रतिशत ओबीसी वर्ग है, यह मिलकर राजनीति की धुरी बने और राजनीतिक भूमिका को निभाये। सैनी ने कहा कि आज पंजाब के हालात बेहद खराब है। बेर–ोजगारी, नशा, अपराध और पलायन से जूझ रहे पंजाब को इन समस्याओं से निजात दिलाने का अब वक्त आ गया है। इस कार्य में सैनी समाज को बड़ी भूमिका निभानी है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार चुनाव से पहले राहुल गांधी ने हरियाणा में वोट चोरी के आरोप लगाए, लेकिन इन आरोपों को जनता ने सिरे से खारिज करने का काम किया है।मुख्यमंत्री ने सैनी समाज के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सरदार महंगा सिंह और श्री हरि सिंह सैनी को समाज के हीरे बताते हुए उनके योगदान को याद किया।

# सिरीसिल्ला नगर परिषद का बड़ा फैसला: अब मात्र 101 रुपये में होगा अंतिम संस्कार



**सिरीसिल्ला, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सिरीसिल्ला नगर पालिका के 'वैकुंठधामों' (श्मशान घाटों) में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को मात्र 101 रुपये में फिर से शुरू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष जिंदम कलाचक्रपाणि की अध्यक्षता में आयोजित परिषद की पहली सामान्य बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया।

सिरीसिल्ला में श्रमिक परिवारों की बड़ी संख्या को देखते हुए पिछली परिषद ने 101 रुपये में अंतिम संस्कार की योजना लागू की थी, जो किन्हीं कारणों से रुक गई थी। नवनियुक्त नगर परिषद ने अपनी पहली ही बैठक में इस सेवा को पुनर्जीवित करने के लिए सालाना 16.80 लाख रुपये का बजट आवंटित करने का प्रस्ताव पारित किया है।

स्वच्छता और बुनियादी ढांचे के लिए विशेष बजट

बैठक के दौरान पार्षदों ने शहर की लचर स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल उठाए। चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि कचरा, मिट्टी के ढेर और जंगली झाड़ियों को हटाने के लिए वार्ड-वार 'विशेष स्वच्छता अभियान' चलाया जाएगा। इसके लिए 10 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। साथ ही, विभिन्न वार्डों में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पावर बोरवेल की मोटरों और अन्य उपकरणों की खरीद हेतु 10 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है।नगरपालिका वाहनों की मरम्मत और अन्य आवंटन

नगर पालिका के स्वामित्व वाले 9 ट्रैक्टरों, ब्लेड ट्रैक्टर, लैडर वैन और छह ऑटो की मरम्मत के लिए 11.20 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त:रमजान पर्व: मस्जिदों और ईदगाहों के पास बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए 3 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं।

प्रशासनिक व्यय: आधिकारिक दौरों और बैठकों के लिए अध्यक्ष और कमिश्नर हेतु किराए पर कारों की व्यवस्था के लिए प्रति कार 3.96 लाख रुपये (कुल 7.92 लाख रुपये सालाना) के खर्च को मंजूरी दी गई है।पहली बैठक में हुआ भव्य स्वागतपहली सामान्य बैठक के अवसर पर नगर पालिका कर्मचारियों ने अध्यक्ष, कमिश्नर और पार्षदों को सम्मानित किया। बैठक में नगर पालिका आयुक्त खदीर पाशा, उपाध्यक्ष दारला संदीप और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# मंचेरियाल में इंटीग्रेटेड हॉस्टल के छात्रों का विरोध प्रदर्शन



**मंचेरियाल, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंचेरियाल जिला मुख्यालय के साईं कुंटा में बीसी इंटीग्रेटेड बॉयज़ हॉस्टल की घटना चर्चा का विषय बन गई है। इंटीग्रेटेड हॉस्टल के छात्रों ने हॉस्टल गेट के सामने विरोध प्रदर्शन किया।

सरेआम उनका आरोप था कि उन्हें ठीक से खाना नहीं दिया जा रहा है। वहां के वार्डन उनसे खाना बनवाना और अन्य काम करवा रहे हैं। हॉस्टल में साफ-सफाई ना रहने के कारण गंदगी की वजह से वे बीमार पड़ रहे हैं।

पीडीएसयू छात्र संघ के नेताओं ने वार्डन को तत्काल कार्यभार से हटाने की मांग की। उन्होंने कहा, अगर हमें बेहतर सुविधा नहीं मिलती है, तो हम और भी बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

छात्रों ने यह भी कहा कि हमारी पढ़ाई और सेहत दोनों प्रभावित हो रही हैं। हम चाहते हैं कि हमारी समस्याओं का समाधान तुरंत किया जाए।

विरोध प्रदर्शन में शामिल छात्रों ने प्रदेश सरकार से गुहार लगाई कि हॉस्टल की स्थिति में जल्द सुधार किया जाए।

# लक्सेटीपेट में 500 रुपये के जाली नोट चलाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के 12 सदस्य गिरफ्तार



**मंचेरियाल, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** लक्सेटीपेट में रविवार रात 500 रुपये के जाली नोट चलाने के आरोप में एक अंतरराज्यीय गिरोह के 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से 5.98 लाख रुपये अंकित मूल्य के जाली नोट, 12 मोबाइल फोन और तीन कारें जब्त की हैं। मामले में दो अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। मंचेरियाल एसीपी आर. प्रकाश ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में कनुगंती क्रांति, गडीगोपुला रविंदर, थंड्रा प्रकाश, कोना मधुकर, सुंका सुरेश, कमानी अनिल, भंडारी सत्यनारायण, आईएच रामू नायक, कंदीमल्ला तिरुपति, गोल्ला कुमार स्वामी, नगुनुरु रामू और देवनबोइना संपत कुमार शामिल हैं। ये सभी मंचेरियाल, पेद्दापल्ली और सिद्दीपेट जिलों के निवासी हैं। वहीं, काकीनाडा के रहने वाले रामू और रवि अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बनाया निशाना

पूछताछ के दौरान, क्रांति और अन्य आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे रामू और रवि से प्राप्त जाली मुद्रा का उपयोग करके ईंधन, किराने का सामान और अन्य वस्तुएं खरीदकर व्यापारिक प्रतिष्ठानों को ठगते थे। गिरोह ने खुलासा किया कि उन्होंने हाल ही में लक्सेटीपेट के एक पेट्रोल पंप से जाली नोट देकर ईंधन खरीदा था।

जब्त की गई सामग्री और पुलिस की कार्रवाई

पुलिस की छापेमारी में आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में नकली नोट बरामद हुए हैं। जब्त किए गए 5.98 लाख रुपये के जाली नोटों के अलावा, पुलिस ने उनके संचार के साधनों (12 मोबाइल) और परिवहन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली तीन कारों को भी अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस अब फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

अंतरराज्यीय नेटवर्क का खुलासा

जांच में यह बात सामने आई है कि इस गिरोह के तार अन्य राज्यों से भी जुड़े हुए हैं। एसीपी ने बताया कि पुलिस इस नेटवर्क की गहराई तक जाने की कोशिश कर रही है ताकि जाली नोटों की छपाई और वितरण के मुख्य स्रोत का पता लगाया जा सके। स्थानीय व्यापारियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध नोट की तुरंत सूचना देने की सलाह दी गई है।

# खम्मम: कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर 50 सरकारी शिक्षकों के खिलाफ डीईओ की कड़ी कार्रवाई

**खम्मम, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** खम्मम जिले के जिला शिक्षा अधिकारी चैतन्य जैनी ने अपने कर्तव्यों के पालन में कथित लापरवाही बरतने वाले 50 शिक्षकों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। जिले में यह अपनी तरह का पहला मामला बताया जा रहा है जहाँ इतनी बड़ी संख्या में शिक्षकों के विरुद्ध एक साथ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है।जांच में सामने आया कि कार्रवाई का सामना करने वाले कई शिक्षक कार्य घंटों के दौरान रियल एस्टेट व्यवसाय और अन्य गतिविधियों में शामिल थे।डीईओ ने उन 34 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है जो बिना किसी पूर्व सूचना या वैध कारण के स्कूलों से अनुपस्थित पाए गए। इसके अलावा, 14 अन्य शिक्षकों को भी नोटिस दिया गया है जो 'ऑन ड्यूटी' (जऊ) का बहाना बनाकर बिना अनुमति के गायब थे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शिक्षण समय के दौरान किसी भी प्रकार की अनधिकृत अनुपस्थिति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।मधिरा मंडल के डेंदुकुर जेडपी हाई स्कूल के एक शिक्षक, श्रीनिवास राव को छात्राओं के साथ कथित दुर्व्यवहार की शिकायतों के बाद कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह कार्रवाई छात्रों के माता-पिता द्वारा की गई औपचारिक शिकायत के आधार पर की गई है। दूसरी ओर, एनकूर मंडल परिषद स्कूल की मुख्य अध्यापिका जया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने 'एवरी चाइल्ड रीड्स प्रोग्राम' की निगरानी के लिए स्कूल पहुंचे कल्लूर उप-कलेक्टर अजय यादव के साथ लापरवाही भरा और अनुचित व्यवहार किया।एक साथ 50 शिक्षकों पर हुई इस बड़ी कार्रवाई से जिले के शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। डीईओ चैतन्य जैनी ने संकेत दिया है कि स्कूलों में अनुशासन बनाए रखने और छात्रों के भविष्य से समझौता न करने के लिए आने वाले दिनों में निरीक्षण और कड़े किए जाएंगे। विभाग का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शिक्षक अपना पूरा समय और ध्यान केवल शैक्षणिक गतिविधियों पर ही केंद्रित करें।

# आसिफाबाद जिला में 30 पुलिस अधिनियम का कार्यान्वयन : नितिका पंत



**आसिफाबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरमभीम आसिफाबाद जिले की एसपी नितिका पंत आईपीएस ने आज एक बयान में कहा कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 28 फरवरी से 31 मार्च तक पूरे जिले में 30 पुलिस अधिनियम लागू रहेगा।

जिला एसपी ने बताया कि, 30 पुलिस अधिनियम 1861 के तहत यह आवश्यक है कि बिना डीएसपी/एएसपी या उच्चतर पुलिस पदाधिकारियों की पूर्वानुमति के धरना, सार्वजनिक सभा आदि करने से लोग बचें। सार्वजनिक जीवन में किसी भी प्रकार की अप्रिय बैठकें और लोगों की भीड़ इकट्ठा करना, जिससे उपद्रव उत्पन्न होता है, पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं।

साथ ही, उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित हथियार और ऐसे किसी भी हथियार का उपयोग, जिसका उद्देश्य योग्य परिस्थितियों में अपराध करना है, रखना भी मना है।

जो कोई भी कानून द्वारा जारी आदेशों का उल्लंघन करेगा, वह 30 पुलिस अधिनियम 1861 के तहत दंड का भागी होगा। एसपी ने सभी को सलाह दी कि किसी भी कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए पहले से आवेदन करने और अनुमति लेने की आवश्यकता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति के रैली निकालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि जिले में शांति और व्यवस्था बनी रहे।

# तेलंगाना सरकारी खेल स्कूलों की चयन प्रतियोगिताएँ 13 से : हरिता

**आसिफाबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कलेक्टर के. हरिता ने एक बयान में बताया कि वर्ष 2026 के लिए सरकारी खेल स्कूलों में चौथी कक्षा में प्रवेश के लिए महिला छात्रों के चयन के लिए आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। तेलंगाना खेल प्राधिकरण द्वारा संचालित इन खेल स्कूलों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 मार्च है।

**प्रतियोगिता का कार्यक्रम:**

13 से 17 मार्च: अभ्यर्थियों की मंडल स्तरीय प्रतियोगिता।

28 मार्च से 1 अप्रैल: जिला स्तर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का चयन।

27 अप्रैल से 1 मई: राज्य स्तर की चयन प्रतियोगिताएँ, जिसमें सबसे अधिक प्रतिभा दिखाने वाले विद्यार्थी भाग लेंगे।

कलेक्टर ने बताया कि चयनित उम्मीदवारों के लिए 13 और 14 मई को काउंसलिंग आयोजित की जाएगी।

**सीटों का बंटवारा:**

हकीमपेट में लड़कों के लिए 20 सीटें और लड़कियों के लिए 20 सीटें।

करीमनगर में लड़कों के लिए 20 सीटें और लड़कियों के लिए 20 सीटें।

आदिलाबाद में लड़कों के लिए 20 सीटें और लड़कियों के लिए 20 सीटें।

शारीरिक परीक्षण: चयन प्रक्रिया में निम्नलिखित 9 श्रेणियों में कुल 27 अंकों के साथ शारीरिक परीक्षण किया जाएगा:

**30 मीटर फ्लाइंग स्टार**
**स्टैंडिंग ब्रॉड जंप**
**800 मीटर दौड़**
**6 ÷ 10 मीटर शटल रन**
**मेडिसिन बॉल थ्रो**
**वर्टिकल जंप**
**लचीलापन परीक्षण**
**ऊंचाई और वजन का माप**

हालांकि, केवल वे छात्र पात्र होंगे जो 1 सितंबर 2017 से 31 अगस्त 2018 के बीच जन्मे हैं और वर्तमान में कक्षा 3 में अध्ययन कर रहे हैं।

कलेक्टर ने कहा कि चयन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# राज्य की राजनीति में 'टाइगर जोन' है नलगोंडा जिला : कोमटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी



**नलगोंडा, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** मुनुगोड़े के विधायक कोमटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी ने कहा है कि तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने 'इंटीग्रेटेड स्कूल' (एकीकृत स्कूल) योजना शुरू की है, जिसे देश के किसी भी अन्य राज्य ने अभी तक लागू नहीं किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन स्कूलों का निर्माण पूरा होने के बाद पूरा देश तेलंगाना मॉडल की ओर देखेगा।रविवार को नलगोंडा में मीडिया से बात करते हुए विधायक कोमटिरेड्डी ने पिछली सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने परियोजनाओं के नाम पर लाखों करोड़ रुपये का कर्ज लिया, जिससे अंततः सीमांध्र के ठेकेदारों को ही लाभ हुआ।

**मुनुगोड़े के विकास पर चिंता**

विधायक ने इस बात पर दुख व्यक्त किया कि हैदराबाद जैसे महानगर के इतने करीब होने के बावजूद मुनुगोड़े निर्वाचन क्षेत्र में अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। उन्होंने याद दिलाया कि मुनुघड़े नलगोंडा जिले का सबसे पिछड़ा क्षेत्र है और इस क्षेत्र के उत्थान के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस दिशा में 'इंटीग्रेटेड स्कूल' का निर्माण पहला और महत्वपूर्ण कदम है।

**नलगोंडा: संघर्षों का किला**

नलगोंडा जिले के राजनैतिक महत्व पर चर्चा करते हुए राजगोपाल रेड्डी ने इसे राज्य की राजनीति का टाइगर जोन करार दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि नलगोंडा जिला न केवल राज्य की राजनीति को नियंत्रित करने वाला जिला है, बल्कि यह संघर्षों का किला भी है।

**शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव का दावा**

विधायक ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता शिक्षा व्यवस्था में सुधार करना है। एकीकृत स्कूलों के माध्यम से गरीब छात्रों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने दोहराया कि कांग्रेस सरकार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दे रही है और मुनुगोड़े के विकास के लिए वह पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

# मदनूर में कट्टा मैसम्मा मंदिर में प्रतिमा की स्थापना



**मदनूर, 1 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंडल केंद्र में सोमलिंग महादेव मंदिर जाने वाले मार्ग के बगल में स्थित कट्टा मैसम्मा मंदिर में प्रतिमा की स्थापना का समारोह रविवार को अत्यंत श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ।समारोह की शुरुआत वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ पूजा-अर्चना से हुई। आरती के बाद भक्तों को अन्न प्रसाद वितरित किया गया, जिससे समारोह में एक दिव्य वातावरण बना रहा।स्थानिक प्रमुख व्यापारी संतोष सेट नरलावर ने बताया कि प्राचीन कट्टा मैसम्मा मंदिर कई वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था। इसलिए इसे विशेष लोहे की रेलिंग का उपयोग करके जीर्णोद्धार किया गया।रविवार को बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति ने मंदिर में उत्सव का माहौल बना दिया। इस अवसर पर महा प्रसाद का आयोजन भी किया गया।

# गुणवत्ता मानकों का पालन किया जाना चाहिए

## सीआई बालाजी वरप्रसाद का मिनरल वाटर प्लांटों पर औचक निरीक्षण



**कुमराभीम/ आसिफाबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पुलिस ने आसिफाबाद कस्बे में मिनरल वाटर प्लांटों पर औचक निरीक्षण किया। सीआई बालाजी वरप्रसाद ने रविवार को शहर सीमा में 13 मिनरल वाटर प्लांटों का स्वयं निरीक्षण किया।

सीआई ने बताया कि यह निरीक्षण जिला एसपी नितिका पंत और एएसपी चितरंजन के आदेश पर किया गया। उन्होंने कहा, प्रत्येक संयंत्र में लाइसेंस, गुणवत्ता मानकों और स्वच्छता स्थितियों की पूरी तरह से जांच की जाती है।

यह कदम सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है कि जन स्वास्थ्य को खतरे में डालने वाले कोई भी कारक न हों और नागरिकों को सुरक्षित एवं गुण-वत्ता युक्त पानी उपलब्ध हो सके। सीआई वरप्रसाद ने सभी प्लांट मालिकों को चेतावनी दी कि गुणवत्ता मानकों का पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# गर्भाशय कैंसर से बचाव हेतु जिला भर में लगेगा मुफ़्त एचपीवी टीका




**करीमनगर , 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर और अन्य घातक कैंसर रोगों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए तैयार किया गया एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन अब बालिकाओं के लिए उपलब्ध हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के अजमेर में इस राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। केंद्र सरकार का लक्ष्य 14 से 15 वर्ष की आयु की किशोरियों को यह टीका लगाकर उन्हें भविष्य में कैंसर के खतरे से सुरक्षित करना है।

जिले की 9,935 बालिकाओं की हुई पहचान

जिला स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग ने टीकाकरण के लिए जिले भर में 14 और 15 वर्ष की आयु की 9,935 बालिकाओं की पहचान की है। जल्द ही इन सभी का डॉक्टरों की देखरेख में टीकाकरण शुरू किया जाएगा। बाजार में इस वैक्सीन की एक खुराक की कीमत 6,000 से 12,000 रुपये के बीच है, लेकिन सरकार इसे पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध करा रही है।

तीन खुराकों का होगा चक्र (वैक्सीनेशन शेड्यूल)

स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण के सफल क्रियान्वयन के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। यह टीका तीन चरणों में दिया जाएगा:

1. पहली खुराक: अभियान की शुरुआत में।
2. दूसरी खुराक: पहली खुराक के एक महीने बाद।
3. तीसरी (बूस्टर) खुराक: दूसरी खुराक के छह महीने बाद। विश्व स्वास्थ्य संगठन (थकज) ने भी गर्भाशय कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी वैक्सीन की सिफारिश की है, और वैश्विक स्तर पर इसके सकारात्मक परिणाम देखे गए हैं।

कैंसर के विरुद्ध भारत की बड़ी लड़ाई

आंकड़ों के अनुसार, भारत कैंसर रोगियों की संख्या के मामले में दुनिया में तीसरे स्थान पर है। जहां विश्व स्तर पर हर साल लगभग 2 करोड़ लोग कैंसर की चपेट में आते हैं, वहीं अकेले भारत में यह संख्या 15 लाख के करीब है। शोध और अब तक के परिणामों ने पुष्टि की है कि एचपीवी टीका महिलाओं में गर्भाशय के कैंसर और अन्य संबंधित कैंसर को रोकने में अत्यधिक प्रभावी है। इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने इसे मुफ़्त देने का निर्णय लिया है, जिसका लाभ जल्द ही जिले की बेटियों को मिलेगा।

# आर्थिक तंगी और पारिवारिक कलह से परेशान किसान ने की आत्महत्या



**सिद्दीपेट, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** धुलमिट्टा मंडल के बेक्कल गांव के बाहरी इलाके में रविवार को एक किसान ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान गांव के निवासी नल्लागोपुला नरसिम्हुलू (58) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गंभीर आर्थिक तंगी और पारिवारिक समस्याओं के चलते उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया।रविवार सुबह जब नरसिम्हुलू के परिवार के सदस्य सोकर उठे, तो उन्हें वे घर पर नहीं मिले। इसके बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद, गांव के बाहरी इलाके में एक पेड़ से उनका शव लटका हुआ पाया गया।क्षेत्र के स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नरसिम्हुलू पिछले कुछ समय से खेती में हो रहे नुकसान और पुराने कर्ज को लेकर काफी चिंतित थे।

कृषि क्षेत्र में अनिश्चितता और वित्तीय बोझ ने उनकी मानसिक स्थिति पर गहरा प्रभाव डाला था, जिससे वे उबर नहीं पा रहे थे।वित्तीय संकट के साथ-साथ, मृतक किसान अपने परिवार के भीतर चल रही अनबन और घरेलू कलह से भी जूझ रहे थे। परिजनों और ग्रामीणों का मानना है कि घर और बाहर, दोनों तरफ से बढ़ते दबाव ने उन्हें इस चरम कदम को उठाने के लिए मजबूर कर दिया।



# टी-20 विश्व कप से बाहर होने के बाद सनथ जयसूर्या ने श्रीलंका के मुख्य कोच पद से हटने का किया ऐलान

**कैंडी, 01 मार्च (एजेंसियां)।** सनथ जयसूर्या ने टी-20 विश्व कप 2026 के सुपर 8 चरण से बाहर होने के बाद श्रीलंका क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। श्रीलंका को शनिवार रात पाकिस्तान के खिलाफ पांच रन से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद जयसूर्या ने अपने फैसले की जानकारी दी। जयसूर्या ने मैच के बाद कहा, मैंने सोचा कि यह जिम्मेदारी किसी और को दे देनी चाहिए। दो महीने पहले इंग्लैंड सीरीज के दौरान ही मैंने संकेत दे दिया था कि मैं आगे इस पद पर बने रहने की योजना नहीं बना रहा हूं। मेरा इरादा था कि विश्व कप के बाद अच्छे नोट पर विदाई लूं, लेकिन वैसा नहीं हो सका। इसका मुझे अफसोस है। हालांकि, उनका अनुबंध जून 2026 तक है, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह 13 से 25 मार्च तक खेले जाने वाली अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज में टीम की कमान संभालेंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि इस बारे में अभी श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड से औपचारिक चर्चा नहीं हुई है, लेकिन वह जल्द ही बातचीत करेंगे।

जुलाई, 2024 से टीम की कमान संभाल रहे जयसूर्या का कार्यकाल उतार-चढ़ाव भरा रहा। उनके नेतृत्व में श्रीलंका ने घरेलू मैदान पर भारत के खिलाफ ऐतिहासिक एकदिवसीय श्रृंखला जीती और इंग्लैंड में टेस्ट मैच भी अपने नाम किया। उन्होंने दावा किया कि उनके कार्यकाल में टीम को एकदिवसीय रैंकिंग में चौथे स्थान तक पहुंचाया गया, टेस्ट टीम को छठे और टी-20 टीम को भी छठे स्थान तक ले जाया गया। इस दौरान टीम की कुल जीत प्रतिशत करीब 50 प्रतिशत रही। हालांकि, टी-20 विश्व कप में निराशाजनक अंत को लेकर जयसूर्या ने माना कि टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी। श्रीलंका ने ग्रुप चरण में आस्ट्रेलिया को हराकर शानदार शुरुआत की थी, लेकिन इसके बाद लगातार चार मैच गंवाए, जिनमें सुपर 8 के तीन मुकाबले शामिल थे। जयसूर्या ने आगे कहा कि टीम को लगातार बेहतर प्रदर्शन की जरूरत है और बल्लेबाजी व गेंदबाजी दोनों विभागों में दबाव में अच्छा खेल दिखाना होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### दुबई एयरपोर्ट के पास धमाका, पीवी सिंधु को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया



**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु को दुबई एयरपोर्ट के पास हुए धमाके के बाद सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। वह अपनी टीम के साथ एयरपोर्ट पर फंसी हुई थीं, जहां अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण उड़ान संचालन अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दिया गया था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु प्रतिष्ठित आल इंग्लैंड ओपन खेलने के लिए रवाना हुई थीं, लेकिन हालात बिगड़ने के कारण उन्हें दुबई में रुकना पड़ा। एयरस्पेस बंद होने से कई उड़ानें प्रभावित हुईं और यात्री एयरपोर्ट पर ही इंतजार करने को मजबूर हो गए। सिंधु ने सोशल मीडिया पर बताया, स्थिति हर घंटे और भयावह होती जा रही है। कुछ घंटे पहले एयरपोर्ट पर जहां हम ठहरे हुए थे, उसके पास जोरदार धमाका हुआ। मेरे कोच को धुएं और मलबे के सबसे करीब होने के कारण तुरंत वहां से भागना पड़ा। वह हम सभी के लिए बेहद तनावपूर्ण और डरावना पल था। उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल सभी सुरक्षित हैं और दुबई एयरपोर्ट स्टाफ व स्थानीय प्रशासन की मदद से उन्हें अधिक सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। सिंधु ने दुबई में स्थित भारतीय उच्चायोग का भी विशेष रूप से आभार जताया, जिसने लगातार संपर्क में रहकर सहायता प्रदान की। उन्होंने कहा कि अब वे हालात सामान्य होने का इंतजार कर रहे हैं। क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव के चलते खाड़ी देशों के एयरस्पेस को बंद कर दिया गया है। इससे एमिरेट्स और एयर इंडिया सहित कई एयरलाइंस की उड़ानें प्रभावित हुई हैं। अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले के बाद ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं।इजरायल के साथ-साथ बहरीन, कुवैत और कतर में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाए जाने से पूरे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

### पाकिस्तान क्रिकेट टीम की कप्तानी से सलमान आगा को हटाया जाना तय



**लाहौर।** पाकिस्तान की टीम के टी20 विश्वकप क्रिकेट से बाहर होने के बाद से ही कई खिलाड़ियों पर गाज गिरनी तय है। पाक टीम अपने अंतिम सुपर-8 मैच में श्रीलंका पर जीत के बाद भी सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में माना जा रहा है कि कप्तान सलमान आगा को कप्तानी से हटाया जाना तय है। इसके अलावा बाबर आजम सहित अई सीनियर खिलाड़ीयों को भी टीम से बाहर किया जा सकता है। पाक टीम का प्रदर्शन इस टूर्नामेंट में अच्छा नहीं रहा। उसे भारत सहित कई अन्य टीमों के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। इसके बाद से ही आगा और टीम आलोचकों के निशाने पर है। ऐसे में सवाल कप्तान आगा पर भी सवाल उठे हैं। ऐसे में अब उन्हें कप्तानी से हटाया जाना तय लग रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार कुछ अन्य सीनियर खिलाड़ियों को भी बाहर किया जा सकता है। माना जा रहा है कि बोर्ड अध्यक्ष मोहसिन नकवी टीम के प्रदर्शन से नाराज हैं। इससे पहले नकवी को चयनकर्ताओं, टीम प्रबंधन और बोर्ड के करीबी अधिकारियों ने बताया था कि टीम की तैयारी अच्छी है। टीम पूरी तरह तैयार है और अच्छा प्रदर्शन करेगी। वहीं अब आये परिणामों से नकवी भड़के हुए हैं। ऐसे में कप्तान आगा के अलावा मुख्य कोच माइक हेसन चयनकर्ताओं के साथ कुछ सीनियर खिलाड़ियों के भविष्य को लेकर भी बात कर सकते हैं।

### पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान कादिर ने संन्यास से वापसी की घोषणा की



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के टी20 विश्वकप 2026 से बाहर होते ही टीम के स्पिनर उस्मान कादिर ने टीम को सेवाएं देने के लिए संन्यास छोड़कर मैदान में वापसी की घोषणा की है। कादिर ने साल 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। वहीं अब उन्होंने कहा है कि वह चयन के लिए उपलब्ध हैं। । कादिर ने संन्यास से वापसी की घोषणा सोशल मीडिया पर भी साझा की है। इस स्पिनर ने सोशम मीडिया में लिखा, आस्ट्रेलिया में लीग क्रिकेट में ससफल समय के बाद, मैंने खेल में वापसी का फैसला किया है। आस्ट्रेलिया में खेलने का मेरा समय बहुत बदलाव लाने वाला था। 41 विकेट लेने के बाद मुझे लगा कि अभी भी मैं विश्वस्तर पर योगदान दे सकता हूं। क्रिकेट मेरे लिए सिर्फ एक खेल नहीं है; यह एक पारिवारिक विरासत है। अपने परिवार से इस बारे में बात करने और पाकिस्तान क्रिकेट में मेरे पिता के बहुत बड़े योगदान को देखते हुए।

# एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए भारत की 20 सदस्यीय टीम घोषित, लवलीना व निकहत संभालेंगी कमान

**नई दिल्ली, 01 मार्च (एजेंसियां)।** भारत की दो शीर्ष महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन और निकहत जरीन मंगोलिया में 28 मार्च से 11 अप्रैल तक होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में देश की 20 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगी। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) ने एक महीने की विस्तृत मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद टीम का चयन किया है। जनवरी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद संभावित खिलाड़ियों को पटियाला स्थित राष्ट्रीय शिविर में बुलाया गया था, जहां चयन नीति के तहत उनके प्रदर्शन का आकलन किया गया। इस चैंपियनशिप के परिणामों के आधार पर राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए प्राथमिकता तय की जाएगी, इसलिए इस टूर्नामेंट का महत्व काफी बढ़ गया है।

महिलाओं में मुख्य ज़िम्मेदारी लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) निभाएंगी, जिन्होंने हाल ही में स्पेन में बाक्सम एलीट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उनके साथ स्वर्ण विजेता प्रीति (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), और प्रिया (60 किग्रा) को टीम में जगह मिली है। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी (48 किग्रा) और जैस्मीन (57 किग्रा) भी टीम का हिस्सा होंगी।

महिला टीम में अन्य महत्वपूर्ण मुक्केबाजों में शामिल हैं अंकुशिता बोरो (65 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और हेवीवेट वर्ग में अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान (80 किग्रा से अधिक)।

पुरुष टीम की अगुवाई करेंगे सचिन (60 किग्रा), जिन्होंने विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल और बाक्सम चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता था। उनके साथ स्पेन में स्वर्ण जीतने वाले आकाश (75 किग्रा) को भी टीम में शामिल किया गया है। रजत विजेता दीपक (70 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा) और कांस्य विजेता जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (55 किग्रा) भी टीम का हिस्सा हैं। अन्य चयनित मुक्केबाजों में विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा), आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा), लोकेश (85 किग्रा), हर्ष चौधरी (90 किग्रा), और नरेंद्र (90 किग्रा से अधिक) शामिल हैं। भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि एशियाई चैंपियनशिप में दबाव और कौशल की कड़ी परीक्षा होती है, और टीम ऐसे मुक्केबाजों से चुनी गई है जिन्होंने बेहतर फार्म, अनुशासन और बड़े मंच पर प्रदर्शन की क्षमता दिखाई है। महिला टीम का मूल्यांकन मुख्य कोच सैंटियागो नीवा और पुरुष टीम का आकलन सीए कटप्पा की निगरानी में किया गया। हाल ही में भारत ने स्पेन में आयोजित बाक्सम एलीट चैंपियनशिप में नौ स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था।



### आकिब नबी बने टीम इंडिया की नई उम्मीद, रणजी सीजन में रचा बड़ा इतिहास

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट को जल्द ही एक धाकड़ तेज गेंदबाज मिलने जा रहा है। 29 वर्षीय पेसर आकिब नबी रेड बाल क्रिकेट में लगातार कमाल करते हुए इंटरनेशनल क्रिकेट की दहलीज पर दस्तक दे रहे हैं। मौजूदा रणजी ट्राफी सीजन में उनकी घातक गेंदबाजी ने उन्हें सुर्खियों में ला दिया है। जम्मू-कश्मीर के इस तेज गेंदबाज ने पूरे सीजन बल्लेबाजों को जमकर परेशान किया और फाइनल मुकाबले में भी अपना दम साबित किया। कर्नाटक के खिलाफ केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे खिताबी मुकाबले की पहली पारी में नबी ने शानदार 5 विकेट चटकाए। उनकी दमदार गेंदबाजी की बदौलत कर्नाटक की पारी 293 रन पर सिमट गई और जम्मू-कश्मीर ने 291 रन की बड़ी बढ़त हासिल कर इतिहास रचने की ओर कदम बढ़ा दिए। रणजी फाइनल के चौथे दिन पहले सेशन में दो विकेट लेकर नबी ने अपना 5 विकेट हाल पूरा किया। तीसरे दिन उन्होंने तीन विकेट लिए थे। यह उनके फर्स्ट क्लास करियर का 16वां और मौजूदा रणजी सीजन का सातवां 5 विकेट हाल है। नबी ने कुल 23 ओवर फेंके, जिसमें 7 मेडन ओवर शामिल रहे। उन्होंने केवल 54 रन देकर 5 खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा और 2.30 की किफायती इकानमी बनाए रखी। उन्होंने केएल राहुल, मयंक अग्रवाल और करुण नायर जैसे दिग्गज बल्लेबाजों को शिकार बनाया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ आकिब नबी रणजी ट्राफी 2025-26 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने उत्तराखंड के मयंक मिश्रा को पीछे छोड़ दिया, जिनके नाम 59 विकेट थे। नबी अपने 10वें मैच तक 60 विकेट ले चुके हैं। इससे पहले वे 9 मैचों में 55 विकेट ले चुके थे। पूरे सीजन में उन्होंने दो बार 4 विकेट और 7 बार 5 विकेट हाल दर्ज किया है।

## टी20 वर्ल्ड कप-2026

# साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को हराया



**नई दिल्ली, 01 मार्च (एजेंसियां)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए साउथ अफ्रीका की टीम ने अपने आखिरी सुपर 8 मुकाबले में जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हरा दिया। इस टूर्नामेंट में यह साउथ अफ्रीका की लगातार 7वीं जीत है। वहीं जिम्बाब्वे की टीम सुपर 8 में बिना किसी जीत के बाहर हो गई। इस मैच में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बोर्ड पर 7 विकेट खोकर 153 रन का स्कोर लगाया था। जिसे साउथ अफ्रीका की टीम ने 18वें ओवर में चेज कर लिया।इस मैच में 154 रन का टागरेट चेज करने आई साउथ अफ्रीका की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। क्विंटन डी कॉक बिना खाता खोले वापस लौट गए। वहीं कप्तान एडेन मार्करम 4 रन बनाकर चलते बने। हालांकि इसके बाद रयान रिकेल्टन (31) और डेवाल्ड ब्रेविस (42) ने एक बड़ी पार्टनरशिप लगाकर अपनी टीम को मुश्किल से निकाल दिया। डेविड मिलर ने 22 रन बनाकर अच्छा योगदान दिया। आखिर में ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 21 और जॉर्ज लिंडे ने 30 रन बनाकर अपनी टीम की जीत पक्की कर दी। जिम्बाब्वे के लिए कप्तान सिकंदर रजा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट हासिल किए।इससे पहले कप्तान सिकंदर रजा की 43 गेंद में 73 रन की आक्रामक पारी के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने बल्लेबाजी के लिए माकूल परिस्थितियों में जिम्बाब्वे को 7 विकेट पर 153 रन पर रोक दिया। रजा ने अपनी पारी में आठ चौके और चार छक्के जड़े लेकिन उन्हें दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। उनके अलावा क्लाइव मदांडे (नाबाद 26) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्वेन मफाका ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिए। कोर्बिन बोश को भी दो सफलता मिली लेकिन उन्होंने 40 रन लुटाए।जॉर्ज लिंडे, लुंगी एनगिडी, एनरिच नोर्किया को एक-एक सफलता मिली। पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद तदिवानाशे मारुमनी (सात) ने लिंडे के खिलाफ पहली ही गेंद पर चौका लगाया तो वही ब्रायन बेनेट ने ओवर का अंत छक्के से किया।

## दुबई में डयूटी फ्री टेनिस टूर्नामेंट




दुबई में डयूटी फ्री टेनिस टूर्नामेंट में रमेश सीदांबी मैनेजिंग डायरेक्टर के अलावा रुसी टेनिस स्टार दानिल मेदमेदेव , सलाह तहेक डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर स्टेज पर एकसाथ नजर आये।

# एफआईएच हाकी महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम घोषित, सलीमा टेटे होंगी कप्तान

**हैदराबाद, 01 मार्च (एजेंसियां)।** हाकी इंडिया ने हैदराबाद (तेलंगाना) में होने वाले एफआईएच हाकी महिला विश्व कप 2026 क्वालीफायर के लिए 20 सदस्यीय भारतीय सीनियर महिला हाकी टीम (भारत) की घोषणा कर दी है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 8 से 14 मार्च तक आयोजित की जाएगी। भारत 8 मार्च को उरुग्वे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, इसके बाद 9 मार्च को स्काटलैंड और 11 मार्च को वेल्स से मुकाबला करेगा।




इस क्वालीफायर में मेजबान भारत के अलावा इंग्लैंड, स्काटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और आस्ट्रिया की टीमें भाग लेंगी। यहां से तीन टीमें एफआईएच हाकी महिला विश्व कप 2026 (बेल्जियम और नीदरलैंड्स) के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो अगस्त 2026 में खेला जाएगा। टीमों को दो पूल में बांटा गया है। पूल-ए में इंग्लैंड, कोरिया, इटली और आस्ट्रिया, जबकि पूल-बी में भारत, स्काटलैंड, उरुग्वे और वेल्स शामिल हैं।अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे टीम की कप्तानी संभालेंगी। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी बंसारी सोलंकी और बिचु देवी खरीबाम को सौंपी गई है। डिफेंस में सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी शामिल हैं। मिडफील्ड में सलीमा टेटे के साथ नेहा, सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुताजा दादासो पिसाल और दीपिका सोरेंग को जगह मिली है। फारवर्ड लाइन में नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू गोल करने की जिम्मेदारी निभाएंगी। मुख्य कोच सजोर्ड मारिजन ने कहा कि टीम फिटनेस और रणनीति पर काम कर रही है और टूर्नामेंट से पहले दो अभ्यास मैच खेलेगी। 20 सदस्यीय भारतीय महिला हाकी टीम गोलकीपर : बंसारी सोलंकी और बिचु देवी खरीबाम । डिफेंडर्स : सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी। मिडफील्डर : सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुताजा दादासो पिसाल और दीपिका सोरेंग। फारवर्ड : नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू ।

# आईसीसी ने जनवरी के प्लेयर आफ द मंथ का किया ऐलान, डैरिल मिचेल और शोभना मोस्तारी को मिला सम्मान

**दुबई, 01 मार्च (एजेंसियां)।**

**आईसीसी ने जनवरी महीने के लिए पुरुष और महिला वर्ग में प्लेयर आफ द मंथ का ऐलान कर दिया है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए पुरुष वर्ग में न्यूजीलैंड के स्टार आलराउंडर डैरिल मिचेल का चयन किया गया, जबकि महिला वर्ग में बांग्लादेश की उभरती बल्लेबाज शोभना मोस्तारी को यह पुरस्कार मिला। दोनों खिलाड़ियों को महीने भर के शानदार और प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए आईसीसी ने सम्मानित किया।**




डैरिल मिचेल ने भारत दौरे पर न्यूजीलैंड को वनडे सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाई। तीन मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे होने के बाद मिचेल ने लगातार दो शतकों की बदौलत मैच का रुख बदल दिया। दूसरे वनडे में उनके 131 (नाबाद) रन और तीसरे वनडे में 137 रन की पारी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उनकी बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने निर्णायक मुकाबले में 337/8 का बड़ा स्कोर खड़ा किया और सीरीज 2-1 से अपने नाम की। मिचेल ने पूरी सीरीज में कुल 352 रन बनाए और प्लेयर आफ द सीरीज भी रहे। उनके शानदार फार्म का असर रैंकिंग पर भी दिखा और उन्होंने आईसीसी वनडे बल्लेबाजी सूची में फिर से नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया। टी20 सीरीज में भी मिचेल ने 5 मैचों में 186.56 की स्ट्राइक रेट से 125 रन बनाए। इस पुरस्कार की दौड़ में उन्होंने भारत के सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के जो रूट को पीछे छोड़ दिया। महिला वर्ग में शोभना मोस्तारी ने आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप ग्लोबल क्वालीफायर में धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले छह मैचों में 229 रन बनाए, जिसमें 45.80 का औसत और 145.85 की स्ट्राइक रेट शामिल रही। उनकी निरंतरता और आक्रामक अंदाज पूरे टूर्नामेंट में बांग्लादेश के लिए बड़ी ताकत साबित हुए। उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस और तारा नारिस जैसे खिलाड़ियों से आगे कर दिया। मोस्तारी की बल्लेबाजी की बदौलत बांग्लादेश टीम टूर्नामेंट में अजेय रही और सीधे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर गई। आईसीसी के इस ऐलान ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियों को वैश्विक स्तर पर मान्यता दी है। डैरिल मिचेल और शोभना मोस्तारी का यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट जगत में उनके बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।



# एसयूवी 2026 किआ सिरोस ईवी की टेस्टिंग जारी

नई दिल्ली, 01 मार्च (एजेंसियां)। अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी 2026 किआ सिरोस ईवी को किआ मोटर्स लगातार टेस्ट कर रही है। हाल ही में यह पूरी तरह कैमोफ्लाज में स्पाई शाट्स में नजर आई। इसका मुकाबला भारतीय बाजार में टाटा नेक्सान ईवी और महिंद्रा एक्सयूवी 3गुणाह्व ईवी जैसी लोकप्रिय कारों से होगा। सब-4 मीटर सेगमेंट में आने वाला यह माडल कंपनी की ईवी रेंज को मजबूत करने वाला एक अहम प्रोडक्ट साबित हो सकता है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, इस इलेक्ट्रिक एसयूवी को 2026 की दूसरी तिमाही में लान्च किया जा सकता है, जिसकी अनुमानित कीमत 14 से 20 लाख रुपये के बीच हो सकती है। यह माडल हयूदै इंसटेर ईवी से साझा किए गए के1 प्लेटफार्म पर आधारित होगा और फ्रंट-व्हील-ड्राइव सेटअप के साथ आएगा। स्पाई तस्वीरों में चार्जिंग पोर्ट, एयरो-आप्टिमाइज्ड अलाय व्हील्स, क्लोज्ड-आफ ग्रिल और रिवाइज्ड रियर बम्पर जैसे ईवी-स्पेसिफिक बदलाव साफ दिखाई दिए। डिजाइन आईसीई वर्जन जैसा ही है, जिसमें बाक्सी प्रोफाइल, वर्टिकल एलईडी हेडलाइट्स और एल-शेप डीआरएलएस देखने को मिलते हैं। अंदर की तरफ भी केबिन आईसीई माडल जैसा ही रहने की उम्मीद है, जिसमें डुअल 12.3-इंच स्क्रीन सेटअप, टच-बेस्ड एसी कंट्रोल, पैनोरमिक सनरूफ, वायरलेस चार्जिंग और वेंटिलेटेड सीट्स जैसे प्रीमियम फीचर्स मिल सकते हैं। ईवी वर्जन में अतिरिक्त तौर पर वी2एल, वी2वी और रिजनरेटिव ब्रेकिंग मोड्स जैसे फीचर्स भी शामिल किए जा सकते हैं।

### भारत में सीएनजी कारों की मांग तेजी से बढ़ी

**नई दिल्ली।** पेट्रोल-डीजल महंगे होने के बाद से भारत में सीएनजी कारों की मांग तेजी से बढ़ी है। फरवरी 2026 तक सीएनजी की औसत कीमत 77-80 रुपये प्रति किलो है, जो पेट्रोल की तुलना में काफी सस्ती पड़ती है। ऐसे में लोग कम बजट और ज्यादा माइलेज वाली सीएनजी कारों की ओर तेजी से शिफ्ट हो रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए देश की 5 सबसे सस्ती और ज्यादा माइलेज देने वाली फैक्ट्री-फिटेड सीएनजी कारों की सूची सामने आई है। सबसे पहले मारुति सुजुकी सेलेरियो सीएनजी की बात करें तो यह भारत की सबसे ज्यादा माइलेज देने वाली सीएनजी कार है, जिसका एआरएआई माइलेज 34.43 किमी/किलो है। 1.0रुइंजन वाली यह कार रुपए 5.97 लाख से शुरू होती है और शहर की ट्रैफिक के लिए बेहतरीन विकल्प है। मारुति सुजुकी वैगन आर सीएनजी भी परिवारों में बेहद लोकप्रिय विकल्प है, जो 34.05 किमी/किलो का माइलेज देती है। इसका टाल-बाय डिजाइन और प्रैक्टिकल केबिन इसे खास बनाता है। कम बजट में मारुति सुजुकी अल्टो के 10 सीएनजी सबसे किफायती कार है। 33.85 किमी/किलो माइलेज के साथ यह रुपए 4.81 लाख में उपलब्ध है और आसान ड्राइविंग के लिए जानी जाती है। काम्पैक्ट सेडान सेगमेंट में मारुति सुजुकी डिजायर सीएनजी 33.73 किमी/किलो माइलेज के साथ सबसे बेहतर विकल्प है, जिसकी कीमत रुपए 8.03 लाख से शुरू होती है और लंबी दूरी के लिए उपयुक्त है।

## न्यूज ब्रीफ

### वीओ चिदंबरनार बंदरगाह में 15,000 करोड़ निवेश करेगा, बनेगा दक्षिण भारत का बड़ा ट्रांसशिपमेंट केंद्र




**तूतीकोरिन।** वीओ चिदंबरनार (वीओसी) बंदरगाह, जो तमिलनाडु के तूतीकोरिन में स्थित है, अपनी आउटर हार्बर परियोजना के लिए 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। यह निवेश बंदरगाह की मौजूदा ढांचा उन्नयन और नई तकनीक में किए गए 1,500 करोड़ रुपये के निवेश से अलग है। परियोजना का लक्ष्य बंदरगाह को दक्षिण भारत का प्रमुख ट्रांसशिपमेंट केंद्र बनाना और श्रीलंका, सिंगापुर और इंडोनेशिया जैसे अंतरराष्ट्रीय केंद्रों से प्रतिस्पर्धा करना है। वर्तमान में बंदरगाह की वार्षिक माल ढुलाई क्षमता 8.2 करोड़ टन है। आउटर हार्बर परियोजना के तहत दो चरणों में 2027 और 2030 तक क्षमता में 40 लाख टन की वृद्धि होगी। योजना के अनुसार, 18 मीटर गहराई वाले दो नए बर्थ विकसित किए जाएंगे, जिन पर 2.5 लाख डीवीटी तक के बड़े माल ढुलाई जहाज ठहर सकेंगे। परियोजना के लिए वित्तपोषण सुनिश्चित करने हेतु वीओसी बंदरगाह ने भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) और सागरमाला फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड के साथ त्रिपक्षीय करार किया है। यह कदम बंदरगाह को नए निवेश और विकास परियोजनाओं के लिए आवश्यक कोष उपलब्ध कराने में सहायक होगा। बंदरगाह प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समुद्री क्षेत्र विकास दृष्टिकोण के अनुरूप है। आउटर हार्बर परियोजना से बंदरगाह को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में प्रतिस्पर्धी बनाने और दक्षिण भारत में माल परिवहन एवं ट्रांसशिपमेंट के क्षेत्र में प्रमुख भूमिका निभाने की उम्मीद है।

### कोल इंडिया की इकाई छत्तीसगढ़ की महिलाओं को बना रही है आत्मनिर्भर



**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले की 30 वर्षीय पूजा साहू अब अपने पति के नाम से नहीं जानी जातीं। उन्हें लोग बोटिंग वाली दीदी कहते हैं। यह नई पहचान उन्हें मजबूती और आर्थिक आजादी का एहसास कराती है। साहू कहती हैं, मुझे गर्व होता है कि अब मेरी अपनी पहचान है। लोग मुझे बोटिंग वाली दीदी कहते हैं और यह आजादी जैसा लगता है। साहू छत्तीसगढ़ के केनापारा इको-टूरिज्म पार्क में बोट चलाकर अपनी रोजी-रोटी कमाती हैं। यह पार्क साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) द्वारा खनन क्षेत्र को एडवेंचर हब में बदलकर विकसित किया गया है। पार्क में 1,472 हेक्टेयर क्षेत्र में बोटिंग, तैरता हुआ रेस्तरां और मछली पालन की सुविधाएं हैं। साहू शिव शक्ति महिला ग्राम संगठन की 12 महिलाओं में से एक हैं। वे रोज़ाना लगभग 200 रुपये कमाती हैं और अपनी पसंद का खाना व कपड़े खरीद सकती हैं। उनका संदेश है कि अपना घर छोड़ो और वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनो।

### विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में किया 22,615 करोड़ का निवेश



**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी 2026 में भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये निवेश किए, जो 17 महीने का उच्चतम मासिक प्रवाह है। इससे पहले एफपीआई लगातार तीन माह बिकवाल रहे थे- नवंबर 2025 में 3,765 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और जनवरी 2026 में 35,962 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। 2025 में कुल शुद्ध निकासी 1.66 लाख करोड़ रुपये (18.9 अरब डालर) रही, जो इतिहास के सबसे खराब वर्षों में से एक थी। विशेषज्ञों का कहना है कि फरवरी में निवेश बढ़ने के पीछे तीन मुख्य कारण हैं- भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार करार से भरोसा बढ़ना, घरेलू शेयर बाजार का मूल्यांकन कम होना जिससे निवेशकों को सस्ती खरीदारी का अवसर मिला और तीसरी तिमाही में कंपनियों की कमाई 14.7 फीसदी बढ़ी जिससे एफपीआई का भरोसा मजबूत हुआ। एफपीआई ने फरवरी में वित्तीय सेवा और पूंजीगत सामान क्षेत्र में आक्रामक खरीदारी की, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र से 10,956 करोड़ रुपये की निकासी हुई।

# सोयाबीन और मूंगफली तेल के दाम सुधरे, पाम तेल में गिरावट जारी

नई दिल्ली, 01 मार्च (एजेंसियां)।

**सरसों की नई फसल की आवक बढ़ने से भाव दबाव में है। कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि उत्पादन इस साल बढ़ेगा। सरकार से आग्रह किया गया है कि सोयाबीन की तरह एमएसपी अंतर का भुगतान किसानों को किया जाए। इससे सरसों का भाव टूटने और कारोबारियों की मनमानी रोकने में मदद मिलेगी। सरकार को 20-25 लाख टन स्टाक बनाने पर विचार करना चाहिए। सोयाबीन तेल-तिलहन और मूंगफली तेल-तिलहन में कम आवक और अच्छी मांग के कारण दाम में सुधार हुआ। बिनौला तेल के दाम भी सप्ताहांत में सुधरे। वहीं मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट और पाम-पाल्मोलिन तेल की कम कीमत बनी रही। सरकार ने आयात शुल्क बढ़ाकर कच्चा पामतेल 26 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलीन 124 रुपये प्रति क्विंटल और सोयाबीन डीगम 15 रुपये प्रति क्विंटल। यह घरेलू तेल बाजार को स्थिर करने का प्रयास है। ईरान पर हमले की खबर के बाद आपूर्ति चिंताओं के कारण भी सोयाबीन तेल-तिलहन में तेजी को मदद मिली। उन्होंने कहा कि उपलब्धता में कमी की तथा अच्छी गुणवत्ता के मूंगफली दाने और खाद्य तेल की मांग होने के कारण बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में भी सुधार देखा गया।**



**सरकार से सोयाबीन की तरह एमएसपी अंतर का भुगतान किसानों को करने की मांग**

सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह मलेशिया एक्सचेंज में अधिकतम गिरावट का रुख रहने के बीच पाम-पामोलीन तेल के दाम में गिरावट देखी गई। वैसे ईरान पर हुए हमले के बाद आपूर्ति की स्थिति तथा इस तेल के दाम के बारे में अंदाजा सोमवार के कामकाज से मिल सकता है। उन्होंने कहा कि कम आवक और मांग होने के कारण बीते सप्ताह बिनौला तेल के दाम में भी सुधार आया। मंडियों में कपास नरमा का दाम एमएसपी से 10-12 प्रतिशत नीचे है इस वजह से इसकी आवक प्रभावित है। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 200 रुपये की गिरावट के साथ 6,475-6,500 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 350 रुपये की गिरावट के साथ 13,450 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 40-40 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,285-2,385 रुपये और 2,285-2,430 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 75-75 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 5,350-5,400 रुपये और 4,950-5,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इसी प्रकार दिल्ली में सोयाबीन तेल 50 रुपये के सुधार के साथ 14,450 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 150 रुपये के सुधार के साथ 14,150 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 50 रुपये के सुधार के साथ 11,300 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। बीते सप्ताह मूंगफली तिलहन 50 रुपये के सुधार के साथ 7,000-7,475 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 100 रुपये के सुधार के साथ 17,100 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 15 रुपये के सुधार के साथ 2,690-2,990 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सीपीओ तेल का दाम 25 रुपये की गिरावट के साथ 11,775 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलीन दिल्ली का भाव 100 रुपये की गिरावट के साथ 13,600 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव भी 150 रुपये की गिरावट के साथ 12,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं बिनौला तेल का दाम 150 रुपये के सुधार के साथ 13,100 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बनेगा एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस सेंटर




ग्रेटर नोएडा, 01 मार्च (एजेंसियां)।

**उत्तर प्रदेश सरकार जेवर में एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहालिंग (एमआरओ)सुविधा विकसित करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दौरान सिंगापुर की एसआईए इंजीनियरिंग कंपनी ने इस सुविधा में निवेश की इच्छा जताई। योजना के तहत 1365 हेक्टेयर भूमि पर एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस के साथ-साथ एविएशन उद्योग की स्थापना होगी, जिससे बोइंग और एयरबस जैसे विमान और उनके पुर्जों का निर्माण भी संभव हो सकेगा।**

**एमआरओ सुविधा के लिए सिंगापुर की कंपनी ने दिखाया निवेश रुचि**

सिंगापुर और जापान दौरे के दौरान यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वायईआईडीए) ने कई एमओयू किए। जापान में भी जापानी कंपनियों ने वायईआईडीए क्षेत्र में निवेश में रुचि दिखाई। क्यबोटा, होंडा, मिंडा स्पार्क, डेंसो, डेबू, सुजुकी मोटर्स जैसी कंपनियों के प्रतिनिधि निवेश और औद्योगिक सहयोग के लिए क्षेत्र का दौरा करेंगे। वायईआईडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस और एविएशन उद्योग स्थापना से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और निवेश भी आकर्षित होगा। एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए जल्द ही कार्रवाई शुरू की जाएगी। यह पहल उत्तर प्रदेश में एविएशन और लाजिस्टिक सेक्टर को मजबूत करेगी और जेवर को एक प्रमुख औद्योगिक और एविएशन हब बनाने में मदद करेगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### ईरान...

खामनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। वहीं, ईरानी सेना ने इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के कई देशों में हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइल में एक हमले में 9 लोगों की मौत हो गई है।इजराइल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया। हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे।ईरान के नये राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए टेलीविजन पर प्रसारित एक बयान में कहा कि ईरान की सशस्त्र सेनाएं अपने दुश्मनों के सैन्य ठिकानों पर जोरदार हमले करना और उन्हें नष्ट करना जारी रखेंगी। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे नेता की शहादत वर्षों के बलिदान की परिणति थी। इजरायल ने ईरान पर अपना हमला जारी रखते हुए तेहरान स्थित इस्लामिक रिपब्लिक के सेना मुख्यालय को निशाना बनाया और उसके कई लड़ाकू विमानों को नष्ट कर दिया। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बासिज बलों के मुख्यालय और तब्रीज़ हवाई अड्डे को भी निशाना बनाया, जिसमें कम से कम दो ईरानी एफ-5 और एफ-4 लड़ाकू विमान नष्ट हो गए। पश्चिमी ईरान के तब्रीज़ हवाई अड्डे पर दो एफ5 और एफ4 लड़ाकू विमान उड़ान भरने की तैयारी में थे। आईडीएफ ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर हमले का वीडियो साझा करते हुए कहा यह हमला ईरानी वायु सेना की गतिविधियों को कमजोर करने और उनकी हवाई रक्षा को और अधिक कमजोर करने के लिए किया गया था। इजरायल ने कहा है कि वह इस्लामी गणराज्य पर हमले जारी रखेगा। इजरायल, जो हमेशा से ईरान के परमाणु कार्यक्रम का विरोधी रहा है, ने तेहरान में खामेनेई के आवास पर हुए सटीक हमलों का एक वीडियो भी जारी किया है और अपने इस अभियान को ऑपरेशन रोरिंग लायन नाम दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजरायल का यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक आवश्यक होगा। उन्होंने शनिवार को अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि ईरानी शासन पिछले 47 वर्षों से इजरायल मुर्दाबाद और अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगाता रहा है। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान की वजह से मध्य पूर्व के लोग डर में जी रहे हैं और तेहरान ने गाजा, सीरिया और अन्य देशों में इजरायल के खिलाफ सशस्त्र गुट तैयार कर रखे हैं।

ईरानी अटैक में 3 अमेरिकी सैनिकों की मौत, इजरायल में 8 लोग मरे

अमेरिकी सेना ने बताया है कि ईरान द्वारा किए गए हमले में 3 अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने रविवार को सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी पुष्टि की। हालांकि, अभी तक मृत सैनिकों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है।ईरान के मिसाइल हमले में इजराइल के बेत शेमेश शहर में कम से कम 8 लोगों की मृत्यु हुई है। यह शहर यरुशलम से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित है। रिपोर्ट के अनुसार एक रिहायशी इमारत पर सीधे मिसाइल गिरने से भारी नुकसान हुआ। एक सार्वजनिक बम शेल्टर और आसपास के घर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

**अमेरिका ने उतारा बी-2 बॉम्बर**

संघर्ष के बीच अमेरिका ने ईरान के खिलाफ अपने अत्याधुनिक बी-2 स्पीरिट बॉम्बर विमान का उपयोग किया है। रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को बी-2 बॉम्बर से 2000 पाउंड वजनी दर्जनों पेनेट्रेटर (बंकर बस्टर) बम गिराए गए। पेनेट्रेटर बम विशेष रूप से भूमिगत बंकरों, सुरंगों और परमाणु सुविधाओं को नष्ट करने के लिए बनाए जाते हैं। अमेरिकी कार्रवाई का उद्देश्य ईरान की भूमिगत बैलिस्टिक मिसाइल साइट्स को निष्क्रिय करना बताया गया है।क्षेत्र में बढ़ते सैन्य टकराव के बीच मध्य पूर्व में तनाव चरम पर है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### यूएई में...

स्थानीय फोन नंबरों पर आधिकारिक अलर्ट संदेश मिलने लगे, लेकिन विदेशी पर्यटकों को स्थिति समझने में समय लगा। एक पर्यटक ने बताया कि फेयरमॉन्ट द पाम के प्रवेश द्वार पर आग लग गई थी, जो ड्रोन हमले जैसा प्रतीत हो रहा था।

**165 बैलिस्टिक मिसाइल और 541 ड्रोन दागे गए**

यूएई के रक्षा मंत्रालय के अनुसार 28 फरवरी से शुरू हुए हमलों में ईरान ने अब तक 165 बैलिस्टिक मिसाइलें, 2 क्रूज़ मिसाइलें और 541 ड्रोन लॉन्च किए हैं। इनमें से 506 ड्रोन को मार गिराया गया, जबकि 35 देश के विभिन्न हिस्सों में गिरे, जिससे नुकसान हुआ।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दूसरे दिन सुबह वायुसेना और एयर डिफेंस सिस्टम ने 20 बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट किया तथा 8 मिसाइलों को समुद्र में गिरा दिया। साथ ही 2 क्रूज़ मिसाइलें और 311 ड्रोन नष्ट किए गए। हालांकि 21 ड्रोन आबादी वाले इलाकों में गिरे, जिससे संपत्ति को नुकसान पहुंचा।मध्य-पूर्व में तेजी से बढ़ते इस सैन्य टकराव ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चिंता बढ़ा दी है। खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और हालात पर वैश्विक निगाहें टिकी हैं।

### पाक...

इस्लामाबाद में तहरीक-ए-जाफरिया पाकिस्तान द्वारा अमेरिकी दूतावास के घेराव की घोषणा के बाद प्रशासन ने रेड जोन को सील कर दिया। अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती की गई और प्रमुख मार्गों को बंद कर दिया गया। पुलिस को प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का उपयोग करना पड़ा।

गृह मंत्री मोहसिन नकवी सड़कों पर पहुंचे और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। बाद में उन्होंने उलेमाओं के साथ बैठक कर स्थिति शांत करने का प्रयास किया। सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर ने भी स्पष्ट किया कि किसी को कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा और कड़ी की जाएगी।

दोहरे दबाव में मुनीर

पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर पर एक ओर सड़कों पर उतरे आक्रोशित प्रदर्शनकारियों का दबाव है, वहीं दूसरी ओर अमेरिका के साथ कूटनीतिक संबंधों को संतुलित रखने की चुनौती है। विएना कन्वेंशन के तहत पाकिस्तान सरकार अमेरिकी दूतावास और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए बाध्य है। पाकिस्तान सरकार ने खामेनेई की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए शांतिपूर्ण विरोध की अपील की है, लेकिन कई स्थानों पर हालात नियंत्रण से बाहर होते दिख रहे हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा अलर्ट जारी कर दिया गया है। क्षेत्रीय तनाव के बीच पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजर बनी हुई है।

### नागपुर में ...

इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई है। मैं दिवंगतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इस घटना में 18 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें तुरंत नागपुर भेजा गया है। पूरे मामले की गहन जांच के आदेश दे दिए गए हैं।समाचार एजेंसी के साथ बातचीत में एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मैं जितने लोगों को निकाल सकता था, निकालने की कोशिश की... हमने प्राइवेट गाड़ियां बुलाईं, कंपनी की महज एक ही एंबुलेंस थी... आग नहीं, मेन पॉवर पर ब्लास्ट हुआ... मैंने 10, जबकि मेरे दोस्त ने 4 शव निकाले... यह एक सेल प्लांट था... जहां पर महिलाएं काम करती थीं...।एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह घटना कंपनी की डेटोनेटर पैकिंग इकाई में सुबह सात बजे से सवा सात बजे के बीच हुई। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि बचाव अभियान जारी है और वे जल्द ही एक बयान जारी करेंगे। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद घायलों को नागपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला कलेक्टर विपिन इटांकर और पुलिस अधीक्षक हर्ष पोदार घटनास्थल पर मौजूद थे।

### हैदराबाद में विरोध...

एक शिया नेता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि खामेनेई जुल्म के खिलाफ खड़े होने और जालिमों के आगे सरेंडर करने से इनकार करने के लिए शहीद हुए। उन्होंने आगे कहा कि मुसलमानों में एकता की कमी के कारण यह दुखद घटना हुई।एक शिया धार्मिक और सामाजिक-राजनीतिक संगठन तंजीम-ए-जाफरी के आह्वान पर खामेनेई की हत्या की निंदा करने के लिए एक रैली निकाली गई। पुरानी हवेली में मजहर-ए-इब्ने-खातून से शुरू हुई रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान कई प्रदर्शनकारी मारे गए नेता की तस्वीरें दिखाते हुए रोते हुए देखे गए।स्थिति को देखते हुए किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए पुलिस ने एहतियात के तौर पर पुराने शहर में सुरक्षा बढ़ा दी है।इस बीच, हैदराबाद में ईरान के कॉन्सुलेट में, खामेनेई की मौत पर दुख जताने के लिए ईरान का राष्ट्रीय झंडा आधा झुका दिया गया। ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच हैदराबाद स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा रविवार को कड़ी कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एहतियात के तौर पर, नानकरामगुडा में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती के साथ सुरक्षा बढ़ा दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, हमने अतिरिक्त बल तैनात करके सुरक्षा बढ़ा दी है। हैदराबाद स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में भारतीय नागरिकों को वीजा और कांसुलर सेवाएं प्रदान करता है।

### भारत-इंग्लैंड...

इससे पहले आज यहां रॉस्टन चेज (40), जेसन होल्डर ( नाबाद 37) और रोवमन पॉवेल (नाबाद 34 ) की शानदार पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने भारत को जीत के लिए 196 रनों का लक्ष्य दिया। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कप्तान शाई होप और रॉस्टन चेज की सलामी जोड़ी ने पहले 68 रन जोड़े। नौवें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने शाई होप को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। शाई होप ने 33 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 32 रन बनाये। इसके बाद 12वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने शिमरॉन हेटमायर 12 गेंदों में 27 रन को और इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर रॉस्टन चेज को भी अपना शिकार बना लिया। रॉस्टन चेज ने 25 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 40 रनों की पारी खेली। शरफेन रदरफोर्ड 14 रन बनाकर आउट हुये।

वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 195 रनों का स्कोर खड़ा किया। रोवमन पॉवेल ने 19 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 34 ) और जेसन होल्डर ने 22 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 37 ) रनों की पारी खेली। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट लिये। वरुण चक्रवर्ती तथा हार्दिक पंड्या ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### यूट्यूबर...

उनके कंटेंट को लेकर पूर्व में विरोध और धमकियों की बातें सामने आई थीं। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि उनके बयानों को लेकर कुछ लोग नाराज थे।पुलिस ने हमले के बाद मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। अधिकारियों का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, सोमवार, 02 मार्च, 2026

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# फलोदी खीचन लोहावट जैन संघ ने इमलीबन गौशाला में की गौ-सेवा



**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जीव दया और करुणा के मार्ग पर चलते हुए फलोदी खीचन लोहावट जैन संघ द्वारा इमलीबन गौशाला में विशेष गौ-सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संघ के सदस्यों ने गौमाता के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करते हुए सामूहिक रूप से सेवा कार्य किए।

गौ-सेवा कार्यक्रम के तहत संघ के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर गौशाला की गायों को पौष्टिक हरी सब्जियाँ खिलाई गईं। जैन धर्म के सिद्धांतों के अनुरूप जीव सेवा को सर्वोपरि मानते हुए सदस्यों ने अपने हाथों से गायों को चारा और सब्जियाँ खिलाकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

इस पुनीत कार्य में समाज के कई गणमान्य सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुशल पारख, धर्मेंद्र कोचर, धर्मेंद्र झाबक, विजय कोचर, महावीर वैद्य, स्मिता जैन, शुभम कोचर और कनिष्क जैन आदि उपस्थित रहे। इन सभी सदस्यों ने गौशाला परिसर में समय बिताते हुए गौ-सेवा की और समाज को जीव दया का संदेश दिया।

# श्री आईमाता मंदिर बडेर में होली महोत्सव आज से

**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कोरेमुला स्थित श्री आईमाता जी मंदिर बडेर में सीरवी समाज बंधुओं के सानिध्य में होली के पावन अवसर पर 2 एवं 3 मार्च को द्विदिवसीय होली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।


इस अवसर पर पूजा-अर्चना, होली दहन, बच्चों की ढूंढ तथा रंगारंग गैर नृत्य कार्यक्रम आयोजित होंगे।

प्रेस विज्ञप्ति में संरक्षक प्रभुराम परिहारिया, अध्यक्ष कालुराम काग तथा सचिव डायाराम लचेटा ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज बंधुओं के सहयोग से यह महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

कार्यक्रम के अनुसार सोमवार, 2 मार्च को सायं 5:15 बजे पूजा-अर्चना एवं आईमाता जी की आरती होगी। इसके पश्चात सायं 6:15 बजे होली दहन किया जाएगा। रात्रि 7:15 बजे भोजन-प्रसादी की व्यवस्था रहेगी।

मंगलवार, 3 मार्च को प्रातःकाल पूजा-अर्चना के उपरांत प्रातः 9:15 बजे से बच्चों की ढूंढ का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दोपहर 12:15 बजे से समाज बंधुओं के लिए मंदिर प्रांगण में भोजन-प्रसादी की व्यवस्था रहेगी।

संरक्षक प्रभुराम परिहारिया, अध्यक्ष कालुराम काग एवं सचिव डायाराम लचेटा ने समाज बंधुओं से आग्रह किया है कि वे होली गुलाल से खेलें तथा राजस्थानी वेश-भूषा में सपरिवार समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।




# भाजपा कार्यालय में केंद्रीय मंत्री बंडी संजय को स्वर्ण तेलंगाना पुस्तक भेंट



**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार को स्वर्ण तेलंगाना पुस्तक भेंट की गई।

इस अवसर पर भाजपा नेता एवं महेश को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड के उपाध्यक्ष गोविंद नारायण राठी ने पुस्तक भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में रामराजू, करोड़ीमल नरसिंह पुरिया, भाजपा गोलकोंडा जिला अध्यक्ष उमा महेंद्र तथा शशि सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिहार अग्रवाल संघ का होली मिलन समारोह 4 को



**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बिहार अग्रवाल संघ के उपाध्यक्ष संतोष टांटिया द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, संघ द्वारा 4 मार्च को होली मिलन समारोह बड़े उत्साह एवं धूमधाम के साथ सुगना गार्डन, अत्तापुर में सांय 5:30 बजे मनाने का निर्णय लिया गया है।

इस कार्यक्रम में फूलों की सुमधुर होली का आनंद और जोशीला चंग धमाल होगा, जहां ताल बजेगी और पूरा माहौल जोश के साथ झूम उठेगा। पूरी शाम हर्ष और उल्लास से भरपूर होने की उम्मीद है, जबकि ढोल की थाप और लोकधूनों की गूंज से वातावरण आनंदमय हो जाएगा।

संघ ने इस शुभ अवसर पर आजीवन सदस्य बनने के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान किया है, जिसमें एक किफायती योजना निकाली गई है। अतः सभी बिहार के अग्रबंधुप्रणों से निवेदन है कि वे 4 मार्च या उससे पहले इस विशेष छूट का भरपूर लाभ उठाएं और होली मिलन के इस भव्य समारोह में अवश्य पधारें। संपर्क जानकारी: अधिक जानकारी के लिए 939 192 2 211 या 9246 20 2268 पर संपर्क करें।कार्यक्रम के संयोजक भीम फिटकरीवाला, हरिमोहन सराफ, मनीष फिटकरीवाला, अर्जुन फिटकरीवाला, और सी ए रवि लाडिया ने सभी सदस्यों से निवेदन किया है कि वे अपने परिवार व मित्रों सहित इस समारोह में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाएं।

# सेवा, समर्पण और संवेदना का पर्याय राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद : सुनीता अग्रवाल



**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन पिल्लर नंबर 1265 ए के पास नियमित अन्नदान कार्यक्रम का श्रद्धापूर्वक आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सुनीता अग्रवाल ने कहा कि राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद सेवा, समर्पण और संवेदना का पर्याय बन चुका है। जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही हमारे समूह का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि अन्नदान केवल भोजन वितरण नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची अभिव्यक्ति है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने पूरे समर्पण भाव से जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक भोजन वितरित किया। वातावरण में सेवा और करुणा की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी।

इस अवसर पर राम प्रकाश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, जय प्रकाश सारडा, जगन एलाकुर्थी, प्रीतिका अग्रवाल, महेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सविता अग्रवाल, संजय गोयल, किरण गोयल, बिमल किशोर संघी, भगतराम गोयल तथा सुशील अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा और अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक सहायता पहुँचाई जाएगी।

राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद का यह नियमित अन्नदान कार्यक्रम समाज में मानवता, सहयोग और समर्पण की प्रेरक मिसाल बनता जा रहा है।

# फाल्गुन शुद्ध तेरस पर श्री कुलपाकजी जैन तीर्थ में उमड़ी श्रद्धा

**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दक्षिण भारत के ऐतिहासिक और प्राचीन श्री कुलपाकजी जैन तीर्थ में फाल्गुन शुद्ध तेरस के पावन अवसर पर भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। श्री आदेश्वर दादा के दर्शन हेतु देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कोलंपाक पहुंचे। रमेश पी. तातेड द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस विशेष दिन पर विभिन्न संघों और परिवारों ने विशेष पूजा-अर्चना संपन्न की।



**तातेड परिवार द्वारा वैवाहिक वर्षगांठ पर विशेष अनुष्ठान**

पुष्पाबेन जैन रत्न एवं रमेश गुणवंतीदेवी पुखराजजी तातेड (सिकंदराबाद/सिरोही निवासी) की 48वीं वैवाहिक वर्षगांठ के शुभ अवसर पर तातेड परिवार ने तीर्थ में विशेष हाजिरी दी। इस दौरान पुष्पाबेन-रमेश, पूनम-रितेश, रीना-तपन सहित परिवार के बच्चों हिया, जिन्ने, एतांश और हरित तातेड ने मिलकर सेवा-पूजा, जीवदया और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए। श्रद्धालुओं ने कोलंपाक स्थित राजेंद्रसूरी गुरु मंदिर और मुनिसुव्रतस्वामी जैन मंदिर के दर्शन कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

**मंडार कुलपाक तीर्थ मंडल का आगमन**

इसी कड़ी में मंडार कुलपाक तीर्थ मंडल हैदराबाद के तत्वावधान में लगभग 100 श्रद्धालुओं का एक बड़ा संघ कुलपाकजी तीर्थ पहुंचा। इस संघ में दिलीप कोठारी, अशोक दोषी, अजीत दोशी, जयंतीलालजी चौवटिया, उत्तमजी चौवटिया, मुकेश संघवी, भावेश संघवी, चंपक चौधरी, भाविन दोशी, मनोज भोड़ोतरिया, राहुल भोड़ोतरिया, चिराग भोड़ोतरिया, अनुज चौवटिया, विकी चौवटिया, महेंद्र दोषी, शालीन दोषी और भाविन दोषी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने सामूहिक रूप से पूजा कर तीर्थ की महिमा का गुणगान किया।

**वराडा प्रवासी संघ की धर्मयात्रा**

भारत के विभिन्न कोनों से आए वराडा के प्रवासियों को सुरेशजी पुखराजजी भंडारी (वराडा/बॉम्बे) की ओर से कुलपाकजी तीर्थ के दर्शन कराए गए। इस संघ में लगभग 120 श्रद्धालु शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से वसंत भंडारी, महेंद्र तातेड, अरविंद भंडारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। फाल्गुन शुक्ल तेरस का यह पर्व कुलपाकजी तीर्थ में अटूट श्रद्धा, जीवदया और हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।

# माहेश्वरी युवक संघ द्वारा ब्रज की मधुर होरियों के साथ होली उत्सव

**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** माहेश्वरी युवक संघ द्वारा रविवार दि. 01 मार्च को बेगम बाजार स्थित माहेश्वरी भवन में होली के उपलक्ष्य में ब्रज की भाषा की मधुर होरियां (भजन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रज की पारंपरिक होली गीतों के साथ रंगों और उमंग का वातावरण छाया रहा।लकार्यक्रम के प्रारंभ में तृतीय दिवस की पूजा-अर्चना संपन्न हुई।



इस अवसर पर अध्यक्ष नारायणदास मालानी, मंत्री राजेश कुमार करवा एवं कोषाध्यक्ष जुगल किशोर बल्दवा उपस्थित रहे। संघ द्वारा 2 मार्च 2026 को रात्रि 9:30 बजे से रंग-बिरंगी माला में पिरोने का मुख्य होली कार्यक्रम तथा रात्रि 10:30 बजे सामूहिक ढुंढ कार्यक्रम माहेश्वरी भवन में आयोजित करने की घोषणा की गई है। अध्यक्ष नारायणदास मालानी, मंत्री राजेश कुमार करवा एवं कोषाध्यक्ष जुगल किशोर बल्दवा ने समाज बंधुओं से सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

अवसर पर महेश लखोटिया, कन्हैयालाल राठी, वसंत कासट, नरसिंह चितलांगी, कैलाश मंत्री, राजीव कासट, दिनेश बंग, गोविंद अट्टल, महेंद्र बजाज, श्रीनिवास कांकाणी, अमर जाजू, आदित्य राठी, अभिषेक सारड़ा, ओम चोखड़ा, देवीलाल भूतड़ा, दिनेश बजाज, अजय भंडारी, हेमंत सारड़ा, दीपक धूत, सत्यनारायण काबरा, पवन मंत्री, राजगोपाल राठी, दिनेश बजाज, कमलनयन बजाज, आनंद लोया, माधव दास मुंदड़ा, श्रीनिवास काबरा, पवन डागा, भरत सारड़ा, संस्कार राठी, निखिल राठी, आरव चितलांगी, संचीत चितलांगी, श्रीराम काबरा, प्रथम काबरा, पियूष काबरा, सुनील भट्टड़, अर्जुन सारड़ा, रामनिवास सारड़ा, गोवर्धन सारड़ा, महेश नावंदर, विजय चितलांगी, सागर अट्टल, श्रीगोपाल अट्टल तथा रामविलास बजाज सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे।

# होली के रंग, कवियों के संग कवि सम्मेलन आज

**हैदराबाद, 1 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज, शाह-अली-बंडा शाखा के सहयोग से नगरद्वय के कवियों की 44 वर्षों से लोकप्रिय और सक्रिय संस्था गीत चाँदनी हैदराबाद का पूर्णिमा होली के रंग कवियों के संग कवि सम्मेलन का आयोजन मौज़मजाही मार्केट स्थित आरोग्य हॉस्पिटल, कैलाश डायग्नोस्टिक सेंटर के सेलार सभागृह में सोमवार, 2 मार्च, 2026 को सायं 4 बजे से संपन्न होगा।

इस अवसर पर पूर्व न्यायाधीश ठाकुर गोपाल सिंह और सुप्रसिद्ध समाज-सेवी अमृत कुमार जैन मुख्य अतिथि के रूप में मंच पर विराजमान रहेंगे। अग्रवाल समाज शाह-अली-बंडा शाखा के सहयोगियों में सर्वश्री महावीर प्रसाद डोकानिया, राजू भाई चाटवाला, आनंद संघी, फतेह चंद मित्तल, पवन कुमार डोकानिया आदि के नाम सम्मिलित हैं।

आज यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उक्ताशय की जानकारी देते हुए गीत चाँदनी के कार्यदर्शी, गोलकोण्डा दर्पण के संपादक व कवि गोविंद अक्षय ने बताया कि कवि सम्मेलन में हास्य-व्यंग्य, गीत व ग़ज़ल के कवि भाग लेंगे। गीत चाँदनी के अध्यक्ष वरिष्ठ गीतकार श्री चंपालाल बैद कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे और कवि गोविंद अक्षय संचालन का भार सँभालेंगे।

कार्यक्रम में सभी कवियों को होली की विशेष माला, विशेष टोपी और स्मृति-चिह्न भेंट किये जाएँगे। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि, विशिष्ट अतिथि, सम्माननीय अतिथि के साथ-साथ मुख्य अतिथि भी उपस्थित रहेंगे।

कवि सम्मेलन का उद् घाटन विशेष अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती देवी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं श्री अग्रसेन जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण तथा पूजा के साथ होगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में गीत चाँदनी के गीतकार श्री चंपालाल बैद, कवि गोविंद अक्षय, कवि संतोष कुमार मिश्र माधुर्य, डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव, ठाकुर दिनेश सिंह आदि अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर गीत चाँदनी के कवि डी. प्रेमराज द्वारा किसी एक कवि को प्रोत्साहन स्वरूप भाग्यशाली कवि के रूप में 1100/- रुपयों की राशि से सम्मानित किया जाएगा। सभी कवियों और श्रोताओं से निवेदन किया गया है कि वे समय पर कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएँ।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सोहम एकेडमी ऑफ ह्यूमन एक्सीलेंस द्वारा

# 5वीं वार्षिक रोबोटिक प्रदर्शनी का भव्य आयोजन




**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में सोहम एकेडमी ऑफ ह्यूमन एक्सीलेंस द्वारा आयोजित पाँचवीं वार्षिक रोबोटिक प्रदर्शनी ने दर्शकों को अत्यंत प्रभावित किया। यह प्रदर्शनी उप्पल मिनी शिल्पा रामम में आयोजित की गई।कार्यक्रम का उद्घाटन आंध्रप्रदेश हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति यल नरसिंहा रेड्डी ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। उन्होंने प्रदर्शनी का शुभारंभ करते



हुए विद्यार्थियों के नवाचार और प्रतिभा की सराहना की।राज्य भर के 250 सरकारी विद्यालयों और महाविद्यालयों से सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने इस प्रदर्शनी में भाग लिया। विद्यार्थियों द्वारा विकसित विभिन्न प्रकार की रोबोटिक परियोजनाएँ प्रदर्शित की गईं, जिन्होंने उपस्थित लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।संस्था के आयोजक सहदेव ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी विद्यार्थियों की रचनात्मकता और तकनीकी कौशल को और अधिक निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

कार्यक्रम के अंत में, प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 20 विद्यालयों के विद्यार्थियों को मोमेंटो और प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# अग्रवाल मानव सेवा संस्था द्वारा राशन किट का वितरण





**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल मानव सेवा संस्था द्वारा हर माह की भाँति मार्च माह में 30 राशन किट वितरित किए गए। एक प्रेस विज्ञप्ति में संस्था के संस्थापक मुकुंद लाल अग्रवाल ने जानकारी दी कि ये किट हाईकोर्ट रोड पर स्थित मुरलीधर मंदिर में बांटे गए, जिसमें राशन के साथ-साथ प्लास्टिक की बैठने की चौकी, मिठाई, और फल भी वितरित किए गए।

इन किटों के प्रायोजक थे मंगत राय जी, राम कुमार जी परिवार, श्री राधेश्याम जी गुप्ता, श्री केदार नाथ जी अग्रवाल (ड्यूक्स परिवार), पुरुषोत्तम दास जी, सुरेश कुमार जी पिपड़िया (टंडन), आर. ए. अग्रवाल, और दीपक कुमार अग्रवाल।

पिछले दस महीनों से राशन किट जरूरतमंद अग्रबधु परिवारों में बांटे जा रहे हैं। सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए नवंबर में राशन किट के साथ ब्लैंकेट, दिसंबर में स्वेटर, जनवरी में संक्रांति त्योहार के अवसर पर साड़ियाँ, फरवरी में चटाइयाँ, तथा इस माह प्लास्टिक की चौकी वितरित की गई।

इस अवसर पर संस्था के संस्थापक मुकुंद लाल अग्रवाल और श्रीमती संतोष अग्रवाल की 56वीं परिणय की वर्षगांठ मनाई गई, जिसमें उन्हें पुष्प माला और शॉल द्वारा सम्मानित किया गया, तथा केक काटकर उपस्थित लोगों में वितरित किया गया। उपस्थित सभी अग्रबंधुओं ने इस कार्य की प्रशंसा की। लाभार्थियों में अल्पाहार वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रायोजक राधे श्याम जी गुप्ता, श्रीमती यशोदा गुप्ता, श्री सुरेश कुमार टंडन, आर. ए. अग्रवाल, दीपक कुमार अग्रवाल, और संस्था के संस्थापक मुकुंद लाल अग्रवाल एवं श्रीमती संतोष अग्रवाल सहित अन्य अतिथि भी उपस्थित थे।

विशेष आमंत्रित अतिथियों में राधे राधे ग्रुप के राम प्रकाश अग्रवाल, मुकेश कुमार (मीडिया) आदि शामिल थे। कार्यक्रम में कैलाश अग्रवाल और गायत्री अग्रवाल एवं उनके परिवार द्वारा सेवा प्रदान की गई।

# सेवा का संकल्प, संवेदना का विस्तार : दिनेश गोयल

### इंडो अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के सामने राधे-राधे ग्रुप का नियमित अन्नदान





**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में रविवार को कवर पार्क, इंडो अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के सामने नियमित अन्नदान कार्यक्रम श्रद्धा, सेवा और समर्पण की भावना के साथ आयोजित किया गया।

रविवार की सुबह सेवा भावना से ओत-प्रोत वातावरण में ग्रुप के सदस्यों ने जरूरतमंदों, मरीजों के परिजनों और राहगीरों को ससम्मान भोजन वितरित किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल अन्न प्रदान करना नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और सामाजिक उत्त-रदायित्व का संदेश देना भी रहा।

इस अवसर पर दिनेश गोयल ने भावपूर्ण शब्दों में कहा कि सेवा ही सच्ची साधना है। जब हम किसी भूखे को अन्न देते हैं तो वह केवल पेट की भूख नहीं मिटती, बल्कि मन में संतोष और आत्मा में शांति का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि अन्नदान भारतीय संस्कृति की महान परंपरा है और इसे नियमित रूप से निभाना हम सबका कर्तव्य है।

दिनेश गोयल ने आगे कहा कि अस्पताल के बाहर अनेक परिवार ऐसे होते हैं जो अपने प्रियजनों के उपचार के दौरान आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों से गुजरते हैं। ऐसे समय में यदि उन्हें स्नेह और सम्मान के साथ भोजन उपलब्ध कराया जाए तो यह उनके लिए बड़ी राहत और संबल का कार्य करता है।

कार्यक्रम के दौरान सेवा कार्य में मनीष अग्रवाल, जयप्रकाश सारडा, हरीश तोलाराम हिंदूजा, उमाकांत जी गुप्ता, उर्मिला गुप्ता, युवाान गुप्ता सहित राधे-राधे ग्रुप के अन्य समर्पित सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर व्यवस्था संभाली और अनुशासित ढंग से भोजन वितरण किया।

# गणगौर पूजन 4 से



**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बेगम बाजार स्थित पं. गोविंदलाल राजगोपाल व्यास के निवास पर बुधवार दि. 4 से 21 मार्च तक प्रतिदिन प्रातः 8.00 बजे से गणगौर पूजन का आयोजन किया जा रहा है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में खटोड व्यास ने बताया कि गणगौर का सिंजारा 20 मार्च को, गणगौर की बड़ी पूजा 21 मार्च को प्रातः 9.00 बजे की जाएगी तथा उसी दिन सायं 7.30 बजे माहेश्-वरी भवन, बेगम बाजार गणगौर उत्सव में जाएगी।

# अणुव्रत समिति हैदराबाद का 78वां स्थापना दिवस आयोजित

**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अणुव्रत विश्व भारती सोसाइटी के तत्वावधान में अणुव्रत समिति हैदराबाद द्वारा 78वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में तेरापंथ भवन, डी. वी. कॉलोनी में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की उपाध्यक्षता अनिल कातरेला एवं अशोक मेडतवाल ने की।मंत्री रीटा सुराणा के मार्गदर्शन तथा सहमंत्री श्रवण जी, चंदन कोठारी एवं संगठन मंत्री प्रवीण श्यामसुखा के सहयोग से आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र एवं अणुव्रत गीत के सुमधुर संगान से हुआ। आचार संहिता का वाचन चंदन कोठारी ने किया तथा रीटा सुराणा के संयोजन में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई।इस अवसर पर ध्वजारोहण, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं अणुव्रत रैली जैसे प्रेरणादायी कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में नैतिकता, संयम और सदाचार का संदेश प्रसारित किया गया।कार्यक्रम में महिला मंडल की सहमंत्री मीनाक्षी सुराणा, तेयुप अध्यक्ष राहुल जी, संगठन मंत्री चेतन मरलेचा, परामर्शक मीनाक्षी आंचलिया, सुभाग बांठिया, रजनी श्यामसुखा, विनयश्री सुराणा, राजेंद्र सुराणा, आमोद कोठारी, राजकुमार गुजरानी, प्रकाश दफ्तरी, निर्मल बेंगाणी सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।







डी. वी. कॉलोनी ज्ञानशाला के ज्ञानार्थियों ने अणुव्रत गीत की सुंदर प्रस्तुति दी। प्रशिक्षिका उषा सुराणा ने बच्चों को अणुव्रत के सिद्धांतों की जानकारी दी। इस अवसर पर विनयश्री सुराणा एवं नीतू डेलड़िया भी उपस्थित थीं।

आभार ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। अल्पाहार की व्यवस्था अनिल कातरेला की ओर से की गई। सभी के सहयोग से कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायी रहा।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन

### 25 महिला समाज सेविकाएं सम्मानित

**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल एसोसिएशन (आईएफईवीए) ने अग्रवाल समाज तेलंगाना चैप्टर और वारकस ऑटोमोबाइल के सहयोग से हैदराबाद में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन किया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में 150 से अधिक महिलाओं और 50 पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण, सामाजिक नेतृत्व और हरित गतिशीलता (ग्रीन मोबिलिटी) को बढ़ावा देने के लिए एक जीवंत मंच साबित हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आंध्र प्रदेश की पूर्व समाज कल्याण मंत्री कोंडू पुष्पलीला उपस्थित रहीं। उन्होंने समाज सेवा और समर्पण के माध्यम से अनुकरणीय योगदान देने वाली







25 प्रतिष्ठित महिलाओं को सम्मानित किया। इन पुरस्कारों के माध्यम से उन महिलाओं के प्रयासों को सराहा गया जिन्होंने सामुदायिक उत्थान और सार्थक सामाजिक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर आईएफईवीए के संस्थापक और शासी परिषद के सदस्य डॉ. शैलेंद्र सरोज ने विशेष रूप से हैदराबाद का दौरा किया, ताकि क्षेत्र में संगठन की उपस्थिति मजबूत की जा सके और तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश के अध्यक्ष राम वेमीरेड्डी के नेतृत्व को प्रोत्साहित किया जा सके।

वारकस ऑटोमोबाइल के निदेशक और क्षेत्रीय अध्यक्ष राम वेमीरेड्डी ने कंपनी के विजन, विभिन्न वाहन मॉडल, गुणवत्ता मानकों और तकनीकी प्रगति पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। वारकस ऑटोमोबाइल के सीईओ ने आकर्षक फाइनेंसिंग योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया, जिनका उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों को सुलभ बनाना और महिलाओं को डीलरशिप के अवसरों के लिए प्रोत्साहित करना है। इस पहल को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली; कई महिलाओं ने कार्यक्रम के दौरान ही इलेक्ट्रिक वाहन बुक किए और कई ने डीलरशिप के लिए आवेदन फॉर्म जमा कर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाए।

सेवानिवृत्त पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) बद्रीनाथ, जो आईएफईवीए हैदराबाद के अध्यक्ष हैं, की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। अग्रवाल समाज तेलंगाना के नेतृत्व ने भी इस आयोजन को अपना पूर्ण समर्थन दिया। चैप्टर की संयुक्त सचिव सीमा जैन ने आईएफईवीए के साथ सक्रिय सहयोग किया, जबकि अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता ने भविष्य की पहलों के लिए आईएफईवीए के साथ दीर्घकालिक साझेदारी और संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम का समापन हैदराबाद और तेलंगाना की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हुआ। आईएफईवीए ने दोहराया कि वह देश भर में इसी तरह की प्रभावशाली गतिविधियां आयोजित करने के लिए अपने सदस्यों को पूर्ण संगठनात्मक सहयोग प्रदान करना जारी रखेगा।



**सारस्वत ब्राह्मण समाज के विजयवाडा के प्रमुख वेदप्रकाश सारस्वत का नगरगमन पर फीलखाना में वप्र फाउंडेशन जोन 16 एवं राजस्थानी ब्राह्मण सभा द्वारा शाल व माला द्वारा सम्मान करते हुए हरिकिशन ओझा, रामदेव नागला, शांतिलाल चानडा, श्रीलाल पारीक, बीरबल पारीख, श्याम सारस्वत, दिपक सारस्वत व अन्य।**



**घांसी बाजार स्थित श्री रानी सती दादी मंदिर में आज आयोजित होली के रंग श्री दादी जी के संग कार्यक्रम में उपस्थित श्री गोपाल पचेरीवाले, महेश अग्रवाल, संत शरण महाराज, चक्रपाणि शर्मा, राघवेंद्र शर्मा, जय करणजी, विकास शर्मा, प्रियंका शर्मा एवं भरत शर्मा ।**

# शारदा पीठ की भूमि पर कार्रवाई का विरोध

## विश्व हिंदू परिषद ने राज्य सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी





**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विश्व हिंदू परिषद (VHP) के पगुडाकुल बालस्वामी ने कड़ी चेतावनी दी है कि राज्य में मठों, पीठों और मंदिरों पर किसी भी तरह का हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाग्यनगर के बाहरी इलाके कोकापेट में स्थित 'शारदा पीठ' की भूमि पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई को उन्होंने एक गंभीर अपराध करार दिया है।रविवार दोपहर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की टीमों ने शारदा पीठ का दौरा किया। इस दौरान विहिप नेताओं ने पीठाधिपति स्वामी स्वात्मानंद सरस्वती जी से मुलाकात की और विस्तार से चर्चा की। स्वामी जी ने नेताओं को बताया कि किस प्रकार राज्य सरकार ने पीठ के विरुद्ध दंडात्मक रुख अपनाया है।

**हिंदू आस्थाओं पर हमला स्वीकार नहीं**

मीडिया से बात करते हुए पगुडाकुल बालस्वामी ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए हिंदू मंदिरों और संस्थानों को निशाना बनाना गलत है। उन्होंने कहा, शारदा पीठ के खिलाफ रची गई साजिश हिंदुओं के विश्वास को गहरी चोट पहुँचाती है। जिस जमीन का कानूनी रूप से पंजीकरण (Registration) हो चुका है, उसे छीनने की कोशिश करना असंवैधानिक है। सरकार को इस कृत्य के लिए तुरंत हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए।

**प्रमुख मांगें और आपत्तियां:**

दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई: बालस्वामी ने आरोप लगाया कि अधिकारियों की गलत रिपोर्ट के आधार पर आस्था के केंद्रों पर हमला किया जा रहा है, जिसे संविधान भी स्वीकार नहीं करता।जीओ (ऋज्ञ) वापस लेने की मांग: उन्होंने सरकार से मांग की कि शारदा पीठ की जमीन वापस लेने के लिए जारी किए गए सरकारी आदेश (ऋज्ञ) को तुरंत रद्द किया जाए और पीठ की भूमि की सुरक्षा के लिए विशेष आदेश जारी किए जाएं।एकतरफा निर्णय का विरोध: विहिप ने स्पष्ट किया कि स्वामियों और पीठाधिपतियों से चर्चा किए बिना लिए गए एकतरफा फैसले हिंदू समाज कभी माफ नहीं करेगा।

**संघर्ष का किला और सनातनी परंपरा**

बालस्वामी ने जोर देकर कहा कि शारदा पीठ केवल जमीन का टुकड़ा नहीं है, बल्कि भक्तों के विश्वास का केंद्र और वेदाध्ययन का मुख्य स्थान है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा करने वाले संस्थानों को निशाना बनाना हिंदू विरोधी कृत्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्वामियों का अपमान किया गया या संस्थानों की स्वायत्तता छीनी गई, तो विश्व हिंदू परिषद राज्यव्यापी जन आंदोलन शुरू करेगी।निरीक्षण के पश्चात विहिप नेताओं ने राज्यश्यामला माता के दर्शन किए और पीठ के परिसर व संबंधित भूमि का जायजा लिया। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के नेता रामाराव, रंगनाथ, अंकित, महेश, शंकर सहित विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बीकानेर का बढ़ा मान : अभय जैन ग्रन्थालय के निदेशक ऋषभ नाहटा का राष्ट्रीय मंच पर सम्मान



**बीकानेर , 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मरुधरा की सांस्कृतिक राजधानी बीकानेर के लिए आज अत्यंत गौरव का क्षण रहा, जब जयपुर में आयोजित अखिल भारतीय मठ–पीठाधीश्वर समागम के भव्य समारोह में बीकानेर के प्रतिष्ठित अभय जैन ग्रन्थालय के निदेशक ऋषभ नाहटा का संत समाज द्वारा सम्मान किया गया।

श्रीमद्जगद्गुरु श्री रामानंदाचार्य जी के 825वें प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में हो रहे 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ एवं ज्ञान भारतम् मिशन संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार व मंदिर श्री रघुनाथ ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में महंत हरि शंकर दास जी महाराज वेदांती जी द्वारा नाहटा को दुर्लभ जैन, वैदिक एवं संत साहित्य की पांडुलिपियों के संरक्षण, सुव्यवस्थित संकलन तथा डिजिटाइजेशन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

यह भव्य आयोजन पूज्य स्वामी राजेंद्र दास जी देवाचार्य के पावन सान्निध्य तथा जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामकृष्ण आचार्य जी महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर देशभर से पधारे संत–महंतों, महामंडलेश्वरों एवं आचार्यगणों की उपस्थिति में 15 लाख से अधिक दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन का संकल्प लिया गया।

बीकानेर के अभय जैन ग्रन्थालय द्वारा वर्षों से किए जा रहे पांडुलिपि संरक्षण कार्य को विशेष रूप से सराहा गया और निदेशक ऋषभ नाहटा को अंगवस्त्र व सम्मान–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत संस्कृति मंत्रालय के ज्ञान भारतम् मिशन के साथ देश की 215 पांडुलिपि धारक संस्थाओं का ऐतिहासिक अनुबंध हुआ।

इस अवसर पर बीकानेर से मोहित बिस्सा, लवकुमार देराश्री, लक्ष्मीकांत उपाध्याय एवं गौरव आचार्य भी उपस्थित रहे।

# सेंट्रल पीस एंड वेलफेयर कमेटी खैरताबाद (सेंट्रल ज़ोन) की प्रथम बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सेंट्रल पीस एंड वेलफेयर कमेटी खैरताबाद (सेंट्रल जोन) की प्रथम सभा रविवार को घांसी बाजार स्थित गायत्री भवन में अध्यक्ष शशिकांत अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बताया कि हाल ही में हैदराबाद पुलिस आयुक्त द्वारा शहर के विभिन्न जोनों एवं पुलिस थानों के पुनर्गठन के अंतर्गत सेंट्रल जोन का नाम खैरताबाद जोन किया गया है। इस जोन में खैरताबाद, आबिड्स, सैफाबाद, नारायणगुड़ा, सुल्तान बाजार, पंजागुट्टा एवं लेक पुलिस स्टेशन सम्मिलित हैं। उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि आगामी होली, धुलंडी एवं रमजान जैसे पर्वों के दौरान अपने–अपने क्षेत्रों में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने विशेष रूप से अपील की कि होलिका दहन एवं होली के दौरान किसी पर अनावश्यक रूप से रंग न डाला जाए तथा यदि भूलवश ऐसा हो जाए तो आपसी संवाद से स्थिति को शांत किया जाए। सभी त्यौहार प्रेम और भाईचारे के प्रतीक हैं।

सभा में यह भी जानकारी दी गई कि संस्था के कार्याध्यक्ष डॉ. एस. रविंदर कुमार को चिकित्सा क्षेत्र में निःशुल्क सेवाओं के लिए बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड संस्था द्वारा सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर पीस कमेटी की ओर से उनका अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर ऑल ज़ोन जनरल सेक्रेटरी श्रीकिशन शर्मा ने बताया कि शीघ्र ही सभी जोनों की संयुक्त साधारण सभा आयोजित की जाएगी, जिससे आपसी परिचय एवं समन्वय को बढ़ावा मिले। सिकंदराबाद (वेस्ट जोन) के अध्यक्ष नारायण रेड्डी ने भी शांति और सहयोग की भावना से कार्य करने का आह्वान किया। अब्दुल खादर, मोहम्मद अली एवं चंद्रशेखर सहित अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में मालम रमेश, वी. सतीश, मधुसूदन सोमानी, आनंदम्मा सहित कुल 78 सदस्य उपस्थित रहे। सभा का समापन डॉ. एस. रविंदर कुमार के आभार ज्ञापन के साथ हुआ।

# झुंझुनूं प्रगति संघ हैदराबाद इकाई का होली मिलन 15 मार्च को



**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** झुंझुनूं प्रगति संघ की हैदराबाद इकाई का इस वर्ष का होली मिलन समारोह रविवार, 15 मार्च की रात्रि में आयोजित किया जाएगा। यह निर्णय संघ की हाल ही में संपन्न मासिक मेल–मिलाप बैठक में लिया गया।

समारोह में होली उत्सव के साथ राजस्थान के पारंपरिक गीत, ढप–चंग की प्रस्तुतियां तथा विशेष खान–पान का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, इस अवसर पर संघ के नए पदाधिकारियों का चयन भी किया जाएगा।

सभा की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष राजकुमार पसारी ने की तथा उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में उपाध्यक्ष शंकरलाल अग्रवाल एवं कुंज बिहारी मित्तल, सचिव संदीप ढेड़िया, कोषाध्यक्ष नितिन तुलस्यान, निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. दिलीप पंसारी तथा आनंद तुलस्यान ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

संघ पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों से होली मिलन समारोह में सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया।

# सिकंदराबाद हैदराबाद आयरन एंड स्टील मर्चेंट्स एसोसिएशन का होली मिलन समारोह सम्पन्न



**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सिकंदराबाद हैदराबाद आयरन एंड स्टील मर्चेंट्स एसोसिएशन का होली मिलन समारोह रविवार दि. 01 मार्च को जल विहार, नेकलेस रोड, हैदराबाद में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

एसोसिएशन के सदस्य श्याम सुंदर अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों का फूलों एवं ठंडाई से स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजस्थान के बाड़मेर से आए पद्म फ्यूजन बैंड ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, गायन एवं आकर्षक अग्नि नृत्य प्रस्तुत कर सदस्यों और उनके परिवारों का भरपूर मनोरंजन किया।

अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल एवं महासचिव अरुण देवड़ा ने विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया तथा वरिष्ठ सदस्यों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी ने स्वरुचि भोज का आनंद लिया।

अंत में उपाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, संयुक्त सचिव आकाश सोमानी एवं कोषाध्यक्ष अनूप खंडेलिया के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# रन फॉर ए गर्ल चाइल्ड के 10वें संस्करण में 10,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया




**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गच्चीबोवली स्टेडियम रविवार को उस समय ऊर्जा से भर गया जब सेवा भारती तेलंगाना ने अपने प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम रन फॉर ए गर्ल चाइल्ड के ऐतिहासिक 10वें संस्करण का सफल समापन किया। 5के, 10के और 21के श्रेणियों में आयोजित इस दौड़ ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कौशल विकास के माध्यम से जीवन बदलने के एक दशक का जश्न मनाया। इस दौड़ का आयोजन फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स, पालटेक, ग्लोबल डेटा और 75 अन्य कॉर्पोरेट भागीदारों के सहयोग से किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की लड़कियों को सशक्त बनाना है।

दौड़ के 10वीं वर्षगांठ संस्करण को विशिष्ट अतिथियों के एक पैनल द्वारा आधिकारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इनमें भारतीय क्रिकेट की दिग्गज और महिला राष्ट्रीय टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज, हैदराबाद की जिला कलेक्टर श्रीमती हरि चंदना, फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स के सीनियर वीपी (मार्केटिंग) पी. चंद्रशेखर रेड्डी, ग्लोबल डेटा के एमडी राहुल भाटिया, पालटेक की सह–संस्थापक श्रीमती शांति पालरेड्डी, सेवा भारती की उपाध्यक्ष डॉ. सुमलता और अन्य कॉर्पोरेट जगत की हस्तियां शामिल रहीं। इस आयोजन ने शहरी मलिन बस्तियों में रहने वाली लड़कियों के सामाजिक–आर्थिक उत्थान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक शक्तिशाली मंच के रूप में कार्य किया।

मिताली राज ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि हजारों हैदराबादियों को इस नेक काम के लिए दौड़ते देखना प्रेरणादायक है। जिला कलेक्टर श्रीमती हरि चंदना ने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। सेवा भारती तेलंगाना की संयुक्त सचिव जयप्रदा देवी ने जानकारी दी कि पिछले दस वर्षों में रन फॉर ए गर्ल चाइल्ड ने 35,000 से अधिक लड़कियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। उन्होंने बताया कि आज होने वाला प्रत्येक पंजीकरण सीधे तौर पर इन लड़कियों को स्वतंत्र और सफल भविष्य बनाने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने में योगदान देता है।फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स के सीनियर वीपी श्री पी. चंद्रशेखर रेड्डी ने कहा कि एक लड़की की शिक्षा में निवेश करना राष्ट्र निर्माण में सबसे सार्थक योगदान है। उन्होंने इसे समावेशी विकास के प्रति एक निरंतर प्रतिबद्धता बताया। वहीं, कंपनी के जनरल मैनेजर (मार्केटिंग) चेतन पिंपलखुटे ने कहा कि यह पहल सामाजिक जिम्मेदारी के साथ स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के उनके दर्शन के अनुरूप है। फिटनेस को सशक्तिकरण से जोड़कर, इस मंच ने हर प्रतिभागी को एक बड़े मिशन का हिस्सा बना दिया है।

# पीपल्स प्लाज़ा में महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु रन फॉर वूमेन का आयोजन



**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पीपल्स प्लाज़ा, नेकलेस रोड पर महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य एवं सामाजिक एकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मैराथन रन, रन फॉर वूमेन एवं जुम्बा डांस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।इस अवसर पर तेलुगु कलाकार माइकल, प्रदीप एवं मनोज ने गीत–संगीत और नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित प्रतिभागियों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम के दौरान चाय–नाश्ते एवं भोजन की भी समुचित व्यवस्था की गई।सांस्कृतिक संयोजिका श्रीमती सपना विमल गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज के सभी वर्गों को एकजुट करने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

कार्यक्रम में दक्षिणांचल प्रमुख स्मिता गोलस, जौली, शिल्पी, अल्का, मनीषा, कामाक्षी सहित अनेक महिलाएं एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# बेगम बाजार में किया गया अन्नदान



**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में बेगम बाजार स्थित भू देवी माता मंदिर के पास गौशाला के सामने रविवार को नियमित अन्नदान किया गया। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल धरसुवाले, गोविंद राम पचेरिया, विनोद तोषनीवाल, नीलम विजयवर्गीय, लता गोयल, शर्मिला अग्रवाल, अर्चना शास्त्री आदि उपस्थित थे।

# भविष्य के युद्ध स्वदेशी, प्रौद्योगिकी–आधारित क्षमताओं से तय होंगे : लेफ्टिनेंट जनरल साहनी

**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कोर ऑफ ईएमई के कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल राजीव कुमार साहनी ने भविष्य के संघर्षों के लिए स्वदेशी तकनीक विकसित करने की जरूरत पर जोर देते हुए शनिवार को कहा कि आने वाले वर्षों में किसी भी देश की परिचालन तैयारी और रणनीतिक क्षमता बहु–डोमेन अभियानों, उन्नत डाटा फ्यूजन और मिशन–उन्मुख आर्किटेक्चर पर निर्भर करेगी। उन्होंने 27–28 फरवरी को सिकंदराबाद स्थित मिलिट्री कॉलेज ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग (एमसीईएमई) में आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य के युद्धक्षेत्र में थल, वायु और समुद्री डोमेन का निर्बाध एकीकरण आवश्यक होगा। यह संगोष्ठी 'मुख्यालय सेना प्रशिक्षण कमान' के तत्वावधान में रोबोटिक्स, स्वायत्त ड्रोन प्रणालियों और योगशील विनिर्माण विषय पर आयोजित की गयी थी। उन्होंने स्वायत्त प्रणालियों को अपनाते समय अंतर–संचालनीयता, साइबर सुदृढ़ता और मानवीय निगरानी के महत्व को रेखांकित किया तथा 'मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' दृष्टि के अनुरूप राष्ट्रव्यापी दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। अपने उद्घाटन संबोधन में लेफ्टिनेंट जनरल नीरज वार्ष्णेय ने कहा कि सटीकता, गति और तकनीकी परिवर्तन संघर्ष की प्रकृति को पुनर्परिभाषित कर रहे हैं, जिससे डाटा के प्रभावी उपयोग और समेकित संज्ञानात्मक–भौतिक क्षमताओं का महत्व बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वायत्त रोबोटिक प्रणालियां और योगशील विनिर्माण मिलकर अगली पीढ़ी की युद्ध–सज्जित प्रणालियों को परिभाषित करेंगी, जो एकीकृत, नेटवर्क आधारित और अत्यधिक मारक क्षमता वाले भविष्य के युद्धक्षेत्र का निर्माण करेंगी।

# केटीआर ने बुलडोजर राज के खिलाफ मूसी दांडी मार्च निकाला

**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव ने रविवार को तेलंगाना की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के पद संभालने के बाद से राज्य में बुलडोजर राज चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ और नागरिकों का उत्पीड़न अब दिनचर्या बन गया है।




**विस्थापित परिवारों के समर्थन में 3.5 किलोमीटर की पदयात्रा**

केटीआर ने मूसी नदी परियोजना से प्रभावित परिवारों द्वारा आयोजित मूसी दांडी मार्च में हिस्सा लिया और राजेंद्रनगर क्षेत्र में 3.5 किलोमीटर लंबी पदयात्रा की। इस दौरान उन्होंने हैदर शाह कोट और मधु पार्क रिज अपार्टमेंट के निवासियों से मुलाकात कर उनकी व्यथा सुनी और बेदखली का सामना कर रहे परिवारों को सांत्वना दी। मार्च में हजारों की संख्या में स्थानीय निवासी शामिल हुए, जिन्होंने तोड़फोड़ के खिलाफ नारेबाजी की और अपने घर खोने के डर को व्यक्त किया।

**मूसी परियोजना को बताया 'रियल एस्टेट घोटाला'**

एक जनसभा को संबोधित करते हुए केटीआर ने आरोप लगाया कि मूसी परियोजना का इस्तेमाल हजारों घरों को निशाना बनाने और एक बड़े रियल एस्टेट घोटाले को अंजाम देने के बहाने के रूप में किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब इन इमारतों को पहले आधिकारिक अनुमतियां मिल चुकी थीं, तो अब निवासियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों की जा रही है? केटीआर ने मुख्यमंत्री की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार मध्यम वर्गीय और गरीब परिवारों को उनके घरों से बाहर धकेल कर महंगे आधिकारिक बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दे रही है।

**बीआरएस देगी कानूनी और राजनीतिक समर्थन**

केटीआर ने दावा किया कि पिछली बीआरएस सरकार के दौरान मूसी पुनरुद्धार के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की गई थी, जिसमें एक भी परिवार को विस्थापित नहीं किया गया था। उन्होंने प्रभावित परिवारों से एकजुट रहने और किसी भी दबाव में न आने का आग्रह किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि बीआरएस पीड़ितों को पूर्ण कानूनी और राजनीतिक समर्थन प्रदान करेगी और मांग की कि राज्य सरकार मूसी परियोजना के नाम पर की जा रही तोड़फोड़ को तत्काल रोके।

# ईरान और खाड़ी देशों में युद्ध के हालात : रेवंत रेड्डी ने प्रवासियों को किया सतर्क

**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने ईरान और खाड़ी देशों में रह रहे तेलुगु मूल के लोगों को क्षेत्र में जारी युद्ध की स्थिति को देखते हुए अत्यंत सतर्क रहने की सलाह दी है। मुख्यमंत्री ने आज एक विशेष वक्तव्य जारी कर प्रवासियों की सुरक्षा के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की।मुख्यमंत्री ने ईरान और अन्य खाड़ी देशों में रह रहे नागरिकों से आग्रह किया कि वे भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों द्वारा समय-समय पर जारी किए जा रहे सुरक्षा दिशा-निर्देशों, निर्देशों और चेतावनियों का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि



सुरक्षा मानकों की अनदेखी भारी पड़ सकती है, इसलिए सरकारी सूचनाओं के संपर्क में रहना अनिवार्य है।

रेवंत रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना सरकार ईरान और पड़ोसी देशों में रह रहे अपने निवासियों की स्थिति की निरंतर निगरानी कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे हर समय तैयार रहें और केंद्र सरकार के साथ-साथ भारतीय राजनयिक मिशनों के साथ समन्वय बनाए रखें ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उचित कार्रवाई की जा सके।मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि यदि कोई आपात स्थिति उत्पन्न होती है, तो राज्य सरकार तेलुगु लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर सभी आवश्यक कदम उठाएगी।

उन्होंने जोर देकर कहा कि तेलंगाना के लोगों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले सभी तेलुगु लोग सुरक्षित रहेंगे और जल्द ही स्थितियाँ सामान्य होंगी।

# बेगमपेट में जुटे विभिन्न राजनीतिक दलों के दिग्गज

## तेलंगाना की वर्तमान राजनीति पर हुई गहन चर्चा



**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बेगमपेट स्थित टूरिस्ट प्लाजा मेंविभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुखों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्रजा एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोनाला श्रीनिवास की अगुवाई में आयोजित इस बैठक में तेलंगाना राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों और भविष्य की चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस उच्च स्तरीय चर्चा में कई राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए। बैठक में उपस्थित प्रमुख नेताओं में सदानंद रेड्डी (पीपुल्स प्रोटेक्शन पार्टी), के.बी. श्रीधर (इंडियन प्रजा कांग्रेस), के.एस.आर. गौड़ा (जय स्वराज पार्टी), वी.जी.आर. नारगोनी (राज्याधिकार पार्टी), और मेजबान बोनाला श्रीनिवास (प्रजा एकता पार्टी) शामिल रहे। इनके अलावा हसन शेख (आबाद पार्टी), बसावय्या (आर सीपीआई) और एम. नरसैया (न्यू इंडिया पार्टी) ने भी शिरकत की।

बैठक की खास बात यह रही कि भूतं वीरैया (सीपीआई (एमएल)) ने इस चर्चा में ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और राज्य के राजनीतिक परिदृश्य पर अपने सुझाव दिए। बैठक के दौरान राज्य की मौजूदा सरकार की नीतियों, जनहित के मुद्दों और आने वाले समय में राजनीतिक गठबंधन या साझा मोर्चे की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

प्रजा एकता पार्टी के अध्यक्ष बोनाला श्रीनिवास ने सभी नेत-ाओं का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य के विकास और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए समान विचारधारा वाले दलों का एक मंच पर आना आवश्यक है। उपस्थित सभी नेताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने और तेलंगाना की प्रगति के लिए निरंतर संवाद जारी रखने पर सहमति जताई।

# मल्लूर मंदिर को विश्व स्तरीय आध्यात्मिक केंद्र बनाएगी सरकार : पोंगुलेटी









**वरंगल, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना में मंदिर पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने रविवार को घोषणा की कि राज्य सरकार मुलुगु जिले के मंगपेट मंडल स्थित ऐतिहासिक श्री हेमाचला लक्ष्मी नरसिंहा स्वामी मंदिर को विश्व स्तरीय आध्यात्मिक गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

**गोदावरी बेल्ट में बनेगा भव्य टेंपल टूरिज्म सर्किट**

इस अवसर पर संबोधित करते हुए मंत्री पोंगुलेटी ने कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में जन सरकार बासर से भद्राचलम तक गोदावरी नदी के किनारे स्थित सभी प्रमुख मंदिरों को जोड़कर एक टेंपल टूरिज्म सर्किट तैयार करने के लिए एक विस्तृत रोडमैप बना रही है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि इस पहल का उद्देश्य न केवल आध्यात्मिक उत्थान है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करना है। इस सर्किट पर काम जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है, जिससे तीर्थयात्रियों को एक सहज और बेहतर अनुभव मिल सकेगा।

**वैदिक मंत्रोच्चार और पूर्णकुंभम से हुआ मंत्रियों का स्वागत**

इससे पहले, राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने पंचायत राज मंत्री सीताक्का, महबूबाबाद सांसद पोरिका बलराम नायक और विधायक तेलाम वेंकटराव व पायम वेंकटेश्वरलू के साथ मंदिर का दौरा किया। मंदिर के पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच "पूर्णकुंभम" के साथ उनका पारंपरिक स्वागत किया। मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने पीठासीन देवता को "पट्टू वस्त्रम" अर्पित किए और विशेष पूजा-अर्चना की। पुजारियों ने अतिथियों को स्वयंभू प्रतिमा के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में जानकारी दी।

**बुनियादी ढांचे का होगा त्वरित विकास**

क्षेत्रीय मंत्री सीताक्का के विशेष अनुरोध पर, मंत्री श्रीनिवास रेड्डी ने आश्वासन दिया कि मल्लूर मंदिर में बुनियादी ढांचे का विकास तेजी से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुलुगु क्षेत्र पहले से ही कई प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का घर है और सरकार प्राचीन स्थलों की पवित्रता बनाए रखते हुए आधुनिक सुविधाएं बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस कार्यक्रम में जिला कलेक्टर टी.एस. दिवाकर, पुलिस अधीक्षक सुधीर रामनाथ केकन, अतिरिक्त कलेक्टर महेंद्र, मंदिर ईओ महेश और ट्रस्ट बोर्ड के सदस्य सहित कई स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# विपक्ष का दुष्प्रचार विफल, जनता ने फिर जताया कांग्रेस पर भरोसा



**नलगोंडा, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** प्रदेश के राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने रविवार को विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार को मिल रहे भारी जनसमर्थन से घबराकर विपक्षी दल झूठे प्रचार का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता अब विपक्ष की साजिशों को समझ चुकी है और लगातार कांग्रेस के साथ खड़ी है।मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री डी. अनसूया (सीताक्का) के साथ भद्राचलम विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित कांग्रेस सरपंचों के सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दो साल पहले विधानसभा चुनावों से शुरू हुई कांग्रेस की लहर हाल ही में संपन्न नगर निकाय चुनावों में भी जारी रही और भविष्य के चुनावों में भी यही उत्साह बना रहेगा। उन्होंने विपक्षी दलों पर सरकार की छवि धूमिल करने के लिए कीचड़ उछालने का आरोप लगाया।पूर्ववर्ती सरकार की आल-ोचना करते हुए मंत्री ने कहा कि बीआरएस के दस साल के शासन ने तेलंगाना को कर्ज के जाल में धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि गठन के समय तेलंगाना एक मसरप्लस बजटफ वाला राज्य था, लेकिन पिछली सरकार की नीतियों ने इसकी वित्तीय स्थिति बिगाड़ दी।

उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस नेता कांग्रेस सरकार द्वारा लागू की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को पचा नहीं पा रहे हैं, क्योंकि इन योजनाओं से सत्ताधारी दल की लोकप्रियता और बढ़ी है।मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और कैबिनेट के खिलाफ विपक्षी टिप्पणियों पर पलटवार करते हुए पोंगुलेटी ने कहा कि विपक्ष में सच स्वीकार करने का साहस नहीं है। उन्होंने विश्वास जताया कि अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 10 और सीटें जीतकर फिर से सत्ता में आएगी। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों का जिक्र करते हुए आश्वासन दिया कि अविभाजित आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई. राजशेखर रेड्डी के समय शुरू हुई मपालेम वागुफ परियोजना को अगली मानसूनी फसल तक पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही राला वागु पुल का काम भी जल्द संपन्न होगा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सीताक्का ने नवनिर्वाचित महिला सरपंचों और वार्ड सदस्यों को प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वतंत्र रूप से कार्य करना चाहिए और यह साबित करना चाहिए कि वे एक प्रभावी प्रशासन देने में सक्षम हैं। कार्यक्रम में महबूबाबाद के सांसद पोरिका बलराम नायक और भद्राचलम विधायक तेलाम वेंकट राव भी उपस्थित थे।

# शारदा पीठम की भूमि पर सूचना के अभाव में हुआ भ्रम : श्रीधर बाबू





**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के आईटी और उद्योग मंत्री दुद्दीला श्रीधर बाबू ने आज कोकापेट स्थित श्रीशारदा पीठम की भूमि से जुड़े विवाद पर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि शारदा पीठम की जमीन को लेकर पैदा हुआ भ्रम केवल सही जानकारी के अभाव के कारण था। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह भूमि पीठम की ही है और अब इस मामले में कोई अस्पष्टता नहीं रह गई है।मंत्री श्रीधर बाबू ने श्री शारदा पीठम का दौरा किया और वहां निर्माणाधीन राजा श्यामला अम्मावारी मंदिर व अन्य संरचनाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने उत्तरा पीठाधिपति स्वात्मानंदेंद्र सरस्वती स्वामीजी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीठम की धार्मिक गतिविधियों और हालिया घटनाक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। मीडिया से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी धर्मों का समान रूप से सम्मान करती है और तथ्यों के सामने आने पर गलतियों को सुधारने में कोई संकोच नहीं करती।श्रीधर बाबू ने आरोप लगाया कि भाजपा और बीआरएस के कुछ नेता अपने निजी फायदे के लिए झूठा प्रचार कर रहे हैं और धार्मिक मुद्दों को राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार बुलडोजर संस्कृति में विश्वास नहीं रखती और कानूनी माध्यमों से सार्वजनिक व मंदिर की जमीनों को अतिक्रमण से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की गलत सूचना का शिकार न हों।

# युद्ध के तनाव के बीच दुबई हवाई अड्डे पर फंसी पीवी सिंधु, मंचू विष्णु

**हैदराबाद, 01 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते युद्ध तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु, अभिनेता मंचू विष्णु और कई तेलुगु हस्तियां दुबई हवाई अड्डे पर फंसी हुई हैं।सिंधु और विष्णु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट के माध्यम से इसकी जानकारी दी।

सिंधु तीन मार्च से शुरू होने वाली अखिल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बर्मिंघम जा रही थीं, हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों और सुरक्षा चिंताओं के कारण हवाई अड्डे का संचालन निलंबित होने के बाद दुबई में रुकने के लिए मजबूर हो गईं। वह अपने कोच इरवान्सिया आदि प्रतामा के साथ वहीं फंसी हुई है।अपनी पोस्ट में सिंधु ने कहा कि वे जानलेवा स्थिति से बाल-बाल बची।

उन्होंने पास में हुए एक विस्फोट और आकाश में मिसाइलों की आवाज़ों का वर्णन किया, जो दहशत फैला रही थी।उन्होंने कहा कि दुबई अधिकारियों और भारत सरकार की समयबद्ध कार्रवाई से उनकी टीम को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने में मदद मिली।

सिंधु ने दुबई हवाई अड्डे के कर्मचारियों और दुबई स्थित भारतीय उच्चायोग को उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।अपने परिवार के साथ दुबई में मौजूद अभिनेता मंचू विष्णु ने भी वीडियो और पोस्ट साझा किया और आसमान में तेज आवाजों और मिसाइलों से मची दहशत का वर्णन किया। स्थिति सामान्य होने का इंतजार करते हुए हजारों यात्री हवाई अड्डे पर फंसे हुए हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.